समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 66,589.93 | 19,711.45 |

तापमान
अधिकतम 34 °C
न्यूनतम 27 °C

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



केंद्रीय विवि में प्रवेश के लिए सीयूईटी परिणाम घोषित पेज-02

सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक पेज-03

वर्ष 10 | अंक 327 | लखनऊ, 18 जुलाई मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

### राजनाथ और गडकरी ने दी लखनऊ को 3300 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

# लखनऊ में बन रही मिसाइल दुश्मनों के दांत खट्टे करेगी : सीएम योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सोमवार को संयुक्त रूप से 3300 करोड़ से अधिक के निवेश से दो राष्ट्रीयराजमार्ग परियोजनाएं लखनऊ-सीतापुर खंड के मड़ियांव आईआईएम क्रॉसिंग पर चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर एवं अलीगढ़ -कानपुर खंड के नवीगंज से मित्रसेनपुर का चार लेन चौड़ीकरण के लोकार्पण के साथ ही लखनऊ जिले के लिए 475 करोड़ की 164 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हमारा लखनऊ तेजी से विकास कर रहा है। लखनऊ समेत पूरे उत्तर प्रदेश का जो नया अध्याय लिखा जा रहा है,उसमें प्रधानमंत्री मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन का भरपूर योगदान है। मुख्यमंत्री योगी ने एक नया उत्तर प्रदेश बनाने का लक्ष्य रखा है। उसे पूरा करने में पूर्ण मनोयोग के साथ लगे हुए हैं। योगी उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का जो लक्ष्य रखा है, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी होकर रहेगी। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक नहीं बल्कि छह एक्सप्रेस-वे बन गए हैं।08 एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। अगले कुछ वर्षों में छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचा खड़ा करने में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।आज भारत दुनिया की पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। यह चमत्कार नहीं तो और क्या है? भारत में तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है।



#### 2014 से पहले कमजोर था देश का इंफ्रास्ट्रक्चर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के पहले की केंद्र सरकार अनिर्णय की शिकार थी। देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर कमजोर था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई योजनाएं ही आगे बढ़ पा रही थी। कोई नया प्रोजेक्ट नहीं था। भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। इससे आमजनमानस के मन में सरकार को लेकर अविश्वास था। लेकिन पिछले नौ वर्षों में नई-नई योजनाएं सामने आईं और भारत सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ। आज दुश्मन टेढ़ी निगाहों से भारत की तरफ नहीं देख सकता है। सीएम योगी ने सोमवार को आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में आयोजित 3,300 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।

#### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के मड़ियांव आईआईएम क्रॉसिंग पर 04 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर एवं अलीगढ़-कानपुर खंड के नवीगंज से मित्रसेनपुर का 04 लेन का लोकार्पण किया। साथ ही लखनऊ के लिए 475 करोड़ रुपये की 164 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री वीके सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरूण और अन्य नेता मौजूद थे।

# देशभर में 1.40 लाख किग्रा नशीले पदार्थ किए नष्ट

### इस लड़ाई को जीतने के लिए जागरूकता पैदा करना होगा : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में ड्रग्स तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। गृह मंत्री की उपस्थिति में सभी राज्यों के एएनटीएफ के समन्वय से एनसीबी द्वारा शीघ्र ही देश के विभिन्न हिस्सों में 1,44,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स को नष्ट किया गया।

बैठक के दौरान अमित शाह ने कहा कि मैं सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों से इस कदम को सभी राज्यों में लागू करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को जीतने के लिए सबसे बड़ा कदम अधिकतम जागरूकता पैदा करना है। जब तक हम युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं फैलाएंगे, तब तक हम इस लड़ाई को नहीं जीत पाएंगे।



#### मादक पदार्थ नष्ट किये गये

गृह मंत्री ने कहा कि आज कुल 1,44,000 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं। इसके लिए मैं सभी राज्यों और एनसीबी को धन्यवाद देता हूं क्योंकि हम इस अभियान के माध्यम से 2,378 करोड़ रुपये की दवाओं को नष्ट करने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2006-13 में कुल 1250 मामले दर्ज हुए थे और 2014-23 तक 3700 मामले दर्ज हुए हैं जो बताता है कि हम 200 प्रतिशत की वृद्धि कर पाए हैं। कुल गिरफ्तारी पहले 1060 हुए थे और हमने 5,650 की गिरफ्तारी की है जो 300 प्रतिशत की वृद्धि बताता है। शाह ने कहा कि पहले 1.52 लाख किलो ड्रग्स जब्त हुए थे और आज 3.94 लाख किलो हुआ है जो 160 प्रतिशत की वृद्धि बताता है।

#### अधिकारियों ने क्या कहा

अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आभासी उपस्थिति में सोमवार को देश के विभिन्न हिस्सों में 2,381 करोड़ रुपये की 1.40 लाख किलोग्राम से अधिक दवाएं नष्ट कर दी गईं। नशीले पदार्थों का विनाश, जिनमें से अधिकांश मध्य प्रदेश से थे, विभिन्न शहरों में किए गए, जैसा कि शाह ने ड्रग्स तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक सम्मेलन में भाग लेने के दौरान नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा। अधिकारियों ने बताया कि नष्ट की गई दवाओं में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की हैदराबाद इकाई द्वारा जब्त की गई 6,590 किलोग्राम, इंदौर इकाई द्वारा जब्त की गई 822 किलोग्राम और जम्मू इकाई द्वारा जब्त की गई 356 किलोग्राम दवाएं शामिल हैं।

## इसरो ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की दूसरी कक्षा बढ़ाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की दूसरी कक्षा बढ़ाने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यहां मुख्यालय वाली राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को कहा कि अंतरिक्ष यान अब 41603 किमी एक्स 226 किमी की कक्षा में है। अगली फायरिंग मंगलवार को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच करने की योजना है। बता दें कि भारत के लिए 14 जुलाई का दिन ऐतिहासिक रहा, क्योंकि आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग हुई। इसरो ने एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। इसी के साथ ही सभी की सांसें एक बार फिर से थम गई हैं, क्योंकि चंद्रयान-3 की 23 अगस्त को चंद्रमा के सतह पर लैंडिंग होगी।

## सरकार में चल रहा महंगाई का अमृतकाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने व्यंग किया कि भाजपा सरकार में महंगाई का अमृतकाल चल रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में महंगाई को लेकर जनता से झूठा वादा किया। भाजपा की आर्थिक नीतियां पूरी तरह से विफल हैं। महंगाई को लेकर पूरे देश में हाहाकार मचा है। सपा मुखिया ने सोमवार को कहा की भाजपा सरकार जबसे सत्ता में आई है महंगाई निरंतर बढ़ रही है। डीजल, पेट्रोल, गैस, रसोई गैस की कीमतें पहले से ही बढ़ी हुई हैं। अखिलेश ने कहा कि सब्जियों के आसमान छूती कीमतों ने जनता की कमर तोड़ दी है। लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता कराह रही है। सरकार को बताना चाहिए कि आखिर इस महंगाई का मुनाफा किसकी जेब में जा रहा है? अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नीतियां गरीब, किसान, मध्यमवर्ग विरोधी हैं। आम जनता को भाजपा झूठे वादों के जरिए गुमराह कर रही है।



### संक्षिप्त

#### पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में तीन लोगों को उम्रकैद

**गांधीनगर।** गुजरात की एक सत्र अदालत ने जासूसी करने और भारत के सैन्य ठिकानों के बारे में गोपनीय जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) को लीक करने के आरोप में सोमवार को तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंबालाल पटेल की अदालत ने मौत की सजा के लिए अभियोजन पक्ष की अपील खारिज कर दी और कहा कि तीनों व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

#### हम सब मिलकर एक नई राह बनाएंगे : जयंत चौधरी

**नई दिल्ली।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के अपने प्रयासों के तहत कम से कम 26 विपक्षी दलों के नेता 17-18 जुलाई को बेंगलुरु के एक होटल में जुटेंगे। बैठक में शामिल होने को लेकर विपक्षी दल के नेता बेंगलुरु पहुंचने भी लगे हैं। इस बार की बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी भी शामिल हुए हैं। वह 23 जून को पटना में हुए बैठक में शामिल नहीं हो पाये थे।

#### नदी में डूबने से एक ही परिवार की तीन लड़कियों की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में नदी में डूबने से दो सगी बहनों समेत एक ही परिवार की तीन लड़कियों की मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर से 11 किलोमीटर दूर सेंदरी गांव के करीब सोमवार की सुबह अरपा नदी में डूबने से तीन लड़कियों पूजा पटेल (18), रितु पटेल (14) और 11 वर्षीय धनेश्वरी पटेल की मृत्यु हो गई। पूजा और रितु सगी बहने हैं।

## यूपी पुलिस की हिरासत में सीमा हैदर

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर को सोमवार को एटीएस की टीम अपने साथ लेकर गई। सचिन को भी पूछताछ के लिए एटीएस की टीम साथ लेकर गई है। हाईटेक तकनीक से सीमा से एटीएस पूछताछ करेगी। पुलिसकर्मियों ने पहले गली के दोनों तरफ का रास्ता रोका और उसके बाद सीमा हैदर को बाहर निकालकर लेकर गए। वहीं घर के लोग दरवाजा बंद कर अंदर है। पाकिस्तान के कराची से नेपाल के रास्ते नोएडा पहुंचने वाली सीमा हैदर पर आईएसआई का एजेंट होने का शक है। बता दें कि पुलिस टीम और सुरक्षा एजेंसियां सीमा हैदर के मामले को लेकर पूरी तरह से सजग हैं। हाल ही में पाकिस्तानी जासूस होने की आशंका में सीमा को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।



● पाकिस्तानी नेटवर्क की होगी जांच, गिरफ्तारी की लटकी तलवार

### दारा सिंह चौहान भाजपा में शामिल, भूपेंद्र चौधरी ने कहा-

# सभी 80 सीटें जीतने का संकल्प पूरा करेंगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

मऊ जिले की घोसी सीट से समाजवादी पार्टी के निवर्तमान विधायक दारा सिंह चौहान सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले दारा सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर उन्हें सपा विधायक पद से अपना इस्तीफा सौंपा। भाजपा में शामिल होने के बाद दारा सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की। कहा जा रहा है कि पूर्वांचल के चौहान (नोनिया) वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखने वाले दारा सिंह को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में दारा सिंह पार्टी में शामिल हुए। उनके साथ पंचायत प्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक भी पार्टी में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दारा सिंह को पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि दारा सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं। दारा सिंह के पार्टी में आने से भाजपा के अंत्योदय संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा 80 लोकसभा सीटें जीतने के अपने लक्ष्य को शत् प्रतिशत प्राप्त करेगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर और राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद थे। सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।



## अहीर रेजीमेंट के बहाने वोट बैंक साधने में जुटी सपा

#### खोई हुई विरासत की तलाश में शिवपाल



**इटावा (समृद्धि न्यूज़)।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ कई राज्यों के यादव समाज के लोग इसमें शामिल हुए। इनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग सपा के थे। इस सम्मेलन को सपा के परंपरागत सजातीय वोट बैंक पर अपनी पकड़ मजबूत करने और अन्य राज्यों में प्रभाव जमाने के नजरिये से भी देखा जा रहा है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के साथ कई राज्यों के यादव समाज के लोग इसमें शामिल हुए। इनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग सपा के थे। इस सम्मेलन को सपा के परंपरागत सजातीय वोट बैंक पर अपनी पकड़ मजबूत करने और अन्य राज्यों में प्रभाव जमाने के नजरिये से भी देखा जा रहा है। पार्टी की नजर इटावा-औरैया, फिरोजाबाद और कन्नौज जिलों में भी है। यहां परंपरागत यादव वोटरों की संख्या ज्यादा है, लेकिन पार्टी यहां दो बार से संसदीय सीटें नहीं जीत सकी है। माना जा रहा है कि यादवों को एकजुट कर शिवपाल यहां की खोई विरासत वापस पाना चाहते हैं।

## यूपी में 427 फार्मेसी कॉलेज की एनओसी रद

### बोर्ड ने निरस्त की डी-फार्मा कोर्स की मान्यता शासन के निर्देश पर हुई थी जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

यूपी के 427 फार्मेसी कॉलेज के खिलाफ एक्शन लिया गया हैं। डी फार्मा यानी डिप्लोमा इन फार्मेसी कोर्स के लिए प्रदेश के 427 निजी कॉलेजों को मिली एनओसी निरस्त कर दी गई है। बड़ी बात यह हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद सभी 75 जिलों के डीएम ने जांच की थी। जांच में 427 कॉलेजों की एनओसी जारी करने में गड़बड़ी की पुष्टि हुई। इनमें लखनऊ के भी तीन कॉलेज शामिल हैं।इन सभी 427 कॉलेज की मान्यता रद करते हुए लाइफटाइम कोर्स चलाने पर पाबंदी लगा दी गई। एनओसी जारी होने के बाद एफिडेविट में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर शासन ने जिलों में डीएम स्तर से जांच कराई गई। डीएम के लेवल पर एफिडेविट में बताई गई बातों की फिजिकल जांच कराने पर खेल खुला है। फार्मेसी कॉलेज चलाने के लिए एनओसी लेने वालों ने जमकर गुमराह करने का काम किया है। कुछ महाविद्यालय तो ऐसे निकले कानपुर देहात में कॉलेज चला रहे हैं और एफिडेविट में उरई की जमीन को दिखा दिया है। इसी तरह डिग्री या इंटर कॉलेज की जमीन को भी एफिडेविट में दिखाया गया है। मौके पर जांच में वहां पर कोई भवन ही नहीं मिला। सत्र 2023-24 के लिए पोर्टल खुलने पर 1243 कॉलेजों को एनओसी जारी कर दी गई। इसमें गड़बड़ी की शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने 23 मार्च को जांच के आदेश दिए थे।



### बाढ़ के बाद दिल्ली में अब बीमारियों का खतरा

## सामने आए डेंगू के 27 मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भले ही यमुना के जलस्तर में गिरावट देखी गई लेकिन अभी भी कई इलाकों में जलभराव की स्थिति है। यही कारण है कि दिल्ली में अब बीमारियों का भी खतरा बढ़ सकता है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बड़ा बयान दिया है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी विभागों को राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ के बाद की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कंजंक्टिवाइटिस और त्वचा एलर्जी के मामले ज्यादातर दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के मद्देनजर बनाए गए राहत शिविरों से सामने आ रहे हैं।

## प्रवीण हत्या मामले में एनआईए ने आरोपी के घर चिपकाया नोटिस

**मंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उप्पिनंगडी में भाजयुमो के कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू हत्याकांड में आरोपी को सरेंडर करने के लिए कहा है। एनआईए ने हत्याकांड में से एक एक आरोपी ए मसूद के घर का दौरा किया और उसके घर पर अदालत का नोटिस चिपकाया है।

एनआईए ने नोटिस में 18 अगस्त से पहले सरेंडर करने के लिए कहा है। आरोपी ए मसूद फरार चल रहा है। एनआईए अधिकारियों ने कहा कि अगर मसूद ने तय समय सीमा के भीतर अदालत में आत्मसमर्पण नहीं किया, तो उसका घर कुर्क कर लिया जाएगा।

● 18 अगस्त तक सरेंडर करने के लिए दिया समय

मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों के आत्मसमर्पण के लिए नई समय सीमा जारी करने के बाद शनिवार को सुलिया में अधिकारियों ने इसी तरह की घोषणा की। अधिकारियों ने नेक्किलाडी गांव के बस स्टैंड पर अदालत का नोटिस भी चिपकाया।

### होगी भारी बारिश | गंगा खतरे के निशान से ऊपर, उत्तर प्रदेश में वर्षा से सम्बंधित मौतें

# दिल्ली में यमुना फिर बढ़ी, उत्तराखंड में भारी बारिश व भूस्खलन का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई जिससे बाद कई जगहों पर भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण कई सड़कें अवरुद्ध हो गईं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और भैरों मार्ग सहित कुछ सड़कों को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। अलकनंदा नदी पर बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण उत्तराखंड के देवप्रयाग में गंगा खतरे के निशान को पार कर गई और हरिद्वार में चेतावनी स्तर को पार कर गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों के दौरान उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रविवार को उत्तराखंड में कई जगहों पर बारिश हुई, जिससे भूस्खलन हुआ, जिससे बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई सड़कें अवरुद्ध हो गईं। %ऑरेंज% अलर्ट अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी के रूप में जारी किया जाता है, जिसमें सड़क और नालियों के बंद होने और बिजली आपूर्ति में रुकावट के साथ आवागमन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना होती है। चमोली जिले के जोशीमठ में नीती घाटी में गिरथी गंगा नदी में मलबा और अतिरिक्त पानी आने के कारण जोशीमठ-मलारी सड़क पर एक पुल का एबटमेंट भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में काली नदी का जल स्तर 889 मीटर के चेतावनी स्तर को पार कर गया है, जबकि गंगा सहित कई अन्य नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं। रविवार शाम को दिल्ली के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में 13.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि सोमवार को दिल्ली में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ेंगी। सड़कों पर पानी भर जाने और यातायात बाधित होने से राहत अल्पकालिक थी क्योंकि शाम की बारिश से जलभराव की समस्या फिर से सामने आ गई।



#### उत्तर प्रदेश में वर्षा से संबंधित मौतें

उत्तर प्रदेश राहत आयोग ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई है। उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि मथुरा में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार करने के बाद लगातार बढ़ रहा है। मौसम कार्यालय के अनुसार, राज्य में रात 8 बजे समाप्त 24 घंटों में 1.02 सेंटीमीटर की सामान्य बारिश दर्ज की गई। राज्य के 75 जिलों में से 32 में अत्यधिक बारिश दर्ज की गई।

# विवाहिता ने लगाई फांसी

**आत्महत्या** भाई ने बहनोई पर पीटकर मार डालने का लगाया आरोप



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

बीकेटी थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने इसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए।

वहीं बीकेटी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बीकेटी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का मजरा मोहम्मदपुर सरैयां गांव में प्रापर्टी डीलर पवन गुप्ता की पत्नी सुनीता ( 32 ) ने पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को साढ़े आठ बजे हुई इस घटना की सूचना लोगों ने बख्शी का तालाब थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं सूचना पाकर मृतका के परिजन गांव पहुंच। जहां उन्होंने पति प्रापर्टी डीलर पवन गुप्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को बीकेटी थाना में बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं। इस संबंध में मृतका के भाई लाल बाबू जयसवाल ने लिखित तहरीर दी है। जिसमें भाई ने बहनोई पवन गुप्ता पर बहन को पीट पीटकर मार डालने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई का आरोप है कि मृतका की बड़ी बेटी ने बताया है कि पिता पवन गुप्ता के किसी आयरा नाम की महिला से सम्बन्ध थे। जिसके चलते मम्मी से रोज विवाद होता था। वाद-विवाद में पापा-मम्मी से मारपीट करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन गुप्ता प्रापर्टी डीलर का काम करते है। उनकी शादी नवंबर 2007 में सुनीता निवासी ई 4/586 विनय खंड गोमतीनगर लखनऊ से हुई थी। उनके तीन बच्चे बेटी वैष्णवी गुप्ता 14 ,बेटा कुणाल 12 और छोटी बेटी श्रुति गुप्ता हैं। बच्चे क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ते है। प्रापर्टी का काम बढ़िया चल रहा था। इस संबंध में उन्होंने अपनी जमीन भी बेच दिया था। 2020 में प्रापर्टी के काम में मंदी के चलते पवन गुप्ता आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। जिसके चलते पत्नी से विवाद होता था। पत्नी का आरोप था कि वह किसी महिला के चक्कर में पड़े हैं।

# केंद्रीय विवि में प्रवेश के लिए सीयूईटी परिणाम घोषित

**सफलता**
- शीर्ष रैंकर्स में विनम्र मेहरोत्रा ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए बहुप्रतीक्षित सीयूईटी 2023 परिणाम घोषित किया गया।

इस वर्ष सीयूईटी के लिए देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए, जिनमें से लगभग 3 लाख ने उत्तर प्रदेश से परीक्षा दी, जो स्नातक प्रवेश परीक्षाओं में अब तक की रिकॉर्ड-तोड़ भागीदारी थी।ऑब्सेशन के संस्थापक शुभम जगदीश के अनुसार, सीयूईटी 2023 का पेपर सरल नहीं था परंतु पाठ्यक्रमों की विविधता और विश्वविद्यालयों में आवेदन करने की सहजता पर विचार करना था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रतियोगिता की कठिनता के दृष्टिगत ऐसी तैयारी कराई गई कि ज्यादातर छात्र अधिकतम अंक प्राप्त करें। उनके मार्गदर्शन में, छात्रों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष रैंकर्स में विनम्र मेहरोत्रा ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रत्येक विषय में 100 प्रतिशत अंक अर्थात 800-800 अंक हासिल किए तथा मयंक अग्रवाल ने 789/800 अंक प्राप्त किए। ये भी कहा कि कई छात्रों के अंक नॉर्मलाइजेशन के उपरांत कम हुए जिससे छात्रों में रोष है। दिल्ली और अन्य विश्वविद्यालय जुलाई के आखिरी सप्ताह में ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रवेश काउंसलिंग शुरू करेंगे। सीट आवंटन योग्यता सह भागीदारी यानी प्रवेश के समय दिए गए अंकों और वरीयता क्रम के आधार पर होगा।

## फिलामची भोजपुरी रमाडा बाय विंडहैम में आयोजित



**लखनऊ।** फिल्मफेयर और फेमिना, वर्ल्डवाइड मीडिया के दो प्रतिष्ठित ब्रांड, जो ऐतिहासिक सहयोग में उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देने के मामले में हमेशा सबसे आगे रहे हैं, पहली बार सीएसपी फूड्स प्रेजेंट्स फिल्मफेयर एंड फेमिना भोजपुरी आइकॉन्स सह- का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए। फिलामची भोजपुरी द्वारा होस्ट किया गया। यह कार्यक्रम 16 जुलाई को लखनऊ के मध्य में स्थित रमाडा बाय विंडहैम में आयोजित किया गया था। शाम को भोजपुरी फिल्मों, कला, उद्यमिता, शिक्षा, खेल और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता का एक भव्य जश्न मनाया गया, जिसमें उद्योग के दिग्गजों ने कई शानदार प्रदर्शन किए। पवन सिंह, मनोज तिवारी, खेसारी लाल, यामिनी सिंह, प्रियंका सिंह, रवि किशन, काजल राघवानी सहित तमाम भोजपुरी स्टारों ने शिरकत की।

# छह वाहन चोर गिरफ्तार आरोपियों में तीन नाबालिग शामिल

**चोरी**
- पुरानी बाइक को निशाना बनाते थे, क्योंकि उनका लॉक आसानी से मास्टर की से खोला जा सकता है

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ में पुराने दो पहिया वाहन चुराने में एक शातिर गैंग ने बच्चों को लगा रखा था। जिससे कोई उन पर शक न कर सके। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी ने गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह के शामिल तीन बाल अपचारी समेत छह लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम गिरोह के अन्य सदस्यों के विषय में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इंदिरानगर निवासी विशाल उर्फ बड़ा बऊआ, सीतापुर बिसवां निवासी आसिफऔर बाराबंकी निवासी कुशाल को गिरफ्तार किया। इनके साथ ही तीन वाहन चोरी में संलिप्त बाल अपचारी को भी पकड़ा गया है। इनके पास से 22 चोरी की मोटर साइकिल बरामद बरामद हुई हैं। यह पुरानी बाइक को निशाना बनाते थे, क्योंकि उनका लॉक आसानी से मास्टर की से खोला जा सकता है। गैंग चोरी के वाहन फर्जी नंबर प्लेट और कागज बनवाकर ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों को बेच देता था। इंदिरानगर इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि यह गैंग शहर में घूम-घूम कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरोह में शामिल 16-17 साल उम्र के लड़कों पर बाजारों में रेकी और वाहन चुराते वक्त लोग शक नहीं करते थे। अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग पूर्वांचल के ग्रामीण इलाकों में बाइक बेचते थे।

## खबरें एक नजर में

### 25 जुलाई को धरने पर बैठेंगे एजेएल के कर्मचारी

**लखनऊ।** एजेएल कर्मचारियों को भविष्यनिधि जमा कराए जाने तथा कर्मचारियों का अंशदान विवरण और जमा अंशदान दोनों पक्षों का अंतिम विवरण उपलब्ध कराये जाने को लेकर 25 जुलाई को भविष्य निधि कार्यालय लखनऊ में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा। इसी संबंध में सभी कर्मचारियों को उनका भविष्यनिधि अवशेष भुगतान करने व पेंशन भुगतान एरियर के साथ सुनिश्चित किय जाये। एजेएल के प्रवक्ता ने सभी कर्मचारियों को देय वेतन के अनुरूप अंशदान कटौती सेवायोजकों से वसूलकर कर्मचारियों के खाते में समायोजित कराया जाये तथा मृतक आश्रितों के पेंशन भविष्य निधि भुगतान का निष्तारण तत्काल कराया जाये। तथा इसमें विभाग द्वारा सकारात्मक रवैया अपनाया जाये।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं को करेगी तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) इकाई ने पार्टी का आधार बढ़ाने के लिए राज्य में एक लाख शिवसैनिकों को नामांकित करने का फैसला किया है। नामांकन अभियान के हिस्से के रूप में, पार्टी आगामी बीएमसी चुनावों के लिए समर्थन जुटाने के लिए घर-घर जाएगी और मुंबई में रहने वाले लोगों के परिवारों से संपर्क करेगी। पार्टी सचिव विश्वजीत सिंह ने कहा कि राज्य इकाई यूपी में बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद मांगेगी और कांवरियों को फ्ल भी वितरित करेगी।

### कौशल किशोर ने लिखा सीएम को पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के मुख्य संरक्षक केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आउटसोर्सिंग के माध्यम से 13000 रूपये के अनुबन्ध पर पूर्व से कार्य कर रहे प्रशिक्षित एवं अनुभवी संविदा कर्मचारियों के स्थान पर 30,000 रूपये के अनुबन्ध पर सैनिक कल्याण निगम से कर्मचारियों को तैनात न करने के अनुरोध के साथ ही कार्य के अनुरूप अनुबंध करने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, ईपीएफ घोटाले की जांच कराने, आन्दोलन के नाम पर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने के संबंध में संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर कर्मचारियों के हितों को लेकर सदैव संवेदनशील रहते हैं।

### वितरित खाद्यान्न की सूचना पोर्टल पर उपलब्ध

**लखनऊ।** उचित दर विक्रेताओं से प्रत्येक कार्डधारकों को पूरी मात्रा और निर्धारित मूल्य पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने हेतु विक्रेताओं के वितरण की सतत् निगरानी की जा रही है। वितरण के दौरान उपभोक्ता के बायोमेट्रिक के उपरान्त ई-पॉस मशीन से पर्ची निकलती है, जिस पर उपभोक्ता को देय खाद्यान्न की मात्रा व मूल्य अंकित रहता है। साथ ही वितरित खाद्यान्न की सूचना खाद्य विभाग के एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन देखी जा सकती है। समय-समय पर बाट-माप विभाग के साथ टीम बनाकर दुकानों की जाँच भी करायी जा रही है। वितरण सम्बन्धी कोई अनियमितता की जानकारी होने पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही भी की जा रही है।खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मार्च तक प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत 1,18,225 निरीक्षण एवं 11,298 छापे कीकार्यवाही की गयी है। 488 एफआईआर कराते हुए 62 व्यक्तियों की गिरफ्तारी व 719व्यक्ति अभियोजित किये गये।

### जीबीसी की तैयारी बैठक आज

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में 18 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे लाल बहादुर शास्त्री भवन के सभाकक्ष से वीडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गयी है। बैठक में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 से जुड़े एमओयू के क्रियान्वयन तथा जीबीसी की तैयारी की समीक्षा की जायेगी।

# राजभर के आने से एनडीए का कुनबा हुआ मजबूत

लखनऊ। समृद्धि न्यूज




अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में अभी से सियासी हलचल तेज हो गई है। बड़ी पार्टियां छोटे-छोटे दलों को साधने का प्रयास कर रही है तो छोटे दल भी सियासत की हरी डाली पकड़ने को तैयार है। वहीं सियासत के खेल में भाजपा बाजी मारती हुई दिखाई दे रही है। वहीं, चुनाव से पहले ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुभासपा अब एनडीए के साथ आ गई है। सुभासपा का पूर्वांचल में खासा असर है। पूर्वांचल में 26 लोकसभा सीटें आती हैं, यहां पर निषाद पार्टी और अनुप्रिया पटेल की अपना दल सोनेलाल का पहले से बीजेपी के साथ गठबंधन है और अब राजभर के जुड़ने के बाद एनडीए का कुनबा और मजबूत हो गया है। बीजेपी ने पूर्वांचल का सियासी समीकरण तो साध लिया है लेकिन पश्चिमी यूपी अब भी सिरदर्द बना हुआ है। जयंत चौधरी अब भी विपक्षी खेमे के साथ दिखाई दे रहे हैं। वो बीजेपी के साथ आने को तैयार नहीं है। बीजेपी ने यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है ऐसे में पार्टी उन सीटों का आंकलन कर रही है जहां पार्टी को हार का सामना करना पड़ा या फिर बहुत कम अंतर से जीत मिली थी। बीजेपी को सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वांचल में हुआ था, लेकिन सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल एस के साथ आने से एनडीए इस क्षेत्र में मजबूत स्थिति में आ गया है।

## यूनाइटेड स्प्रिट्स लि. के श्रमिक संगठन ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से आज श्रमिक संगठन संयुक्त मोर्चा यूनाइटेड स्प्रिट्स लि. रोजा शाहजहांपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने मिलकर कारखाने के संचालन व नौकरी को लेकर महत्वपूर्ण विन्दुओं का ब्यौरा देते हुए कारखाने को पुनरू संचालित कराये जाने का अनुरोध पत्र दिया, जिसपर जिला अधिकारी शाहजहांपुर को निर्देश दिए कि संगठन व अन्य सभी सम्बंधित से वार्ता करके समस्या का सर्वमान्य हल निकालने की कार्यवाही करें। प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निदान किया जायेगा।मुरादाबाद से आये दलित एकता महासंघ के अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने मुरादाबाद जिले ग्राम बीजना में श्मशान घाट के नवीनीकरण व अन्य अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया, जिसके लिए डीएम मुरादाबाद को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# अखिलेश को दारा सिंह चौहान दे गये गच्चा, विधायकी छोड़ लौटे घर

**घर वापसी**
- योगी सरकार के पहले कार्यकाल में दारा सिंह वन मंत्री थे

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

सपा के विधायक रहे दारा सिंह चाहौन की घर वापसी हो गई है। भारतीय जनता पार्टी में लौट आए। उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली। यह अखिलेश यादव को बड़ा झटका है। दारा सिंह ने आज इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा है। दारा सिंह चौहान लखनऊ में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मौजूदगी में भाजपा में वापसी की।

यूपी के लखनऊ में भाजपा कार्यालय में दारा सिंह चौहान ने बीजेपी शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दारा सिंह चौहान को भाजपा में शामिल करवाया है। दारा सिंह चौहान के ज्वाइनिंग कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और मंत्री बलदेव औलख मौजूद रहे।

दारासिंह चौहान ने कल रविवार को ई-मेल के जरिये विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को इस्तीफा भेजा था।

योगी सरकार के पहले कार्यकाल में दारा सिंह वन मंत्री थे लेकिन पिछले साल विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा छोड सपा में शामिल हुए थे। पिछड़ा वर्ग समाज लोनिया जाति से आने वाले दारा सिंह चौहान की मऊ और आजमगढ़ में अपने समाज में पैठ है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। तभी से अटकलें थी कि वह भाजपा में वापसी करेंगे।

## कमिश्नरेट पुलिस का सराहनीय कार्य गुमशुदा बच्ची को चंद समय मे किया उनके परिजनों को सुपुर्द



**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कमिश्नरेट काकोरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुगौली निवासी संजीत यादव की पुत्री दीपाली 8 वर्ष करीब आज साम 5 बजे घर भटक कर काका ढाबा निकट महमूद नगर पर राहगीरों को मिली वहां पर मौजूद लोगों द्वारा डायल 112 पर सूचना दी ।सूचना पर पहुची पीआरवी 0513 पर तैनात हेड कांस्टेबल पंकज यादव हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार वर्मा चालक सकूर अली ने बच्ची को सकुशल उनके परिजनों को कोतवाली प्रभारी काकोरी राजवीर सिंह की मौजूदगी में बच्ची को मोटी नीम चौराहा पर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 13.47 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 13 करोड़ 47 लाख 58 हजार रूपये की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में स्वीकृत की। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी जालौन उरई, हमीरपुर, झांसी, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मेरठ रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ,प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बहराइच तथा गोंडा जनपदों के लिए जिला योजना, एससीपी के तहत स्वीकृत की गई है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दुग्धशाला विकास अधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं।

# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नैक मूल्यांकन के लिए प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

**समीक्षा बैठक**
- टीम के सभी सदस्य एक जैसे फार्मेट पर प्रस्तुतिकरण बनाएं: राज्यपाल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नैक मूल्यांकन हेतु तैयार एसएसआर रिपोर्ट के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय पहली बार नैक ग्रेडिंग के लिए मूल्यांकन हेतु एसएसआर दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण में नैक हेतु मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया पर विश्वविद्यालय की नैक कमेटी के सदस्यों से प्रत्येक बिंदु पर तैयारियों की जनाकरी ली। उन्होंने कहा कि सभी क्राइटेरिया में प्रत्येक बिंदु के सुदृढ़ प्रस्तुतिकरण को प्रतिबद्धता से बेहतर बनाएं। बैठक में क्राइटेरिया-1 के प्रस्तुतिकरण के दौरान भाषा विश्वविद्यालय की प्रकृति के अनुरूप स्किल कोर्सेज में शार्टहैण्ड और टाइप के कौशल वृद्धि वाले कोर्सेज जोड़ने का सुझाव दिया गया। जबकि क्राइटेरिया-2 के विवरण का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी ने एक ही प्रवृति के फोटो न लगाकर विविध गतिविधियों के फोटो लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भी प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों की शिकायतों का अनुश्रवण करने, उनकी व्यक्तिगत समस्याओं की भी जानकारी रखने और उसमें समाधान हेतु सहयोग करने पर भी जोर दिया।

क्राइटेरिया-3 के अवलोकन में भी राज्यपाल जी ने सुधार के व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने शोध विवरण में शोध विद्यार्थियों के फोटो दर्शाने, फोटोग्राफ को छायाप्रति में न दर्शाकर उच्च गुणवत्ता के वास्तविक फोटो लगाने, विश्वविद्यालय के नाम के ही पेटेंट विवरण में जोड़ने, गतिविधि युक्त फोटो लगाने तथा एक्सटेंशन गतिविधि के विवरण में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर की गतिविधियों के फोटो जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लखनऊ के अन्य विश्वविद्यालयों में भी गतिविधि के लिए भेजा जाए। इसी क्रम में उन्होंने वर्तमान में वृक्षारोपण अभियान में बड़े स्तर पर गतिविधि संचालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने वृक्षारोपण अभियान में ग्रामीण महिलाओं, विद्यार्थियों और बच्चों को भी जोड़ें।

# निष्क्रांत संपत्ति मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे को मिली राहत

**कोर्ट**
- संपत्ति का म्यूटेशन उनके जन्म से पहले उनके पूर्वजों के नाम पर था

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



उच्चतम न्यायालय ने जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को निष्क्रांत संपत्ति मामले में आज सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उमर की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया। उच्च न्यायालय ने उमर की अग्रिम जमानत अर्जी 13 अप्रैल को खारिज कर दी थी। बता दें कि अदालत ने, गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार के दूसरे बेटे अब्बास अंसारी की, इसी मामले में दायर आरोप पत्र को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका भी खारिज कर दी थी। अब्बास सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक हैं। उच्च न्यायालय ने दोनों भाइयों द्वारा स्वतंत्र रूप से दाखिल याचिकाओं पर उक्त आदेश पारित किए थे। अंसारी बंधुओं की तरफ से दलील दी गई थी कि संपत्ति का म्यूटेशन (नामांतरण) उनके जन्म से पहले उनके पूर्वजों के नाम पर था और इसलिए उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। वहीं, सरकार की ओर से पेश वकील ने इन याचिकाओं का यह कहते हुए विरोध किया था कि दोनों पर अपनी दादी के फर्जी दस्तखत करने का भी आरोप है, इसलिए उनके खिलाफ स्पष्ट अपराध बनता है।

# डिस्ट्रिक्ट लीग : डिवाइन एफसी ने टाइगर एफसी को हराया



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**फुटबाल**
- 23 जुलाई को खेला जाएगा मैच जिसके बाद प्रतियोगिता का मेन ड्रॉ प्रारंभ होगा

चौक स्टाडियम में आयोजित फुटबॉल डिस्ट्रिक लीग में डिवाइन एफसी ने अपने दूसरे मैच में टाइगर एफसी को 2-1 से हरा दिया। मैच के शुरुआती दौर में टाइगर ने गोल मारकर 1-0 से बढ़त बनाली। जबकि सेकंड हाफ के शुरू होते ही डिवाइन के अंशुल ने 1 गोल मारकर मुकाबला बराबर कर दिया। वहीं मैच के 51 वे मिनट में डिवाइन एफसी के रोहन ने गोल मारकर बढ़त दिलाई। जिसके बाद डिवाइन की 2-1 से जीत हुई।

लखनऊ डिस्ट्रिक्ट लीग में डिवाइन एफसी का क्वालीफाई होना लगभग तय है। ये टीम अपने पूल के दो मैच जीत चुकी है। अब डिवाइन का तीसरा मैच 23 जुलाई को खेला जाएगा। जिसके बाद प्रतियोगिता का मेन ड्रॉ प्रारंभ होगा।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण में 120 करोड़ स्वीकृत

**निर्देश**
- उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, धनराशि के आहरण के सम्बन्ध में निर्गत वित्तीय नियमों का कड़ाई से हो अनुपालन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत केंद्र सरकार से प्राप्त केन्द्रांश की प्रथम किश्त केप्रथम अंश की धनराशि 11621.10 लाख रूपये के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में से उपलब्ध धनराशि 7200 लाख एवं उसके सापेक्ष मैचिंग राज्यांश की धनराशि 4800लाख रूपये , कुल धनराशि रुपये 12000 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है ।इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि योजनान्तर्गत स्वीकृत की जा रही धनराशि स्टेट नोडल बैंक एकाउन्ट से पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में अन्तरित की जायेगी। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की जा गयी धनराशि का आहरण व्यय अनुमोदित कार्य योजना एवं मदों में, योजना हेतु निर्धारित गाईडलाइन्स एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों का अनुपालन किया जाय। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धनराशि के आहरण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशो एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा सम्बंधित जनपदों की मांग व आवश्यकता का परीक्षण करते हुये धनराशि आवंटित की जायेगी। स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## सैकड़ों लोगों ने रखी अपनी समस्यायें

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण सन्तोषजनक फीडबैक के साथ शिकायतों कानिस्तारण करें। जनता दर्शन में प्रयागराज, बलरामपुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, गोरखपुर ,पीलीभीत, मैनपुरी, मुरादाबाद ,कानपुर ,बिजनौर ,अलीगढ़, सुल्तानपुर ,अमरोहा ,आजमगढ़ ,ललितपुर, वाराणसी, हाथरस, शाहजहांपुर, कौशांबी, सीतापुर, सुल्तानपुर ,बुलंदशहर, अलीगढ़ ,भदोही व गाजीपुर 03 दर्जन से अधिक जिलों के कई सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्यायें रखी।उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से, संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार - बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगो, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# प्रोन्नति, वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर दिया धरना

**आंदोलन**
- प्रदेशभर से एकत्रित बीईओ ने कहा-एक माह में मांग न पूरी होने पर होगा आंदोलन



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रोन्नति, वेतन विसंगति समेत अन्य सेवा सम्बन्धी प्रकरणों पर शासन की तरफ से बरती जा रही उदासीनता से क्षुब्ध खण्ड शिक्षाधिकारियों (बीईओ) ने सोमवार को रमाबाई पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। एक दर्जन से अधिक मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे खण्ड शिक्षाधिकारियों ने कहा कि शासन स्तर पर हम लोगों की मांगों पर गौर नहीं किया जा रहा है। प्रदेश व जिलों के माध्यम से शिक्षामंत्री, प्रमुख सचिव, शिक्षा महानिदेशक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को कई बार ज्ञापन भेजा गया है, लेकिन हम लोगों की समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। प्रदेशभर से एकत्रित बीईओ ने कहा कि शासन स्तर पर हम लोगों की मांग को एक महीने के अंदर में पूरा नहीं किया गया तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। लखनऊ के धरना स्थल रमाबाई पार्क में एकदिवसीय सांकेतिक धरने को संबोधित करते हुए बीईओ संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमेंद्र शुक्ला ने कहा कि बीईओ के वेतन विसंगति निवारण के क्रम में उच्च न्यायालय की तरफ से 06 मई, 2002 को जारी किए गए आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

# सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक

**आस्था** योगी ने रुद्राभिषेक कर सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि की प्रार्थना की

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में भोलेनाथ के भक्त भोलेनाथ को रुद्राभिषेक जलाभिषेक कर रहे है। इस मौके पर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के दूसरे सोमवार को सुबह जनकल्याण के लिए रुद्राभिषेक किया।

एक घंटे तक चले अनुष्ठान में उन्होंने आम के रस, 11 लीटर दूध, जल, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगा जल और गन्ने के रस से महादेव भगवान शिव का अभिषेक किया। बता दें कि सीएम योगी सावन के हर सोमवार भगवान भोलेनाथ की पूजा करते है। आज सावन का दूसरा सोमवार है। पहले सोमवार को भी सीएम योगी ने रुद्राभिषेक कर सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि की प्रार्थना की थी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सावन के दूसरे सोमवार को भी उन्होंने भगवान शंकर की विशेष आराधना कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। योगी ने भगवान शिव को बेलपत्र, सफेद कमल, लाल कमल, कनेर, शमी पत्र, दूब, कुशा, राई, गुड़हल, धतूरा, भांग और श्रीफल भी चढ़ाया। रुद्राभिषेक अनुष्ठान की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ हुई।


मुख्यमंत्री ने गोरक्षधाम मन्दिर में किया रुद्राभिषेक

उसके बाद मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और द्वादश ज्योतिर्लिंग का पूरे विधि-विधान के साथ षोडशोपचार पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। तड़के पांच बजे उन्होंने सबसे पहले बाबा गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई और उनकी पूजा-अर्चना की। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। हमेशा की तरह मंदिर परिसर का भ्रमण करने के बाद वह गोशाला में गए और आधे घंटे गायों के बीच रहे। उन्हें दुलारा-पुचकारा और अपने हाथ से गुड़-चना भी खिलाया।

## केजीएमयू में डिजिटल भुगतान प्रणाली की हुई शुरूआत

**लखनऊ।** मरीजों की मदद के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू की है। मई से एक पायलट चरण के बाद, और अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (एचएमआईएस)-ई-अस्पताल (एनआईसी, नई दिल्ली द्वारा) के साथ डिजिटल गेटवे के एकीकरण को निरंतर मजबूत करने के बाद केजीएमयू अब पेटीएम, गूगल पे के माध्यम से डिजिटल लेनदेन स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भुगतान के लिए यूपीआई वॉलेट, सभी डेबिट और क्रेडिट कार्ड मान्य हैं।मुख्य पीआरओ बिल्डिंग, ट्रॉमा सेंटर, क्वीन मैरी अस्पताल, शताब्दी अस्पताल, यूरोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, आरएएलसी जैसे कुछ प्रमुख नकदी संग्रह काउंटरों पर अब डिजिटल भुगतान का विकल्प है। कुछ ही दिनों में बाकी काउंटर भी इस सुविधा से लैस हो जाएंगे।

# क्षेत्रीय जनता को समर्पित किया ट्रामा सेंटर

**लखनऊ जनविकास महासभा ने राजनाथ का आभार जताकर पटका से किया सम्मानित**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

वर्षो से चली आ रही भिठौली रेलवे क्रासिंग सीतापुर रोड पर ओवर ब्रिज और जानकीपुरम विस्तार में नये ट्रामा सेंटर की मांग पूरी होने पर लखनऊ जनविकास महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने आज दोपहर केन्द्रीय रक्षामंत्री व स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें आभार पत्र सौंपा और पटका पहनाकर सम्मान किया। महासभा के संस्थापक पंकज तिवारी-एडवोकेट के नेतृत्व में उनके आवास में मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मण्डल में राम तिवारी-महामंत्री, अजय यादव-मंत्री, राजीव कुमार गुप्ता-कोषाध्यक्ष, प्रदीप जायसवाल अध्यक्ष शोभा फाउंडेशन शामिल थे। इस मौके पर लखनऊ जनविकास महासभा के संस्थापक पंकज तिवारी ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ को आभार पत्र सौंपा और राम तिवारी ने रामनामी पटका पहनाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर रक्षा



मंत्री आभार व्यक्त करते हुए पंकज तिवारी ने कहा कि वर्षो पहले लखनऊ जन विकास महासभा के प्रयासों से राजनाथ सिंह के द्वारा ही गोमती नदी के किनारे झूलेलाल पार्क में दिनांक 7 मार्च 2019 को आयोजित कार्यक्रम में ट्रामा सेंटर के निर्माण का शिलान्यास किया गया था और आज इस ट्रामा सेंटर को क्षेत्रीय जनता को समर्पित कर दिया गया। इसी प्रकार जानकीपुरम विस्तार के निवासी बिठौली रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन भीषण जाम से त्रस्त रहते थे इसकी भी आवाज लखनऊ जन विकास महासभा द्वारा उठाई गई, और प्रयास किए गए कि यहां पर जल्द से जल्द ओवरब्रिज बनाया जाए जिसकी गंभीरता को स्थानीय विधायक नीरज वोरा ने संज्ञान में लेते हुए इस मुद्दे को आगे बढ़ाया और अब राष्ट्रीय राजमार्ग पर नया ओवरब्रिज बनकर तैयार हो गया है, इसके लिए सड़क परिवहन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी लखनऊ जनविकास महासभा ने आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।

इस अवसर पर लखनऊ जन विकास महासभा के अध्यक्ष एस.के. बाजपेई ने कहा कि क्षेत्रीय निवासियों के विकास के अभी कई और कार्य अवरुद्ध है परंतु सरकार का सकारात्मक रवैया देखते हुए लग रहा है कि जल्द से जल्द जानकीपुरम विस्तार के निवासियों को बाकी सामुदायिक केंद्र के निर्माण जैसी व बालिकाओं के लिए महिला डिग्री कॉलेज के निर्माण जैसी अन्य समस्याओं से भी निजात मिल जाएगी।

# राजाजीपुरम में महिला से चेन लूटा, लुटेरे गिरफ्तार

**वारदात**

▶ महिला के पति ने लुटेरों का पीछा किया तो चोर स्कूटी छोड़कर हुए फरार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम इलाके में मार्निक वॉक पर निकली महिला से चेन लूटने वाले दो लुटेरे महिला के पति की हिम्मत के आगे अपनी स्कूटी छोड़कर भाग निकले। जब महिला के पति ने चेन लूट के दौरान शोर मचाते हुए लुटेरों का पीछा किया और लुटेरे रास्ते में एक टूटी दीवार की वजह से स्कूटी छोड़कर भागना पड़ा। पुलिस ने स्कूटी के माध्यम से दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक बदमाश दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये लुटेरों में एक दिल्ली के सकरपुर निवासी नवाब अंसारी और दूसरा दुबग्गा निवासी मनोज गुप्ता हैं। दोनों के पास से बरामद अपाचे बाइक पारा और स्कूटी दुबग्गा से चोरी की गई थी। इन बदमाशों ने राजाजीपुरम में राज गार्डेन के पास अनिल कुमार गुप्ता की पत्नी की चेन लूट ली थी। अनिल के पीछा करने पर लुटेरे स्कूटी छोड़कर भाग निकले थे। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि शनिवार और रविवार दोनों लूट की घटना के बाद पुलिस टीम सीसीटीवी और सर्विलांस पर काम कर रही थी। इस दौरान ही सआदतगंज के पास नीले रंग की स्कूटी पर हरे और लाल रंग की टीशर्ट पहने दो संदिग्ध युवक दिखे।

# अधिकारी अवैध निर्माणों को रोकने में विफल

**अवैध निर्माण**

▶ मानकों के विपरीत आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-7 के अधिकारी नहीं लगा पा रहे अवैध निर्माण पर रोक, क्षेत्र में चल रहे धुआंधार अवैध निर्माण, सहायक अभियंता और अवर अभियंता जोन-7 में अवैध निर्माण को रोकने में विफल साबित हो रहे हैं।

बात करते हैं ठाकुरगंज क्षेत्र में मानकों के विपरीत आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं। प्राधिकरण में तैनात समस्त अभियन्ता गण और कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों के मूल उद्देश्य को




भूल गए हैं, कि प्राधिकरण हित मे कार्य करना है, लेकिन नियमों को दरकिनार करते हुए अपने निजी हित को प्राथमिकता देते हैं, और अनधिकृत निर्माणों को संरक्षित करतें हैं। आपको बताते चलें कि प्रवर्तन जोन-7 में सहायक अभियंता के पद पर तैनात उदयवीर सिंह क्षेत्र में अवैध निर्माणों को प्रश्रय दे रहें हैं, और क्षेत्र की तंग गलियों में बिना स्वीकृत मानचित्र के अट्टालिकायें, अस्पताल और मॉल बनवा रहें हैं। वहीं अपने प्रिय अवर अभियंता शशि भूषण मिश्रा को चौक और ठाकुरगंज जैसे महत्त्वपूर्ण और व्यासायिक क्षेत्र दे रखें हैं। जो पूरी निष्ठा के साथ सहायक अभियंता के प्रति शरणागत हैं, और वो केवल रबर स्टैंप से ज्यादा कुछ भी नही हैं, इनको जो भी आदेश सहायक अभियन्ता इन्हे देते हैं, यह उसका अक्षरशरू पालन करतें हैं, जबकि नियमता पूर्ण जिम्मेदारी और दायित्व इनका ही है।

क्षेत्र में कुछ भी अप्रिय होने पर जवाबदेही मात्र इन्ही की है, लेकिन अपने सहायक अभियंता की डिप्लोमा संघ की शक्ति पर इन्हे पूरा भरोसा है, की इनका कोई बाल भी बांका नही कर पायेगा, फ़िर पैसों की खनक का संगीत तो है, ही, आगे इन्हे कोई सरोकार नही है। इसके अतिरिक्त सुपरवाइजर नाजिम रजा जो लगभग पांच साल से ठाकुरगंज क्षेत्र में तैनात है, और इसी क्षेत्र में इनका आवास भी है, क्षेत्र में बिल्डरों पर अच्छी पकड़ होने के कारण इन सब को भरपूर लाभ पहुंचा रहा है।

# मुख्य सचिव ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को दिलाई शपथ



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मुख्य सचिव सभागार में अरविंद कुमार को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने अरविंद कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का हर गांव और नगर क्षेत्र बिजली से रोशन हुआ है। बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की जरुरत है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता, चेयरमैन यूपीपीसीएल एम. देवराज, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को वृक्षारोपण अभियान की दी जानकारी

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह व डीएफ़ओ लखनऊ डा रवि कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के लखनऊ खण्डपीठ में मुख्य न्यायाधीश प्रतिन्कर दिवाकर से शिष्टाचार भेंट कर आगामी वृक्षारोपण महाभियान के विषय में अवगत कराया गया। मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल लखनऊ एवं डीएफ़ओ लखनऊ द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा प्रकाशित वृक्षारोपण महाभियान काफी टेबल बुक वर्श 2022 की प्रति मुख्य न्यायाधीश को भेंट की गई। एडिनियम का एक पौधा भी मुख्य न्यायाधीश को भेंट किया गया। वार्ता में मुख्य न्यायाधीश द्वारा आगामी 22 जुलाई व 15 अगस्त को उच्च न्यायालय इलाहाबाद व लखनऊ खण्डपीठ में सभी न्यायाधीशों तथा समस्त जनपदों मे जनपदीय न्यायाधीशों के द्वारा पौधा रोपण करने के संबंध में निर्देश दिये।

# "टेक्सचर सरफेसिंग" से 23 चौराहों का निर्माण शुरू

**ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटनाओं में आयेगी कमी, लगाये जा रहे साइन बोर्ड**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता के कारण प्रदेश में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान एवं लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा पर दिये गये निर्देशों के क्रम में उत्तर-प्रदेश के समस्त जिलों के सभी ब्लैक स्पाटों का सड़क सुरक्षा आडिट आईआईटी दिल्ली व आईआईटी बीएचयू से कराया गया। आईआईटी दिल्ली द्वारा दी गई आडिट रिपोर्ट के अनुसार ब्लैक स्पॉट के दीर्घ कालिक सुधार के अन्तर्गत प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा लखनऊ शहर के 23 ब्लैक स्पॉट यानि चौराहों पर सड़क सुरक्षा के अर्न्तगत आडिट रिपोर्ट के अनुसार चौराहों का चौड़ीकरण का कार्य एवं एक नई विधा ''टैक्सचर सरफेसिंग'' का कार्य कराया जा रहा है।



टेक्सचर सरफेसिंग के अर्न्तगत अति व्यस्त चौराहे जो ब्लैक स्पॉट घोषित हैं, के आवागमन के मार्गो पर रोड की पूरी चौड़ाई में एवं मार्ग के 6 मीटर लम्बाई ''कट स्टोन'' सीमेन्ट मसाले में लगाया जाता है एवं सीमेन्ट कंक्रीट मसाले से दोनों ओर रैम्प बनाया जाता है।

इस निर्माण विधा से राजधानी दिल्ली के कई जंक्शन पर टेक्सचर सरफेसिंग का कार्य कराया गया है। इस टेक्सचर सरफेसिंग से 10-20 मीटर दूर बिटुमिनस कार्य से रोड की पूरी चौड़ाई में एवं 5 मीटर लम्बाई में 10 सेमी ऊँचा स्पीड टेबिल बनाया जा रहा एवं दोनों तरफ 1.70 मीटर लम्बाई में रैम्प से जोड़ा जा रहा है। इस दो तरह के निर्माण के बाद जंक्शन पर यातायात की गति को नियंत्रित करके ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटना से बचाव किया जा सकेगा। इन दोनों कार्यो के अतिरिक्त यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिये मार्ग पर जेब्रा क्रासिंग, स्टाप लाइन, ऐज लाइन, सेन्टर लाइन एवं कासनरी साइन बोर्ड इत्यादि लगाये जा रहे हैं।

# शिक्षा कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, लंबित समस्याओं से शिक्षक परेशानः प्रोफेसर

**मुसीबत**

▶ वित्त विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की वेतन विसंगति उनके शोषण का बड़ा कारण है

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. डीएनएनएस यादव की अध्यक्षता में संगठन की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई, जिसमे सर्वसम्मति से विनय कुमार शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, लखनऊ से पार्टी की मेयर प्रत्याशी अंजू भट्ट व सीतापुर से राजकुमारी निगम को प्रदेश सचिव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुषमा मिश्रा को जिलाध्यक्ष जौनपुर, डॉ प्रेमचंद्र को जिला उपाध्यक्ष लखनऊ, डॉ प्रभाकर दुबे को जिला सचिव लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ डीएनएनएस यादव ने कहा कि शिक्षा कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, लंबित समस्याओं से शिक्षक परेशान हैं। वित्त विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की वेतन विसंगति उनके शोषण का बड़ा कारण है। सरकार इन समस्याओं को दूर करने में विफल साबित हुई है। डॉ यादव ने आपत्ति एवं नाराजगी दर्ज कराते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय में धरनारत एवीवीपी के छात्रों को समझाने गए विश्विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर व नियंता डॉ सत्यपाल सिंह को एवीवीपी के छात्रों द्वारा हमला कर पीटा जाना बेहद निन्दनीय है। उन्होंने सरकार को दोषी छात्रों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। आम आदमी पार्टी, शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने के किसी भी कृत्य के खिलाफ है।

## राज्यपाल ने 30 प्रशिक्षु अधिकारियों से की भेंट

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में भारतीय रेलवे यातायात सेवा (2019) सिविल सेवा परीक्षा के (30) परिवीक्षाधीन अधिकारियों और भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थान के महानिदेशक हरि शंकर वर्मा के नेतृत्व में भेंट की। राज्यपाल ने अधिकारियों से रेलवे के तकनीकी पहलू पर चर्चा की। उन्होंने कहा रेलवे के अधिकारीगण यात्रियों के साथ संवाद स्थापित करके उनकी सुविधाओं और अधीनस्थ कर्मचारियों का पूरा ख्याल रखें। आईआरआईटीएम लखनऊ के महानिदेशक हरि शंकर वर्मा ने राज्यपाल को संस्थान में आयोजित किए जा रहे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों गति शक्ति, संरक्षा प्रबंधन और व्यवसाय विकास के बारे में जानकारी दी। इसी वर्ष दिसम्बर से शुरू होने वाले आईआरएमएस प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम से भी अवगत कराया।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 229 गांव चयनित

**विकास**

▶ ग्रामवासियों को रोजगार के साथ आमदनी के स्रोत सृजित होंगेः जयवीर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत 75 ग्रामों को 02 वर्ष की अवधि में ग्राम्य पर्यटन के लिए चयनित कराकर उन ग्रामों में पर्यटन विकास का कार्य कराया जायेगा। पर्यटन विभाग द्वारा कृषि एवं ग्राम्य पर्यटन की अवधारणा को साकार करने के लिए यूपी में स्थित विशिष्ट ग्रामों को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाने के दृष्टिगत 18 मण्डलों को कृषि ग्राम्य पर्यटन हेतु क्लस्टर के रूप में विकसित करने के लिए 229 गॉव चयनित किये गये हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री




जयवीर सिंह ने आज बताया कि गॉवों को विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा ग्राम्य पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी 06 परामर्शी संस्थाओं का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित गॉवों में अवस्थापना सुविधा का विकास किया जायेगा। पर्यटकों को गॉवों की तरफ आकर्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को चिन्हित किया गया है। यूपी सांस्कृतिक विविधिता, खान-पान, भेष-भूषा, स्थानीय क्राफ्ट, हस्तशिल्प तथा विभिन्न विशेषताओं से भरा हुआ है।

# लखनऊ विवि द्वितीय परिसर में छात्रावास व कैंटीन का निरीक्षण

**छात्रों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में छात्रों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्र छात्राएं आए। प्रो. पूनम टंडन छात्र कल्याण डीन सहित डीएसडब्ल्यू टीम के सदस्यों ने मुख्य और द्वितीय परिसर में होस्टल कैंटीन और अन्य सामान्य सुविधाओं की व्यापक निरीक्षण की। इस दौरान, उन्होंने छात्रों के साथ संवाद किया और सुविधाओं को सुधारने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का ध्यान रखा।

प्रो. टंडन ने छात्रों को आश्वस्त किया है। उनके सकारात्मक सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा। उनके अनुभव को सुधार के लिए उनकी सुझावों को लागू किया जाएगा। कैंटीन क्षेत्र में छात्रों को बोतल जल के साथ फिल्टर जल की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही हाथ धोने के लिए वाश बेसिन स्थापित




करने और पकाने क्षेत्र में सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार होस्टल में भोजन क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और छात्रों के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने पर ध्यान दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा हमारा प्राथमिक ध्यान छात्रों को शैक्षिक और व्यक्तिगत रूप से सशक्त बनाने के लिए एक ऐसा वातावरण सृजित करने पर है। हम छात्रों के मूल्यवान प्रतिक्रिया और सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधारों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य है कि उनका विश्वविद्यालय में अनुभव संतोषजनक हो।

# कांवड़ यात्रा पर विद्युत कार्मिक बरतें सजगता

**सावधानी**

▶ कहीं भी लापरवाही के कारण विद्युत दुर्घटना हुई तो होगी सख्त कार्रवाईः ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

सावन के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा को देखते हुये प्रदेश में विद्युत कार्मिक एवं अधिकारी अत्यधिक सावधानी बरतें, जिन जिलों में कांवड़ यात्रा निकल रही है या प्रसिद्ध मंदिर हैं वहॉ के पुजारी और जिला प्रशासन से विद्युत अधिकारी सम्पर्क में रहें। ग्राम प्रधानों, पार्षदों तथा जनप्रतिनिधियों को कांवड़ यात्रा में बरती जाने वाली सावधानियों के सन्दर्भ में अवगत करायें तथा जिन सड़कों से कांवड़ यात्रा निकल रही है, उस पर पेट्रोलिंग करके लाइनों एवं खम्भों के निर्धारित मानक को सुनिश्चित करें। यदि सड़क पर कहीं कोई अवरोध हो तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। यह निर्देश प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा श्रोत मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में दिये है। शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से उन्होंने प्रदेश के सभी वितरण निगमों के प्रबन्ध निदेशकों से कांवड़ यात्रा की सुरक्षा एवं



व्यवस्था सम्बन्धी पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेरठ में कांवड़ यात्रा में विद्युत से हुई दुर्घटना पर विस्तृत पूछंताछ की। मेरठ की प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि भावनपुर के राली चौहान में हाईटेंशन लाइन से ज्यादा ऊंची 22 फुट ऊँचा डीजे का ट्रैक्टर टकरा गया, जिससे यह हादशा हुआ। प्रशासन ने 12 फुट की अनुमति दी थी। पूरे प्रकरण की जॉच विभिन्न एजेन्सियों से करायी गयी, जिसमें विद्युत विभाग की कोई गलती नहीं पायी गयी। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुये विभाग पूरी तरह सजग है। पूरी सावधानी बरती जा रही है। ऐसी घटनायें रोकने हेतु इसके लिये पेट्रोलिंग और भी बढ़ा दी गयी है।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देशित किया कि यद्यपि इन दुर्घटनाओं में विद्युत निगम का कोई दोष नहीं है। फिर भी दुर्घटना में जान गंवाने वालों को नियमानुसार जो 01 लाख रूपये का भुगतान किया जाना है, वह तत्काल देना सुनिश्चित किया जाये। कांवड़ यात्रा रूट पर स्थानीय अवर अभियन्ता से लेकर उच्चाधिकारी पेट्रोलिंग करके यह सुनिश्चित करें कि जहां कहीं पर भी पोल या ट्रांसफार्मर के आस-पास विद्युत करंट उतर रहा हो, उसके बारे में लोगों को जागरूकर करें, ऐसे पोल, ट्रांसफार्मर से लोगों को दूर रखने के उपाय भी किये जाएं। करंट उतरने के कारणों की जांच कर, उसे ठीक करने का भी प्रयास किया जाय। लाउडस्पीकर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से कांवड़ यात्रियों को भी जागरूक किया जाये कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दुर्घटना की सम्भावना हो। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अभी कांवड़ यात्रा की शुरूआत है। इसलिये विभागीय कर्मचारी कांवड़ यात्रा से सम्बन्धित गांवो में लाउडस्पीकर, पोस्टर, पाम्पलेट तथा सम्पर्क करके यह बताये कि खम्भों एवं लाइनों की ऊॅचाई 19 फिट होती है। इसलिये ज्यादा ऊॅचाई का कोई वाहन, डीजे, कांवड़ या अन्य सामग्री लेकर न चलें।

# लोक कला को बढ़ावा देने वालों को पुरस्कृत करेगी सरकार

**पुरस्कार**

▶ विजेताओं को 51,000, दूसरे पुरस्कार के तौर 21,000 व तीसरे पुरस्कार के तौर पर 11,000 रुपए की दी जाएगी धनराशि

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के लोक कलाकारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। योगी सरकार ने राज्य की लोक कला, संस्कृति तथा स्थानीय सभ्याचार को संरक्षित करने के लिए एक विशिष्ट पुरस्कार वितरण प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ करने वाली है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस अनुदान योजना के जरिए ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय भजन कीर्तन मंडली, नुक्कड़ नाटक मंडली, गुरु शिष्य परंपरा, स्थानीय लोकगीतध् लोकनृत्य, भजन, संस्कार गीत मंडलियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा, वहीं ग्राम्य, जिला व राज्य स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कला को बढ़ावा देने वाली टीमों को भी इस योजना के लिए पात्र माना जाएगा। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक उन्नयन, सांस्कृतिक विरासत के रक्षण, पर्यटन संवर्धन, स्वच्छ भारत मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, महिला सशक्तिकरण, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत सांस्कृतिक टोलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही सांस्कृतिक टोलियों को भी पुरस्कृत किए जाने के लिए वरीयता दी जाएगी। विजेताओं को पहले पुरस्कार के तौर पर 51,000, दूसरे पुरस्कार के तौर 21,000 व तीसरे पुरस्कार के तौर पर 11,000 रुपए की धनराशि दी जाएगी। सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रही टोलियों को पुरस्कृत करने के लिए संस्कृति विभाग में निर्णायक मंडल का चयन कर लिया गया है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए जिस कमेटी का गठन किया गया है उसमें संस्कृति निदेशालय के निदेशक बतौर अध्यक्ष, संस्कृति निदेशालय के वित्त नियंत्रक व जिला सूचना अधिकारी लखनऊ बतौर सदस्य तथा संस्कृति विभाग द्वारा नामित सहायक निदेशक को सदस्य सचिव के तौर पर चयनित किया गया है।

## स्पीकर ने की विधान परिषद के सभापति से भेंट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह से उनके कार्यालय कक्ष विधानभवन में शिष्टाचार भेंट की। श्री महाना सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह से भेंट करने उनके कक्ष में पहुँचे। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों और विषयों पर विचार विमर्श हुआ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उमेश कुमार सिंह उर्फ (ओमी) पिता का नाम स्व. लल्लन सिंह वर्मा है आज से मुझे उमेश कुमार वर्मा के नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इंटर की टीसी हमीदिया इस्लामियां इंटर कॉलेज की खो गई है। जिसको भी मिले मेरे फोन व पते पर भेजने का कष्ट करें।

**प्रार्थी- पंकज सिंह पुत्र मलखान सिंह ठकुरासपुरा पनवाड़ी**
**मो. 9793210476**

# डीएम ने की भूजल विभाग से संबंधित गोष्ठी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जल जीवन का अनमोल रतन, इसे बचाने का सब करो जतन समय है कम, जागें हम... अपनी आदतों में बदलाव लाएं और कल के लिए आज से पानी बचाएं। स्लोगन के साथ डीएम नेहा शर्मा ने भूजल सप्ताह गोष्ठी में जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि 16-22 जुलाई तक तक चलने वाले भूजल सप्ताह गोष्ठी के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करें।




उन्होंने डीएफओ, एसडीएम, उद्यान अधिकारी, बीडीओ, डीआइओएस, बीएसए, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर अभियान चलाएं और आमजन को इससे जोड़ें। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल का संचयन किया जाए। उन्होंने कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण सहित अन्य विभागों को वाटर बजट बनाने के निर्देश दिए, जिससे पता लग सके की कितना जल रिचार्ज हुआ, कितना खर्च।

गोष्ठी में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई और कहा कि सभी लोग शपथ ले कि वह जल को अनावश्यक खर्च नहीं करेंगे का संरक्षण करेंगे तथा लोगों को भी जागरूक करेंगे। इसके बाद उन्होंने जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता फैलाने के लिए एक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह वाहन सभी ब्लॉकों में जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, तहसीलदार करनैलगंज नरसिंह नारायन वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बीडीओ, सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी कलश यात्रा, आठ दिवसीय होगा कार्यक्रम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** श्री पंचवटी सीताराम आश्रम की गोण्डा इकाई द्वारा आयोजित 18 जुलाई से 25 जुलाई तक आठ दिवसीय सवा लाख पार्थिव पूजन और शिवमहापुराण कथा का शुभारम्भ आज मंगलवार को कलश यात्रा से होगा। ये जानकारी आश्रम परिवार के देवीपाटन मंडल प्रभारी संदीप मेहरोत्रा ने बताया कि सायंकाल 7 बजे से 10 तक विख्यात कथावाचक पं.रविशंकर गुरु भाई द्वारा शिवमहापुराण कथा की जायेगी। श्री मेहरोत्रा ने बताया कि कलश यात्रा नगर के गोलागंज मोहल्ले में स्थित प्रेमीश्वर महादेव मंदिर से निकलकर मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल बडगांव पुलिस चौकी के निकट शारदा मैरिज लॉन तक जाएगी। बुधवार से आगामी 25 जुलाई तक प्रातः छह बजे से नौ बजे तक सत्तर यजमानों द्वारा सामूहिक पार्थिव पूजन संग रुद्राभिषेक किया जायेगा। और नित्य सायंकाल पूज्य महाराज श्री द्वारा शिवमहापुराण कथा व्यास पीठ से सुनायी जायेगी। आगामी भव्य रूप से 20 जून को शिव विवाह का आयोजन किया जायेगा। आयोजन को लेकर एक बैठक हुई। बैठक के दौरान संतोष सोनी, विजय कसौधन, दीपेंद्र मिश्रा, सूर्य प्रकाश सोनी, अंबिका गुप्ता, अजय मिश्रा,रमेश गुप्ता, राधेरमन, अनिल, रामशंकर, राकेश कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 31 तक जमा करें रिटर्न आयकर दाता : प्रफुल्ल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**



अवध टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरालाल कश्यप और महामंत्री अमित कुमार गर्ग के नेतृत्व में एसोसिएशन के तमाम सदस्य और पदाधिकारी आयकर अधिकारी प्रफुल्ल वर्मा से शिष्टाचार भेंट वार्ता करते हुए समृद्ध का प्रतीक बांस वृक्ष का पौधा भेंट किया।

टैक्स के अधिवक्ताओं ने मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की बात के साथ विधिक चर्चा किया। महामंत्री अमित कुमार गर्ग ने टैक्स से सम्बंधित प्रक्रिया को सरलीकरण एवं आमजनमानस के लिए सुविधा प्रदान करने की मांग किया। आयकर अधिकारी प्रफुल्ल वर्मा शिष्टाचार भेंटवार्ता में बताया कि जिन फर्म का ऑडिट नहीं होना है, उनको अपना रिटर्न समस्त कागजात तैयार कर 31/7 /2023 तक जमा करा लेना चाहिए। इस तिथि का आगे बढ़ने का कोई आसार नहीं है। ऐसे में सजग होकर निर्धारित तिथि तक अपना अयकर विवरणी जमा कर दें। बातचीत के दौरान अधिवक्ताओं ने पैन आधार के लिंक एवं डी- लिंक और आयकर से संबंधित समस्याओं के बारे में भी चर्चा किया, उक्त अवसर पर अधिवक्ता अलंकार सिंह, पवन कुमार सोनी, शंभू तिवारी, अर्जुन प्रसाद वर्मा, एस के मिश्रा, शैलेंद्र कश्यप एवं वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता प्रमोद नन्दन श्रीवास्तव और आयकर कार्यालय के कर सहायक नवनीत तिवारी एवं अटल पाण्डेय उपस्थित रहे।

## यदि नहीं होगा भुगतान तो नहीं करेंगे मतदान



- 31 जुलाई 2023 को सभी लोग रामलीला मैदान में प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आज दिनांक 16 /07/ 2023 को एक मीटिंग का कार्यक्रम किया गया जिसमें पीएसीएल ,लोकहित भारती सोसाइटी ,सहारा इंडिया व अन्य के कार्यकर्ता उपस्थित हुए भारत सरकार द्वारा अधिनियम चिटफंड 2019 के कानून के द्वारा संपूर्ण जिले में भुगतान के कागज जमा कराए गए तहसील स्तर पर अब जिला अधिकारी को ज्ञापन 13 /07/ 2023 को दिया गया फिर भी मीटिंग किया गया सरकार बताएं कि पैसा कब मिलेगा इन सब बातों पर चर्चा की गई अब हम लोग 31 जुलाई 2023 को रामलीला मैदान में जाकर प्रदर्शन करेंगे तथा अन्य भुगतान पर चर्चा भी करेंगे हम लोगों का संकल्प है यदि नहीं होगा भुगतान तो नहीं करेंगे मतदान ।

# तस्करी करने वाले गिरोह में आया प्रापर्टी डीलर मस्तान का नाम

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

लम्बे अरसे से करनैलगंज क्षेत्र में जमीन की खरीद फरोख्त का काम करने वाले मो0 शाहिद उर्फ मस्तान पुत्र मो0 शफी का नाम अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह में आने से हड़कंप मच गया है। लोगों का मानना है कि मस्तान जमीन खरीद फरोख्त का काम केवल दिखावे के लिए करता था और उसका मुख्य कार्य कुछ दूसरा ही था। इसी तरह से कमाए अवैध धन और अपने इसी रसूख के चलते मस्तान थाने कचेहरी और राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चित रहा। उसके नाम कर्नलगंज थाने पर भी मुकदमा दर्ज है। एसटीएफ द्वारा पकड़े गए करनैलगंज कस्बा निवासी मो0 फरीद द्वारा इस धंधे का मुख्य कर्ता धर्ता मो0 शाहिद उर्फ मो0 मस्तान बताए जाने की सूचना से उसका असली चेहरा सामने आने के बाद लोगो के पैरो से जमीन खिसक गई। पूरी जानकारी पुलिस द्वारा भेजी गई विज्ञप्ति के मुताबिक इस प्रकार है। दिनांक 16-07-2023 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थ (चरस) की तस्करी करने वाले गिरोह के 01 सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.00 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर (अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य अनुमानित लगभग 03 करोड़ रूपये) बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। दिनांक- 16-07-2023 समय 11.50 बजे दोपहर मरौचा मोड से 100 मीटर आगे बौण्डी रोड थाना फखरपुर बहराईच पर विगत काफी दिनों से एस0टी0एफ0

- तीन करोड़ की कीमत के मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

उ0प्र0 को अवैध मादक मदार्थ की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस संबंध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री संजीव कुमार दीक्षित, पुलिस उपाधीक्षक, एस0टी0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ मुख्यालय टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के क्रम में निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय के नेतृत्व में उ0नि0 अमित कुमार तिवारी, राम किशुन यादव, मु0आ0 विद्यासागर, घनश्याम राय, गुलजार सिंह, दुर्गेशमणि तिपाठी, आरक्षी अवनीश कुमार कमा0 राज कुमार यादव आरक्षी चालक सुरेश राम व शिववीर की एक टीम जनपद बहराईच में भ्रमणशील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि कुछ तस्करों द्वारा जनपद बहराइच में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। इसी गिरोह का एक सदस्य मादक पदार्थ लेकर गोण्डा से मरौचा मोड (बहराइच) के रास्ते कही जाने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मरौचा मोड से 100 मीटर आगे बौण्डी रोड थाना फखरपुर बहराईच के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं गोण्डा के थाना क्षेत्र करनैलगंज के सदर बाजार निवासी मो0 साहिद उर्फ मस्तान पुत्र मो0 सफीक से यह अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) लेकर मो0 कासिम पुत्र सिद्दीक नि0 महादेवा लोधेरा, जनपद बाराबंकी, जो वर्तमान समय में कस्बा खैरा थाना कोतवाली देहात जनपद बहराईच में रहते है,उनको ही देने जा रहा था। उसके द्वारा यह ब्राउन शुगर नेपाल व आसपास के जनपदों में सप्लाई की जाती है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना फखरपुर बहराईच में मु0अ0सं0 296/2023 धारा 8/18/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।

## भुगतान दिलाने से किया मना

**मुजेहना/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पूरे सिधारी के तकनीकी सहायक बंशीधर पाण्डेय द्वारा ग्राम प्रधान पर समाजवादी होने का ठप्पा लगाते हुए भुगतान दिलाने से मना कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप ग्राम पंचायत के प्रधान का है उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गाँव के प्राइमरी स्कूल की बाउंड्री वाल बनवाने की स्वीकृति मिलने के बाद भट्ठे से ईंट अथवा सीमेंट बालू मोरंग सब कुछ उधार लेकर निर्माण पूर्ण करा दिया है। अब जब भुगतान के लिए तकनीकी सहायक से बात की जाती है तो वे कहते हैं की तुम समाजवादी पार्टी से ताल्लुक रखते हो इसलिए ऊपर से तुम्हारे एम0बी0 पर रोक लगा दी गयी है। क्षेत्र के विधायक अथवा सांसद की सिफारिश लाओ तभी भुगतान सम्भव हो पायेगा,वरना फ़ाइल ले कर घूमते रहो। ग्राम प्रधान सूर्यपाल पाण्डेय द्वारा तकनीकी सहायक के इन बेतुके आरोपों से तंग आकर मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दे कर भुगतान कराने की मांग की गई है। सीडीओ ने प्रकरण का निस्तारण करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी को आदेशित किया है।

## खबरें एक नजर में

### विद्वानों ने शोधार्थियों को मौलिक अनुसंधान के लिए किया प्रेरित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आज श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में प्री,पी द्व एच. डी. कोर्स वर्क के संचालन के बाद गतिशील एवं यशस्वी प्राचार्य प्रो . रवींद्र कुमार पांडेय,शिक्षा शास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो.शिव शरण शुक्ल एवं डॉक्टर हरीश शुक्ला तथा डॉक्टर नीरज यादव,डॉक्टर ओम प्रकाश यादव तथा डॉक्टर शैलजा सिंह का संबोधन हुआ। विभिन्न विद्वानों ने शोधार्थियों को विषय गत ज्ञान से अभिसिंचित किया एवं सभी के उज्वल। भविष्य की कामना की। विद्वानों ने शोधार्थियों को मौलिक अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया।

### दो अलग अलग मारपीट मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**परसपुर/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र परसपुर अन्तर्गत ग्राम अभईपुर पठान पुरवा निवासिनी महिला चाँदनी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षीगण अनायास भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुये मूका थप्पड़ लाठी डण्डा से मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार सुनकर विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अभईपुर पठान पुरवा के राजकुमार पासवान,छोटू पासवान तथा राम सिंह के खिलाफ विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं मकरन पुरवा मरचौर निवासी बृजेश सिंह पुत्र आनन्द पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने घर के पीछे खेत मे गया था तभी उसी के गाँव निवासी विपक्षीगण मौके पर पहुंचकर अनायास भद्दी-भद्दी गाली गुप्ता देते हुये मूका थप्पड़ लात घूँसा डण्डा से मारने पीटने लगे। आस पास के लोग बीच बचाव कराने पहुँचे जिस पर विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुये चले गए। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर शुभम सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह तथा मंजीत सिंह पुत्र राम सुमिरन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि अलग अलग मामले को में पीड़ितों के तहरीर के आधार पर पाँच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है।

### तीन करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर पुलिस और लखनऊ एसटीएफ ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार को तीन किलो ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर अंतर्राष्ट्रीय है उसके पास से नगदी भी बरामद हुई है। बरामद नकदी, बाइक और ब्राउन शुगर को सीज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक फखरपुर ने पुलिस टीम गठित की। अपराध निरीक्षक जय प्रकाश राय उपनिरीक्षक अमित तिवारी एसआई रामकिशन यादव और लखनऊ एसटीएफ के उप निरीक्षक महेंद्र कुमार, रामदेव प्रजापति, अनिल कुमार की टीम लखनऊ बहराइच मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मिले इनपुट के आधार पर एक बाइक सवार को रोका गया तो उसकी डिक्की से तीन किलो ब्राउन शुगर बरामद हुई। इस पर उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी अंतरराष्ट्रीय तस्कर निकला। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्कर की पहचान गोंडा जनपद के करनैलगंज थाना क्षेत्र के सदर बाजार निवासी मोहम्मद फरीद पुत्र मोहम्मद हुसैन के रूप में हुई है उसके पास से तीन किलो ब्राउन शुगर , 8500 रूपये नकदी भी मिला है। उन्होंने बताया कि बाइक संख्या यूपी 43 एसी 6315, नगदी और ब्राउन शुगर को सीज कर दिया गया है जबकि अंतर्राष्ट्रीय तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बरामद ब्राउन शुगर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तीन करोड़ रूपये है।

# हथियारों से लैस बदमाशों ने घर पर बोला धावा, पति पत्नी और बेटी को पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला बक्शीपुरा नईबस्ती निवासी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका के घर में खिड़की काटकर घर में रात को हथियार बंद बदमाश पहुंच गए। बदमाशों ने पहले लाखों की लूट की। शिक्षिका, पति और बेटी को पीटा। इसके बाद शिक्षिका की बेटी पर गलत नजर डाला। इस पर दंपती ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का मुकाबला किया। इस पर बदमाश मौके से फरार हो गए। तीन लाख से अधिक की लूट की। बदमाश मौके पर जिंदा कारतूस और अन्य सामान छोड़ गए हैं। दरगाह थाना क्षेत्र के बक्शीपुरा नईबस्ती आसाम रोड निवासी स्नेह लता श्रीवास्तव पत्नी अनूप कुमार प्राथमिक विद्यालय रामपुर कोडरी श्रावस्ती में शिक्षिका के पद पर तैनात हैं। रविवार रात को शिक्षिका अपने पति अनूप और बेटी मुस्कान के साथ सो रही थी।

रात डेढ़ बजे हथियार से लैस बदमाश मकान के ऊपर हिस्से में बने खिड़की को काटकर घर में घुसे। इसके बाद सभी ने दरवाजा का ताला। फिर बंधक बनाकर घर में हथियार के बल पर लूटपाट की। परिवार की बदमाशों ने पिटाई की। शिक्षिका के मुताबिक सोने के गले की हार, झुमकी, झाला, अंगूठी, मांग टीका, जेवरी, करधनी, चांदी का गुच्छा, पांच हजार रुपए की लूट की। इसके बाद सभी ने शिक्षिका की बेटी पर गलत नजर डाला।

इस पर शिक्षिका और उसके पति ने साहस दिखाते बदमाशों पर धावा बोल दिया। इस पर बदमाश मौके से फरार हो गए। लेकिन घर में जिंदा कारतूस, रॉड और आपत्तिजनक वस्तु बरामद छोड़ गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लोग काफी संख्या में मौके पर पहुंच रहे हैं।







- बेटी पर डाला गलत नजर तो बदमाशों से भिड़ गये माता पिता
- बंधक बनाकर बदमाशों ने की लाखों लूट

### बेटी से छेड़खानी होती देख बदमाशों से भिड़ी मां

शिक्षिका ने बताया कि अचानक असलहे से लैस बदमाशों को देख वो सहम गई। बदमाशों के हाथों में असलहा और धारदार हथियार थे। बदमाशों ने सभी पर असलहा तान दिया। बदमाशों ने पति के हाथ बांध दिए और बदमाशों को अंजाम दिया। वहीं जाते समय सभी ने बेटी पर गंदी नजर डाली और छेड़खानी की। शिक्षिका ने बताया की बेटी से छेड़खानी करते देख वो जान की परवाह न करते हुए बदमाशों से भिड़ गईं। जिसके बाद बदमाशों ने सभी की डंडों से पिटाई की और भाग खड़े हो गए।

### भागते समय छूटी टोपी, दो कारतूस और आपत्तिजनक सामग्री

परिजनों के विरोध पर बदमाशों ने मारपीट करते हुए भाग गए। भागते समय बदमाशों के दो जिंदा कारतूस, एक बदमाश को टोपी और गलत इरादे को लेकर साथ लाई गई आपत्तिजनक सामग्री घर पर छूट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को कब्जे में ले लिया है। सीओ राजीव सिसौदिया, थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा मौके पर टीम के साथ जांच में जुटे हैं।

### फोरेंसिक टीम के साथ लिया जायजा

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया अभी शिक्षिका की ओर से तहरीर नहीं मिली है। घटना की जानकारी मिली है। मकान के ऊपर लगे खिड़की को काटकर बदमाश घर में पहुंचे थे। फोरेंसिक टीम के साथ जांच कर रहे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।





## जिले में हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सावन (श्रावण) माह के दूसरे सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, गंगा जल व दूध से शिवलिंग का अभिषेक किया। भोर में शहर के चौक स्थित श्री सिद्धनाथ मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक को शिवभक्तों की कतारें उमड़ पड़ीं। भक्तों के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक सिलसिला शुरू हो गया। जो जारी है। प्रकृति के संरक्षक महादेव की पूजा अर्चना को श्री सिद्धनाथ मंदिर परिसर के बाहर रविवार आधी रात के बाद से ही शिवभक्तों की जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक को कतारें लगने लगीं। रविवार रात तीन बजे मंगला आरती के पश्चात भोर चार बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, गंगाजल अर्पित किया। बेलपत्र, शमीपत्र, दूर्वा, धूप, भांग-धतूर, फूल-फल अर्पित कर अपने आराध्य की आराधना की और मनोकामना पूर्ति की कामना की। शहर स्थित पांडवकालीन सिद्धनाथ मंदिर में भोर से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। सुबह तीन बजे से ही भक्तों की कतार लग गई। जिसका सिलसिला जारी है। सुरक्षा व्यवस्था में महिला व पुरुष पुलिस कर्मी तैनात रहे।

## भरभराकर गिरा टीनशेड, सास-बहू समेत तीन घायल

- घायलों को सीएचसी में कराया भर्ती, चल रहा इलाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के अख्तियारापुर गांव में टीन शेड और मिट्टी का मकान गिर गया। जिसके नीचे सास बहू समेत तीन दब गए। सभी को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जनपद में लगातार हो रही बारिश किसानों के लिए अमृत से कम नहीं है। वहीं बारिश मिट्टी के मकान में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा। फखरपुर थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक सीमेंटेड टीन शेड से बना घर भरभरा कर गिर गया। गांव निवासी मेड़ीलाल पुत्र जोधा का घर टीन शेड का बना हुआ है। सोमवार को मकान गिर गया। गांव के लोग तेज आवाज सुनकर दौड़े।मकान के मलबे में परिवार के लोग दब गए। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे पुसू की पत्नी पार्वती उम्र लगभग 48 वर्ष, बहू व पोती को बाहर निकाला गया। गांव निवासी अजय कुमार, सुनील सिंह, रामतेज, प्यारेलाल, रामू सहित तमाम लोग मौके पर पहुंचकर मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद सीएचसी फखरपुर पहुंचाया।



ग्राम प्रधान अजय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है। वहीं पीड़ित के घर में रखा हुआ सारा सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना की तरफ से आर्थिक सहायता पहुंचाई गई है।

# स्थानांतरित शिक्षक को नम आंखों से दी गई विदाई

- अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न देकर किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड तेजवापुर के पाठक पट्टी गांव में स्थित प्रयाग दत्त पाठक कालेज में शिक्षक का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कालेज के वरिष्ठ शिक्षक नितिन यादव को सम्मानित कर विदाई दी गई। जिनका अंतर्जनपदीय स्थानांतरण हो गया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष /प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद समेत शिक्षको एंव कर्मचारियों ने स्थानांतरित शिक्षक नितिन यादव को माल्यार्पण के बाद स्मृतिचिह्न, अंगवस्त्र, डायरी-पेन देकर सम्मानित किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आप और आपका कठिन परिश्रम सदा हमारे दिलों में रहेगा आपने कालेज के बुरे समय में जो वह मूल और प्रभावी सुझाव दिए थे। हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते ऐसा लगता है कि जैसे कल ही आप इस कॉलेज में शिक्षक पद से जुड़े और आज इतनी जल्दी इस पद से अवकाश लेने का समय आ गया आप इस कॉलेज में मेरे सबसे प्रिय अध्यापक में से थे। इतना कहने के बाद प्रधानाचार्य,शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं के आंखों से आंसू गिरने लगे। इस मौके पर शिक्षक राजेश शुक्ल, दुर्गेश मौर्य, डा. बृजेश तिवारी, शिवकांत वर्मा, शिवम अवस्थी, रामगोपाल पाठक,अरविंद पाठक,राकेश मौर्य,विजय मौर्य,उमेश कुमार वर्मा, दिलीप पांडेय,रूपनरायन तिवारी, उमाशंकर श्रीवास्तव, रफीक अहमद, शिवाजी, रविकुमार, संतोष कुमार, सुंदर लाल, हरिनाथ,हेमराज समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।



# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के शुभारम्भ अवसर पर रवाना हुए जागरूकता वाहन

- विधायक महसी ने डीएम के साथ वाहनों को दिखवायी हरी झण्डी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने एवं नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 17 से 31 जुलाई 2023 तक आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के शुभारम्भ अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओ.पी. सिंह व प्रशासन के राजीव कुमार सहित अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों के अधिकारी व गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। रवाना किये गये जागरूकता वाहनों द्वारा नगर के मुख्य चौराहों व प्रमुख स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, सीट बेल्ट का सदैव प्रयोग करने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग न करने, वैध प्रपत्रों के साथ वाहन चलाने, निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन न चलाने, पार्किंग के नियमों का पालन करने, आवश्यकतानुसार इंडीकेटर्स का प्रयोग करने तथा अपनी लेन में ही वाहन चलाने इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया जायेगा।



### विधायक व डीएम ने किया अपील

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी-मोटी सावधानियॉ बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। विधायक व डीएम ने लोगों से अपील की कि वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीटबेल्ट व हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, ओवर स्पीडिंग न करें, किसी प्रकार के स्टन्ट से बचे तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन अवश्य करें तथा दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें और पालन करने के लिए प्रेरित भी करें।

# अपर मुख्य सचिव ने की आईजीआरएस व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में आईजीआरएस एवं शासकीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य मुद्दा आईजीआरएस की समीक्षा ही रहा। एसीएस जितेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रदेश में जनपद रायबरेली की आईजीआरएस में पांचवीं रैंक के साथ यहां की स्थिति अच्छी है। जिसका क्रॉस चेक भी किया गया है।




उन्होंने अधिकारियों को आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों प्रकरणों को गंभीरता से लेकर समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक विशेष ध्यान देकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के अन्तर्गत ऑनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्राप्त होने वाले सन्दर्भो के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित प्रकरण सन्दर्भो पर स्वयं रूची लेते हुए उन प्रकार के सन्दर्भो को शून्य करने तथा डिफाल्टर की श्रेणी में आने से पहले ही गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये। इसी दौरान उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने कई एकड़ में बन रहे उद्यान पार्क कोविड कंट्रोल रूम एवं आईजीआरएस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह पार्क रायबरेली के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### अपर मुख्य सचिव ने कंपोजिट विद्यालय और अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



सामान्य प्रशासन, भाषा, पुनर्गठन समन्वय एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग उत्तर प्रदेश शासन अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार ने एक दिवसीय जनपद रायबरेली भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड बछरावां के नीमटीकरण कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अपर मुख्य सचिव सीधे क्लास रूम में पहुंचे और एक शिक्षक की तरह बच्चों से सवाल जवाब किया। बच्चों के जवाब से खुश होकर उन्हें शाबाशी दी। उन्होंने कॉम्पोज़िट विद्यालय नीमटीकर के बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि छात्रों ने सभी सवालों का जवाब देने के साथ ही एक बच्चे द्वारा उन्हें कविता भी सुनाई। इसी दौरान अपर मुख्य सचिव ने अमृत सरोवर नीमटीकरण का भी निरीक्षण किया।

# प्रभात साहू ने अवध प्रान्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष का किया गर्म जोशी से स्वागत



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चेयरमैन प्रतिनिधि महराजगंज प्रभात साहू ने बीजेपी कार्यालय पर पधारे अवध प्रान्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वही चौथी बार महराजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष की सीट पर एक फिर कब्जा करने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने प्रभात साहू को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस को लाभ मिले और नगर का भरपूर विकास हो क्योंकि अब तो ट्रिपल इंजन की सरकार है प्रभात साहू ने बताया क्षेत्रीय अध्यक्ष ने नगर का विकास हो इसका आश्वासन दिया।

## खबरें एक नजर में

### शार्ट सर्किट से समसपुर हलोर के यूको बैंक में लगी भीषण आग

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जनपद के महराजगंज तहसील अंतर्गत समशपुर हलोर स्थित यूको बैंक में शनिवार की रात शार्ट शर्किट से आग लग गई जिसकी जांच के लिए कुछ अधिकारी पहुंचे बैंक मैनेजर विशाल सिंह ने बताया कि जाँच के बाद पता चला कि बैंक के जरूरी दस्तावेज और कोई कम्प्यूटर में हानि नहुईं परन्तु वायरिंग इन्वर्टर बैटरा कैमरा सब जलकर राख हो तकरीबन दो से ढाई लाख का सामान जलकर खाक हो गया।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार




शिवगढ़,रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत मुखबिर खास की सूचना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पल्टन दास कुटी तिराहा के पास से मुखबिर खास की सूचना पर एक अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र श्री राम निवासी ग्राम गड़िया मजरे रामपुर टिकरा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को 7.5 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष कुमार ,मुख्य आरक्षी लालसा चौहान ,आरक्षी देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने सोमवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा पुलिस के मुताबिक वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र कैलाश निवासी हरिहरपुर मजरे तौली थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली जो धारा 376 व पॉक्सो एक्ट का आरोपी था जिसके विरुद्ध थाना बछरावां शासन बनाम अजय कुमार संबंधित माननीय न्यायालय ए एस जे/पॉक्सो एक्ट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय रायबरेली के समक्ष भेज दिया

### पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किसान पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से झुलस गया जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में उसे अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नेरुवा गांव के किसान रामप्रकाश पुत्र सुखलाल उम्र लगभग 42 वर्ष अपने घर में छप्पर के नीचे रखा पंखा चलाने गया था जैसे ही उसने पंखे का स्विच खोला वैसे ही पंखे में करंट उतार आया जिससे रामप्रकाश लगभग 20 मिनट तक पंखे में चिपक कर चिल्लाता रहा परंतु उसके घर में कोई मौजूद नहीं था सिर्फ उसके छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे बच्चों के चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे परिजनों व पड़ोसियों ने जब उसे देखा तो किसी तरह पंखे को हटाकर अपने निजी वाहन से रामप्रकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उक्त किसान को मृत घोषित कर दिया वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया

### रोडवेज बस की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**ऊँचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** घर से बाजार जा रहे बाइक सवार दो अधेड़ों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। दोनों गम्भीर रुप से घायल बाईक सवारों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस बस को कब्जे में लेकर पूंछ तांछ में लग गई है। ऊँचाहार नगर के वार्ड नम्बर 3 पूरे इछनी निवासी राम लखन 65 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के अरखा निवासी अपने ड्राइवर मोहम्मद वसी 50 वर्ष के साथ बाईक पर सवार होकर अरखा से ऊंचाहार बाजार जा रहे थे थे। बताते हैं रास्ते में लखनऊ प्रयागराज राज्य मार्ग पर कैथवल मोड़ के निकट प्रयागराज की ओर से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एचटी 3922 ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया। दोनों सड़क के किनारे गड्ढे में भरे पानी जा गिरे जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से दोनो घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों द्वारा दोनो घायलों का ईलाज किया गया है। उधर पुलिस ने घटना में संलिप्त बस की कब्जे में लेकर पूंछ तांछ किया गया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि दुर्घटना में घायल दो बाइक सवार की सूचना मिली थी। घटना में संलिप्त बस को नगर के चौराहे पर एचडीएफसी बैंक के सामने से पकड़ कर कब्जे में लेकर पूंछ तांछ करके नियमानुसार कार्यवाही करते हुए छोड़ दिया गया है।



### पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह का जन्मदिन मनाया

लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज। कस्बे के तेजगांव कंपलेक्स में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह के 74वें जन्म दिवस बेहद धूमधाम से मनाया गया। मौजूद व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें अंग वस्त्र व पुष्प माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। लोगों ने उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक ने कहा वह अपनों से मिलने वाले इस स्नेह से बेहद अभिभूत हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि वह अपना पूरा जीवन लोक कल्याण और लोगों की सेवा में खपाना चाहते हैं। लोगों के अपार स्नेह और आशीर्वाद से उन्हें समाज हित में निरंतर कार्य करने का हौसला मिलता है। इस मौके पर श्यामकिशोर अवस्थी, सुखेंद्र बहादुर सिंह, राघवेंद्र सूर्यवंशी, अजय वर्मा, संतोष तिवारी, बीरेन्द्र शुक्ला, दीपक त्रिवेदी, अरविंद अग्निहोत्री, जेपी सिंह सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### सर्पदंश से दो महिलाओं की मौत से हड़कंप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के थुलवासां गांव में सांपों का कहर जारी है सांप के काटने से दो महिलाओं की जान चली गई बारिश के मौसम में जीव जंतुओं का निकलना जारी रहता है और कभी-कभी यह जीव मनुष्य के लिए काल बन जाते हैं ताजा मामला फूलमती पत्नी रामसनेही उम्र लगभग 58 वर्ष निवासी पुरे भवन मजरे थुलवास घर पर सांप ने काट लिया रविवार को जब परिजन उसे अस्पताल लेकर सुबह पहुंचे लगभग 5 बजे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरा मामला है गरिमा पत्नी रमेश कुमार उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी रणागंज थुलवासा कि सांप काटने से मृत्यु हो गई दोनों महिलाओं का पोस्टमार्टम करवाया गया।

# कस्बे में जिओ फाइबर के ऑफिस का उद्घाटन

> जिओ फाइबर आने पर कस्बे के लोगों ने खुशी जाहिर की

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

इंटरनेट व मोबाइल नेटवर्क की दुनिया में अपनी धाक जमाने वाला जिओ फाइबर अब लोगों के बीच में अधिक से अधिक पहुंच रहा है रायबरेली जिले के लालगंज कस्बे में जिओ फाइबर के ऑफिस का विधि विधान से उद्घाटन किया गया लालगंज कस्बे में जिओ फाइबर के ऑफिस का उद्घाटन पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदेव पाल समेत गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि लालगंज में जिओ फाइबर की सेवाएं मिलने से अब यहां के लोगों को वाईफाई व इंटरनेट की सुविधा अच्छे ढंग से मिल सकेगी कार्यक्रम में बोलते हुए जिओ फाइबर ईस्ट के अधिकारी अजय ने कहा कि उन्होंने लालगंज का पाटनर इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव काजू को चुना है उनको भरोसा है कि लालगंज में जिओ फाइबर अच्छे ढंग से संचालित होगा कस्बे में जिओ फाइबर आने पर वहां के लोगों ने काफी खुशी जाहिर की है इस अवसर पर सभासद रामखेलावन बारी, जिओ फाइबर के लालगंज संचालक इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव समेत कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे सभी ने जिओ फाइबर के संचालक को ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

# चोरी का खुलासा न होने पर सर्राफा व्यापारियों ने धरने की दी चेतावनी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सर्राफा मंडी निवासी शेख जहीर के कारीगर शेख मुमताज से एक माह पूर्व हुई पुलिस के नाम पर चेकिंग के दौरान टप्पे बाजी का खुलासा ना होने पर सराफा व्यापारियों ने धरना की चेतावनी दी है।

मालूम हो कि एक माह पूर्व चिकमण्डी कब्रिस्तान के पास से शेख जहीर के कारीगर से 68 ग्राम सोने के जेवर की टप्पे बाजी हो गयी थी एक माह बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा खुलासा ना होने पर



स्वर्णकार सराफा एण्ड बुलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेश कुमार सोनी व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदोरिया ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अपराधियों की पहचान होने के बावजूद आज तक खुलासा नहीं हो पाया अगर प्रशासन इसी तरह निष्क्रिय रहा तो व्यापारी धरना देंगे इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर युवा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, संगठन मंत्री ओमी तिवारी, राघवेन्द्र सूर्यवंशी महामंत्री बबलू सोनी उपाध्यक्ष उमेश सोनी कोषाध्यक्ष सचिन सोनी मंत्री दीपेंद्र रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### आज मंडलायुक्त जनता दर्शन में लोगों की सुनेंगी जन समस्याएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सरकार की मंशा अनुसार अब मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ मंडल के प्रत्येक जनपदों में जनता दर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में रायबरेली में 18 जुलाई को जनता दर्शन का आयोजन होगा। इस जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं जिनमें बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा,भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित मामले सुने जाएंगे। जनता दर्शन प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को मंडल के किसी एक जिले में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होगा। इसका आयोजन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 के मध्य होगा। समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापरक निर्धारित समयावधि में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में एवं दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन मे सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम का आयोजन न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलोन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार कोरी विधायक सलोन उपस्थित रहे। अशोक कोरी ने यातायात नियमों को पालन करने हेतु बच्चों से सीधे संवाद स्थापित किया। जेबरा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल ओवरस्पीडिंग आदि के संबंध में बच्चों को जानकारी दी.... सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह ने बिना वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने की सलाह देते हुए इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया। यात्री कर अधिकारी रेहाना बानो ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों की जानकारी होने पर बल दिया।

# शुक्लागंज में धड़ल्ले से बिक रहा मादक पदार्थ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर सूबे के मुखिया अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं वही उन्नाव के गंगाघाट में बेखौफ होकर गांजा तस्कर गांजा बेच रहे हैं। नगर के बालूघाट चौकी, पश्चिमी चौकी तथा रेलवे क्रॉसिंग ठीक के निकट तिकुनिया पार्क, आजाद नगर, धोबी पुलिया, शक्तिनगर, आनंद घाट सहित कई क्षेत्र में इन दिनों मादक पदार्थ की बिक्री आम हो गई है। नगर में शानू, काजल, अंकित कश्यप खुलेआम गांजा बेचते दिख रहा हैं विगत दिनों शानू को गंगाघाट पुलिस ने जेल भेजा था। वहीं नगर में अभी भी कई मादक पदार्थ विक्रेताओ पर पुलिस कार्यवाही करने में



लापरवाही बरत रही है। नगर में आज भी खुलेआम मौत की पुड़िया कम उम्र के बच्चों और लोगों को बिना किसी डर के बेची जा रही हैं। सुबे के मुखिया के अपराध व नशा मुक्त प्रदेश के सपनों को साकार करने में गंगाघाट पुलिस क्या ठोस कदम उठाती या फिर हर बार की तरह आदेशों की धज्जियां उड़ते हुए मादक पदार्थ का कारोबार होने देती है।

### बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का डीएम ने किया दौरा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने आज बांगरमऊ के गंगा तटवर्ती गांव जगतनगर, भुड्डा, खैरुद्दीनपुर, फरीदपुर कट्टर, उमरिया भगवंतपुर तथा कटरी गदनपुर आहार आदि गांव का दौरा किया। उन्होंने गंगा की बाढ़ और उससे होने वाले नुकसान का भी जायजा लिया। डीएम ने उमरिया भगवंतपुर से गंगा दोआबा में बसे कटरी गदनपुर आहार के मजरा नयापुरवा तक संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया। संपर्क मार्ग पर कीचड़ देखकर उन्होंने ग्राम प्रधान जितेंद्र यादव से मार्ग को दुरुस्त करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम को गंगा तटवर्ती गांवों में बाढ़ राहत केंद्र सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। दौरे में उनके साथ एडीएम नरेंद्र सिंह एसडीएम नूपुर गोयल व तहसीलदार दिलीप कुमार सहित करीब एक दर्जन पंचायत और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# छत गिरने से एक व्यक्ति दबकर हुआ जख्मी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बन्नामऊ गांव में अचानक छत गिरने से एक व्यक्ति घर के अंदर दोपहर में आराम कर रहा था। तभी उसके ऊपर छत गिर गई। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे किसी तरह बाहर निकाला और डायल हंड्रेड की मदद से इलाज के लिए लालगंज सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही



परिवारजनों का कहना है कि कॉलोनी कई साल पहले मिली थी जो कि समय झज्जर हालत में थी। बीते दिनों हुई बारिश के चलते अचानक छत गिरने से रवि पुत्र बबलू उम्र लगभग 25 वर्ष जख्मी हो गया द्य वही परिवार जनों ने रो रो के बुरा हाल बना हुआ है वही तहसील प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं पूरे मामले की जांच करवाने की बात कही जा रही है।

वही लालगंज सीएससी अस्पताल के डॉक्टर आरके तिवारी के द्वारा बताया गया कि परिजन और डायल हंड्रेड की मदद से एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था जहां पर इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# जनपद में 35 धान क्रय केन्द्र स्थान चयनित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाये जाने हेतु जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों के कुल 35 धान क्रय केन्द्र को अनुमोदित किये हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 31 एवं भारतीय खाद्य निगम के 04 धान केन्द्र सम्मिलित है। जिलाधिकारी कहा है कि अनुमोदित/चयनित किये गये 35 धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुख-सुविधाओं की व्यवस्था के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक केन्द्र आदि की व्यवस्था धान क्रय केन्द्रों पर कराना सुनिश्चित किया जाए। जिला खाद्य विपण अधिकारी सोनी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि धान खरीद एजेन्सीवार चयनित धान क्रय केन्द्रों की सूची के अनुसार समस्त तहसील के विकास खण्डों में निर्धारित स्थानों पर धान क्रय केन्द्र संचालित किये जायेंगे। जिसमें खाद्य विभाग के 31-रायबरेली मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, अमावां उपमण्डी स्थल, हरचन्दपुर प्रथम एवं द्वितीय, सतांव, महराजगंज उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, बछरावां एट महराजगंज उपमण्डी पंचम व षष्ठम, शिवगढ़ एग्रीकल्चर मार्केटिंग हब (ए0एम0एच0), लालगंज मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, ऊँचाहार, रोहनिया, जगतपुर, डलमऊ उपमण्डी, दीनशाहगौरा एट डलमऊ उपमण्डी, सलोन मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, डीह, परशदेपुर उपमण्डी स्थल, छतोह में धान क्रय केन्द्र अनुमोदिय किये गये है। इसी प्रकार भारतीय खाद्य निगम के 04- रायबरेली मंडी, पहरेमऊ महाराजगंज, ऊँचाहार मंडी एवं सलोन मंडी में धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है।

# वृक्षारोपण अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**उन्नाव।** वृक्षारोपण अभियान 2023 में जनपद के समस्त विभागों के प्रत्येक अधिकारी- कर्मचारी द्वारा कम से कम एक पौधे का रोपण किये जाने तथा शासन द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण दिवसों क्रमशः 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को व्यापक जन सहभागिता के साथ वृक्षारोपण को उत्सव के रूप में मनाये जाने की तैयारियों को लेकर नामित किये गये नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्टेउट स्थित पन्नालाल सभागार में श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर में आयोजित किये जा



रहे जनपद स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के दृष्टिगत बैरीकेटिंग एवं मंच सज्जाध्टेन्टेज, गड्ढे खुदाई एवं पौधों की उपलब्धता, गणमान्य व्यक्तियों के आमंत्रण, कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय दल, आवश्यक दवाओं, उपकरण व एम्बुलेन्स की उपलब्धता, वृक्षारोपण स्थल की साफ-सफाई, शहर की यातायात व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं टॉयलेट की व्यवस्था, कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, मंच व कार्यक्रम स्थल पर सूक्ष्म जलपान आदि व्यवस्थाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नामित नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नम्रता सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, एसडीओ उन्नाव संतोष कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चमड़े की कतरन जला वायु प्रदूषण फैला रहीं फैक्ट्रियां

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गंगाघाट नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जाता रहा है लेकिन चमड़ा कारखाने कारोबारी उस पर पलीता लगाने से बाज नही आ रगे है। वार्ड नं0-25 रहमत नगर में चमड़े के कई कारखाने है कारखानों से निकलने वाला चमड़े की कतरन रोज किसी न किसी खाली प्लाट में फेंक कर आग लगा दी जाती है। जिससे निकलने वाला धुंआ क्षेत्र में प्रदूषण के रूप में फैलता है और लोगों के घरों में घुसता है जिससे लोगों को सांस लेने में काफी दिक्कत होती है। इस बात की शिकायत पास-पड़ोस के लोगों ने कारखानों के मालिक से की लेकिन उसके बावजूद



भी कारखाने से निकलने वाला गंदा चमड़ा जलाने से बाज नहीं आते कारखाने के मालिक। बीच मोहल्ले में लेदर कि कतरन जलाने से प्रदूषण क्षेत्रीय लोग परेशान है।

# जल निकासी की नाकामी

नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए कि देश की राजधानी जलमग्न है। तात्कालिक तौर पर कह सकते हैं कि अतिवृष्टि से लबालब यमुना इस संकट की वजह है। लेकिन यदि हम इस संकट का दूसरा पहलू देखें तो राष्ट्रीय राजधानी में जल निकासी का सिस्टम बाढ़ व बारिश के पानी के सामने लाचार नजर आया है। बाढ़ के मुद्दे पर दिल्ली की आप सरकार और भाजपा के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों की बाढ़ आई हुई है। लेकिन किसी ने इस बात की जिम्मेदारी लेने की कोशिश नहीं की कि समय रहते दिल्ली की ड्रेनेज व सीवर लाइन को अतिवृष्टि से मुकाबले के लिये क्यों तैयार नहीं किया गया है। वहीं कभी नहीं सोचा गया कि यदि यमुना में पांच दशक बाद बाढ़ आएगी तो अतिरिक्त जल निकासी का कोई कारगर तंत्र तैयार किया जाए। देश में प्रतिभावान इंजीनियरों की कमी नहीं है लेकिन राजनेताओं की तरफ से कोई ईमानदार पहल होती नजर नहीं आती। ऐसे वक्त में जब ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और कम समय में ज्यादा तेज बारिश होती है, हमें अविलंब जल निकासी के लिये नई रणनीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह सवाल दिल्ली का ही नहीं है, देश के अन्य महानगरों मसलन चेन्नई, मुंबई और बंगलूरू में पिछले कुछ वर्षों में ज्यादा बारिश से जो भयावह संकट उपजा था, वह आने वाले समय में देश के हर शहर के लिये खतरा बन सकता है। विडंबना यह है कि हमने पानी के प्राकृतिक बहाव के तमाम स्रोतों को मिट्टी से पाटकर उन पर ऊंची-ऊंची मंजिलें खड़ी कर दी हैं। लेकिन जिन विभागों की जिम्मेदारी है कि जल निकासी के पर्याप्त प्रबंधन के बाद नक्शे पास किये जाएं, वे ले-देकर चुप हो जाते हैं। पानी का स्वभाव है कि वह ऊंचे स्थान से नीचे की तरफबहता है। निचले स्थानों पर कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। जिन विभागों की जिम्मेदारी इनकी निगरानी करना था, वे आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। वहीं राजनेता भी वोट बैंक के लिये ऐसे स्थानों पर नई बस्तियां बसा देते हैं जहां नदी का विस्तार क्षेत्र होता है। यमुना की बाढ़ के पानी ने ऐसे ही स्थानों से लोगों को सबसे पहले विस्थापित किया। सही मायनों में दिल्ली के नये शासकों को पता भी नहीं होगा कि दिल्ली की जल निकासी के लिये पिछली सदी के आठवें दशक में जो मास्टर प्लान बना था, उसमें बदलाव के लिये इस सदी में कोई कोशिश हुई भी कि नहीं। दरअसल, अंधे विकास ने उन तमाम खाली स्थानों को भर दिया है जहां स्थित तालाबों-नालों में बारिश का पानी निकलकर लोगों को जल भराव से बचाता था। कमोबेश देश के तमाम छोटे-बड़े शहर जलभराव के संकट से जूझ रहे हैं। निस्संदेह, दिल्ली का संकट नीति-नियंताओं के लिये चेतावनी है कि यदि निरंतर बढ़ती शहरी आबादी के दबाव के अनुसार जल निकासी की वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्था नहीं की गई तो जलभराव का संकट लगातार गहरा होता जायेगा।

# विंबलडन की नई मदर क्वीन

आदित्य नारायण

**किसी भी महिला खिलाड़ी का निर्भीक और साहसी होना बहुत जरूरी है। मैरीकॉम का बचपन भी काफी संघर्ष में ही रहा है। वह जिस मुकाम पर पहुंची हैं उसके पीछे हर मिनट की मेहनत, समर्पण और त्याग है। 18 साल की उम्र में उन्होंने अपने बॉक्सिंग करियर की शुरूआत कर दी थी। अब वो भारत की शान हैं। उन्होंने 6 बार बॉक्सिंग वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती और 8 बार भारत के लिए मेडल लेकर आई। 2012 में ओलम्पिक ब्रॉन्ज जीत कर बॉक्सिंग में मेडल लाने वाली वो पहली भारतीय महिला बॉक्सर बनीं। सिर्फ वर्ल्ड चौंपियनशिप नहीं, उन्होंने 5 बार एशियन चौंपियनशिप जीती और 1 बार एशियन इंडोर गेम्स की विजेता भी बनीं। एशियाई खेलों में और कॉमनवैल्थ में उनके जिताए गोल्ड मेडल्स को कौन भूल सकता है। पद्मभूषण, पद्मविभूषण और पद्मश्री से सम्मानित मेरीकॉम का सपना अपने आखिरी ओलंपिक्स में गोल्ड लाने का था। भले ही ऐसा न हो पाया लेकिन उनका सफर इसे कहीं ज्यादा शानदार रहा। तीन बच्चों की मां बनने के बाद भी जिस तरह से रिंग में अपने मुक्कों से विरोधी को हराती रही वो समाज को हमेशा प्रेरित करेगा। इसी तरह विंबलडन में मार्केटा वोंद्रोसोवा की जीत दुनियाभर की युवा खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा बनेगी। खेल प्रेमियों को विंबलडन का यह उल्टफेर हमेशा याद रहेगा।**

विश्व के प्रतिष्ठित विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में इस बार बहुत बड़ा उल्टफेर हुआ जिसने खेल प्रेमियों को चौंका दिया है। चौक गणराज्य की 24 वर्षीय खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने महिला एकल के फाइनल में पिछले साल की उपविजेता और छठी वरीयता ओन्स जावेउर को हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। सबसे बड़ी बात यह है कि मार्केटा सबसे कम रैंकिंग और गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी है। बाएं हाथ से खेलने वाली मार्केटा की विश्व रैंकिंग 42 है और वह पिछले 60 वर्षों में विंबलडन फाइनल में खेलने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि वोंद्रोसोवा चौंपियन बनेगी।



वर्तमान टूर्नामेंट से पहले विंबलडन में उनका रिकॉर्ड 1-4 था लेकिन इस बार उन्होंने लगातार सात मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। वह चोटिल होने के कारण पिछले साल विंबलडन में भाग नहीं ले पाई थी। वोंद्रोसोवा चोटिल होने के कारण पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर तक बाहर रही थीं और 2022 के आखिर में उनकी विश्व रैंकिंग 99 पहुंच गई थी। खास बात यह है कि वोंद्रोसोवा 9 माह पहले ही मां बनी। मां बनने के 9 महीने बाद पूरी ऊर्जा से खेलने के लिए उसने कड़ी मेहनत की। पिछले साल उसने कलाई की सर्जरी कराई थी और वह टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकी। उसने टेनिस के प्रति अपने जुनून को कायम रखा। वह चौक गणराज्य में जन्मी चौथी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम अवार्ड जीता है। पेशेवर युग में इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा, जाना नवोत्ना और पेत्रा ऐसा कर चुकी हैं। विंबलडन में इस बार यूक्रेन की एलिना स्वितोलीना भी सेमीफाइनल में पहुंची थी और वह भी 9 महीने पहले ही मां बनी थीं। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते उसने युद्ध के साये में बिना रुके टेनिस की प्रैक्टिस की। वास्तव में जंग ने उसे और भी मानसिक रूप से मजबूत बना दिया। उसका सेमीफाइनल तक पहुंचना भी अपने आप में उपलब्धि है। एलिना को नन्हीं बिटिया भी प्रेरित करती रही। इस तरह ध्विंबलडन टूर्नामेंट में महिलाओं ने यहघ् दिखा दिया कि अगर उनमें जज्बा हो तो वे कुछ भी कर सकती हैं। चैम्पियन बनी मार्केटा के जीवन का सफर आसान नहीं रहा। उनके पिता ने उन्हें महज 4 साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू करवाया था। इतना ही नहीं बल्कि उनकी मां वॉलीबाल की खिलाड़ी रह चुकी हैं। मार्केटा महज तीन साल की थी तो उसके माता-पिता का तलाक हो गया था लेकिन दोनों ने उसे टेनिस खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। 15 साल की उम्र में मार्केटा ने घर छोड़ कर प्राग पहुंच कर रैग्यूलर बेस पर ट्रेनिंग की और उसने अमेरिका में हुए नाइक जूनियर इंटरनैशनल मास्टर्स का खिताब जीता। 2014 में उसने चौक गणराज्य में अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस फैडरेशन सर्किट में खेलना शुरू किया और अगले ही साल 2 आईटीएफ एकल और 3 युगल खिताब जीते। वह 2017 में पहली बार फ्रैंच ओपन, यूएस ओपन और ध्विंबलडन में खेली। 2019 में उसने फ्रैंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह हार गई थी। मां बनकर जीत हासिल करना भारतीयों के लिए नया नहीं है। तीन बच्चों की मां मैरीकॉम ने मुक्केबाजी में शीर्ष मुकाम हासिल किया हुआ है। किसी भी महिला खिलाड़ी का निर्भीक और साहसी होना बहुत जरूरी है। मैरीकॉम का बचपन भी काफी संघर्ष में ही रहा है। वह जिस मुकाम पर पहुंची हैं उसके पीछे हर मिनट की मेहनत, समर्पण और त्याग है। 18 साल की उम्र में उन्होंने अपने बॉक्सिंग करियर की शुरूआत कर दी थी। अब वो भारत की शान हैं। उन्होंने 6 बार बॉक्सिंग वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती और 8 बार भारत के लिए मेडल लेकर आई। 2012 में ओलम्पिक ब्रॉन्ज जीत कर बॉक्सिंग में मेडल लाने वाली वो पहली भारतीय महिला बॉक्सर बनीं। सिर्फ वर्ल्ड चौंपियनशिप नहीं, उन्होंने 5 बार एशियन चौंपियनशिप जीती और 1 बार एशियन इंडोर गेम्स की विजेता भी बनीं। एशियाई खेलों में और कॉमनवैल्थ में उनके जिताए गोल्ड मेडल्स को कौन भूल सकता है। पद्मभूषण, पद्मविभूषण और पद्मश्री से सम्मानित मेरीकॉम का सपना अपने आखिरी ओलंपिक्स में गोल्ड लाने का था। भले ही ऐसा न हो पाया लेकिन उनका सफर इसे कहीं ज्यादा शानदार रहा। तीन बच्चों की मां बनने के बाद भी जिस तरह से रिंग में अपने मुक्कों से विरोधी को हराती रही वो समाज को हमेशा प्रेरित करेगा। इसी तरह विंबलडन में मार्केटा वोंद्रोसोवा की जीत दुनियाभर की युवा खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा बनेगी। खेल प्रेमियों को विंबलडन का यह उल्टफेर हमेशा याद रहेगा।

## विचार

# प्रकृति का प्रतिशोध

मानसून की भारी वर्षा ने यूं तो उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक काफी नुक्सान पहुंचाया है लेकिन सबसे ज्यादा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रभावित हुआ है। जल प्रलय से हिमाचल के पुल, सड़कें, मकान एक के बाद एक ध्वस्त हो रहे हैं और पहाड़ों से आ रहा मलबा हिमाचल की जो तस्वीर बना रहा है उससे राज्य के लोगों का दर्द काफी बढ़ चुका है। राज्य का विकास थरथर कांप रहा है। लगातार हो रही मौतों से चारों तरफ क्रंदन ही क्रंदन सुनाई देता है। दरक रहे पहाड़ों को देखकर ऐसा लगता है कि अब प्रकृति के कहर को मापना मुश्किल हो चुका है। कुछ दिन पहले तक हिमाचल में पर्यटकों की भीड़ थी लेकिन राज्य में बाढ़, बादल फटने, जल धाराओं में उफान और भूस्खलन में मौतों की खबरों के बाद पर्यटकों ने दूरी बना ली है और फंसे हुए पर्यटक किसी न किसी तरह वापिस लौट रहे हैं। प्रकृति के कहर ने एक बार फिर यह साबित किया है कि मनुष्य कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो जाए कुरदत के रौद्र के सामने उसका अस्तित्व कुछ भी नहीं है।



उत्तराखंड की केदारनाथ त्रासदी के बाद भी मनुष्य ने कुछ नहीं सीखा। सब जानते हैं कि मनुष्य ने विकास के नाम पर प्रकृति पर जो कहर ढाया था उसी का प्रतिशोध प्रकृति ले रही है। हिमाचल की पूर्व की सरकारों ने विकास के नाम पर जो कुछ भी किया उसी के चलते ही हिमाचल के खौफनाक दृश्य सामने आए। अब हालात ऐसे हैं कि जो विज्ञान राज्य के लोगों को वरदान लगता था, आज वही श्राप लगने लगा है।

हिमाचल के भौगोलिक परिदृश्य पर जब हम नजर दौड़ाते हैं तो प्राकृतिक सौंदर्य की सुंदर अनुभूति हमारे मन-मस्तिष्क को पुलकित कर देती है। हिमाचल का जब कहीं कोई जिक्र चलता है तो इसकी प्राकृतिक भौगोलिक सुंदरता का दृश्य सहज ही हमारे जहन में आ जाता है। गौरव के साथ खड़े पहाड़, निरंतर जीवन प्रवाह के साथ बहती नदियां, हरितिमा से ओत-प्रोत वन इस पहाड़ी प्रदेश को एक अलग पहचान देते हैं। वर्तमान में इंसान ने औद्योगिकीकरण और भीड़भाड़ से हटकर शांत स्थानों पर आशियाने की तलाश में पहाड़ों व वनों से छेड़छाड़ को अंजाम देना शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में पहाड़ियों को काटना व कुरेदना निरंतर जारी है। प्रतिबंध होने के बावजूद अवैध व अवैज्ञानिक खनन चोरी-छिपे और कहीं-कहीं तो सरेआम जारी है। घने जंगलों तक भी आज के मशीनीकरण ने अपनी पहुंच बना ली है। इसके परिणामस्वरूप पहाड़ियों को समतल बनाने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी है। गड्ढों, नालों व प्राकृतिक प्रवाहों से छेड़छाड़ व उन्हें अवरुद्ध करने का खामियाजा व्यक्ति को बरसात के दिनों में सामान्यतः हर वर्ष ही भुगतना पड़ता है। जब प्रकृति प्रवाहों की बाधाओं को हटाने के लिए संघर्ष करती है तो वह इसके कई भयावह निशान मानवीय बस्तियों की क्षति के रूप में छोड़ जाती है। उन हालात में हमें प्रकृति के प्रति अपने दृष्टिकोण व व्यवहार को बदलने की अकल आती है। दुख यह कि यह विवेक भी कुछ वक्त के लिए ही रहता है और थोड़े ही वक्त में हम सब कुछ भुलाकर उसी पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं जहां से सीधे-सीधे प्रकृति के प्रभुत्व को चुनौती मिलती है।

हिमाचल के पर्यटक स्थलों पर, नदियों और नालों पर होटल बना दिए गए। लोगों ने नदियों को नजरंदाज कर अपनी जमीन से कहीं आगे बढ़कर नदियों के किनारे मकान बना लिए। लोगों ने सोचा कि नदियां अब उनसे काफी दूर हो गई हैं। जबकि नदियां अपना रास्ता कभी नहीं भूलतीं। जब भी बाढ़ आएगी तो नदियां अपना रास्ता खोज लेती हैं। पुराने जमाने में घर और बस्तियां नदियों से बहुत दूर थीं। नदियों को अविरल बहने दिया जाता था। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में लगभग 12 हजार ऐसी छोटी नदियां हैं जिनके अस्तित्व पर खतरा पैदा हो चुका है। लगभग 6000 नदियां हिमालय से उतर कर आती थीं। अब उनमें से महज 500 का ही अस्तित्व बचा है। नदियों का मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है।

हिमाचल में अब तक 4000 करोड़ का नुक्सान हो चुका है। राज्य की सड़कों, बिजली के ट्रांसफार्मरों, विद्युत उपकेन्द्रों और जल आपूर्ति परियोजनाओं को भारी नुक्सान पहुंचा है। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र से हिमाचल की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और हर सम्भव मदद का आग्रह किया है। राज्य सरकार इस विकट स्थिति से निपटने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है लेकिन जितना नुक्सान हो चुका है उसके पुनर्निर्माण और स्थिति सामान्य होने में काफी समय लग जाएगा। मंडी, धर्मशाला, चम्बा, शिमला, कुल्लू, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल में स्थितियां बहुत विकट हो चुकी हैं। भारी वर्षा से नुक्सान तो पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में भी हुआ है। राज्य सरकारों को?इस आपदा से सबक सीखना चाहिए और उन्हें अंधाधुंध शहरीकरण की बजाय हिमालय परिस्थिति को ध्यान में रखकर विकास का मॉडल अपनाना चाहिए। हिमाचल में जहां भी सड़क बनी वहीं बाजार बन गया और जहां बाजार बना वहीं सड़क बन गई।

अब तो ऊना में भी डूबने के मंजर दिखाई दे रहे हैं और चम्बा की वादियां भी डूब रही हैं। प्रकृति के नियमों के विरुद्ध विकास का खामियाजा इंसान भुगत रहा है। केवल पर्यावरण की योजनाएं बनाने से कुछ नहीं होगा। पहाड़ी राज्यों में भ्रष्टाचार मुक्त विकास की जरूरत है ताकि नवसृजन किया जा सके। प्रकृति के प्रभुत्व से कौन टकरा सकता है। राज्य सरकारों को प्रकृति के साथ तालमेल स्थापित कर आगे बढ़ना होगा ताकि भविष्य में आपदाओं से बचा जा सके।

## साहित्य



### वो जो बादल बरसे...

दीपक सिंह

सह भी लूं।
आंखें जो बरसे तो सह कैसे लूं।।
बिजली जो कड़की है मेरे जिया पर
वो हाल शब्दो से कह कैसे दूं।।

धरती की प्यास को तौलता है
सावन।
फिर जाके धरती पर बरसता है
सावन
रब हो मेरे जो रब से हूं कहता
रब है न मिलता ये कहता है सावन।

अभी आधी तेरी जो खुशबू है लाई।
मेरा घर है उजाड़ा ये कह कैसे दूं।

बिजली जो कड़की है मेरे जिया पर
वो हाल शब्दों से कह कैसे दूं।।

हम जब चले तो तुम भी चलो।
स्वर्ग की सेज पर आकर मिलों।

## झरोखा



पैमाने से प्यार को नाप लो तुम
कह दो मिलेगे ये जान लो तुम

हमने जो पूजा है पत्थर में तुमको
फिर इवादत को झूठी कह कैसे दूं।

बिजली जो कड़की है मेरे जिया पर
वो हाल शब्दों से कह कैसे दूं।।

जो कहना न था वो सब कह दिया।
हम पत्थर बने जख्म सब सह लिया।
हम जो टूटे तो पत्थर है टूटा,
सबसे पहले उसी ने कह दिया।

मोहब्बत की आग में जल ही गया मैं
आग ने है जलाया ये कह कैसे दूं।।
बिजली जो कड़की है मेरे जिया पर
वो हाल शब्दो से कह कैसे दूं।



# राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**बृषभ:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुन:-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्क:-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार बन रहे हैं।

**तुला:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनु:-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभ:-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मीन:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईश्वरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# निर्णायक मोड़ होगी विपक्ष की बेंगलुरु बैठक

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में विपक्षी दलों की सोमवार और मंगलवार को होने जा रही बैठक महत्वपूर्ण तो साबित होने जा ही रही है, उससे यह भी उम्मीद है कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक मजबूत व संयुक्त प्रतिपक्ष खड़ा हो सकेगा। देखना होगा कि क्या बैठक से उभरने वाला सामूहिक विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में केन्द्र की सत्ता पर तीसरी बार काबिज होने के भाजपा के प्रयासों को निष्फल कर सकेगा। विपक्षी एकता से जुड़े अनेक मसले हैं जिन पर इस बैठक में चर्चा होगी- खासकर सीटों का बंटवारा व न्यूनतम साझा कार्यक्रम। जिस तरह से देश भर में संयुक्त विपक्ष की जरूरत महसूस की जा रही है और इस विचार को समर्थन मिल रहा है उससे कहा जा सकता है कि बैठक राजनीति का निर्णायक मोड़ सिद्ध होगी। 2019 में भाजपा को लोकसभा चुनावों में जैसी भारी जीत मिली थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने निहायत गैर लोकतांत्रिक नारे कांग्रेस मुक्त भारत्य को विस्तारित कर विपक्ष मुक्त भारत जैसा अधिक कुत्सित विचार दिया थाय और उस पर पूरी संजीदगी से अमल भी किया है, उससे लोकतंत्र में भरोसा करने वाली जनता में भी यह धारणा पैठ कर गई है कि यह विचार भाजपा व मोदी को सतत निरंकुश बनायेगा। पूरा देश वैसा होता हुआ पिछले करीब 9 वर्षों के दौरान, खासकर पिछले चार साल में देख भी रहा है।



मोदी व भाजपा ने अपने दोनों ही कार्यकाल में विपक्ष को विभाजित कर रखने, प्रतिपक्षी नेताओं को बदनाम करने और जरूरत पड़ी तो केन्द्रीय जांच एजेंसियों का उनके खिलाफ इस्तेमाल करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। विपक्षी एकता की आवश्यकता सिर्फ इसलिये महसूस नहीं की गई बल्कि यह भी साफहो गया कि अगर एक साथ मिलकर मोदी व भाजपा से नहीं लड़ा गया तो एक समावेशी व बहुलतावादी भारत का अस्तित्व ही मिट जायेगा। श्री मोदी ने जिस प्रकार से एक-एक कर सारी संवैधानिक संस्थाओं को शक्तिहीन व अपने इशारे पर नाचने वाली एजेंसियों में बदलकर रख दिया है, वह तथ्य भी विपक्षी पार्टियों को एका करने के लिये प्रेरित कर रहा है। अनेक शंकाओं के बावजूद पिछले कुछ समय से विपक्षी दलों ने एकत्र होना शुरू किया है। कुनबे के नेतृत्व संबंधी सवालों और इस एकता से क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व के मिटने के खतरे से भी बड़ा जोखिम जब भाजपा विरोधी दलों को नजर आया तो यह कुटुम्ब और बड़ा होने लगा है। तभी तो इस महाजुटान में 24 दलों के शामिल होने की पुष्टि की जा चुकी है जबकि पहली बैठक में, जो बिहार की राजधानी पटना में हुई थी, 16 दल शामिल हुए थे। कांग्रेस द्वारा इस बैठक को आहूत किया जाना बतलाता है कि अब विपक्षी दलों ने भी एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि संयुक्त विपक्ष का नेतृत्व देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ही कर सकती है जिसका भारत की आजादी में सबसे बड़ा योगदान होने के नाते यह उसका न केवल स्वाभाविक अधिकार है वरन वह इसमें सर्वाधिक सक्षम भी है। वैसे भी मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केन्द्र सरकार के खिलाफ अगर कोई सबसे मुखर होकर सतत टकराता हुआ दिखा है तो वह कांग्रेस ही है। 7 सितम्बर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई पैदल यात्रा ने माहौल को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। भाजपा द्वारा देश भर में फैलाये गये परस्पर जातीय व साम्प्रदायिक नफरत के खिलाफ जिस तादाद में जनता राहुल की मोहब्बत की दूकान में खरीदारी करने पहुंची, उससे कांग्रेस समेत सभी भाजपा विरोधी दलों में हौसला लौटा। राहुल की छवि में सुधार व कांग्रेस के नैतिक बल में वृद्धि भी हुई। हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में भाजपा को पटकनी देकर कांग्रेस ने साफसंदेश दिया कि सामूहिक विपक्ष का नेतृत्व वही कर सकेगी। यही कारण है कि पिछली बैठक का आयोजन जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया वहीं अबकी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी विपक्षी दलों को इस बैठक में शामिल होने का न्योता दिया है। सोनिया गांधी भी इसमें मौजूद रहेंगी। मरूमलारची, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके), कोंगु देसा मक्कल काची (केडीएमके), विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) नये दल हैं जिन्होंने निमंत्रण को स्वीकार किया है। स्वाभाविक है कि विरोधी दलों को इकठ्ठा होते देख भाजपा में घबराहट है तभी वह एनडीए का साथ छोड़ चुकी पार्टियों या नये सहयोगियों (अकाली दल, लोजपा- रामविलास गुट के चिराग पासवान, हम पार्टी के जीतनराम मांझी, रालोसपा के उपेन्द्र कुशवाहा, आंध्रप्रदेश की जनसेना के पवन कल्याण आदि) से पुनरू संवाद कर रही है जिनकी वह अब तक बहुमत के अहंकार में अवहेलना व उपेक्षा कर रही थी। यानी भाजपा भी आशंकित है कि बेंगलुरु बैठक से विपक्षी एकता का ठोस स्वरूप सामने आयेगा। वैसे इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों (तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान व मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के सामने भाजपा की जो पतली हालत नजर आ रही है, उससे उम्मीद बंधती है कि प्रतिपक्ष और भी सशक्त व संगठित होगा। इसलिये यह बैठक भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़ साबित हो तो आश्चर्य नहीं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# खीरी में हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से सोमवार को खीरी में सतरंगी गुब्बारे उड़ाकर, सड़क जागरूकता रैली के साथ

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आगाज हुआ, जो 31 जुलाई तक चलेगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल सिंह के साथ सतरंगी गुब्बारे उड़ाकर एवं सड़क जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने सजे-धजे सड़क सुरक्षा रथ, जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चे, एनएसएस, स्काउट, एनसीसी को हरी झंडी दिखाई। यह जागरूकता रैली नगर के

- केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग किया शुभारंभ
- सड़क दुर्घटना रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करें : टेनी



विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, रैली में शामिल बच्चों के हाथ में तख्तियां लिए सड़क जागरूकता के नारे लगाते हुए राहगीरों, शहर के बाशिंदों को सड़क जागरूकता पंपलेट का वितरण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, दीपक तलवार, जितेंद्र त्रिपाठी, अवध क्षेत्र सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक मनीष साहनी मौजूद रहे। बैठक का संचालन एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निमित्त जनमानस के बीच यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता लाना जरूरी है। मानव जीवन अनमोल है, उन्होने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना मे कमी लायी जा सके। सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई ठोस कदम उठाए है। जागरूकता बढ़ाने और सड़क के नियमों का पालन करने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। हर जीवन हमारे लिए कीमती है और यह एक परिवार, समाज और देश के लिए भी एक अमूल्य संपत्ति है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर अपनी नैतिक जिम्मेदारियों समझें। सरकार कार्बन के उत्सर्जन कम करने, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए काम कर रही।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान जो वाहन सवार यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं वह न केवल स्वयं बल्कि परिवार की जिंदगी भी जोखिम में डालते हैं। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट, हेलमेट सहित अन्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि वाहन चलाते समय [illegible] मार्क का हेलमेट पहनें, दूसरी सवारी को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं तेज रफ़्तार से वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें, नशे में वाहन न चलाएं, गलत दिशा से वाहन न चलाएं। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं, अपनी लेन में ही वाहन चलाएं। पार्किंग के नियमों का पालन करें। घायल की मदद करें, गुड सेमेरिटन बनें, मॉडीफाइड साइलेंसर/प्रेशर हॉर्न लगवाकर वाहन चलाना एवं स्टंट करना दण्डनीय अपराध है।

बैठक में एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के सफल क्रियान्वयन की कार्ययोजना बताइ। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, दीपक तलवार, जितेंद्र त्रिपाठी, अवध क्षेत्र सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक मनीष साहनी, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीओ सदर/ट्रैफिक संदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण लेने के लिए 20 तक करें आवेदन : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

- माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत दिया जायेगा 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दी जाएगी। माटीकला की कलात्मक, सौंदर्यपरक व सजावटी वस्तु बनाने का प्रशिक्षण दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी/परम्परागत कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो एवं उप्र मूल निवासी हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी /परम्परागत कारीगर किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उ0प्र0खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत परिसर, लखीमपुर खीरी से सम्पर्क कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकता है।आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (तहसील दार द्वारा निर्गत) शैक्षिक योग्यता, ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र सहित प्रपत्र संलग्न कर दिनांक 20 जुलाई को सायं 05 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

उन्होंने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ÷माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं माटीकला टूलकिटस वितरण का लक्ष्य नियत है।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम राजेश कुमार ने बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से किया संवाद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर आज उपजिलाधिकारी राजेश कुमार नायब तहसीलदार हरीराम ने खैराटिया में चौपाल लगाकर बाढ़ से सम्बधित जानकारी बताकर ग्रामीणों को जागरूक किया और बाढ़ आने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं जिससे प्रशासन की टीमें मौके पर पहुँचकर सभी लोगो की मदद कर सके वही स्वास्थ्य के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग भीषण बाढ़ में कैम्प लगाकर दवाई उपलब्ध कराए जिससे लोग बीमार न हो वही चौपाल में मौजूद पशुपालन विभाग के लोगो को एसडीएम राजेश कुमार ने निर्देश दिया कल से वेक्सीनेशन का कार्य शुरू करे इस मौके पर हल्का लेखपाल कोमल राज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरैयां स्टेशन रेलवे के गेट को बंद करने के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**पहला, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर बुढ़वल रेल प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सरैया राजा साहब स्टेशन के दोनो तरफ बने गेट संख्या 44सी तथा गेट संख्या 45सी को आज रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया जिससे इस क्रासिंग से गुजरने वाले सैकड़ों गांवों के लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है वही रेलवे विभाग द्वारा जो अंडर पास बनाए गए उनमें इतना पानी हल्की बारिश में ही भर जाता है की उसमे पैदल राहगीरों समेत बड़े वाहन भी डूब जाते है और कई बार इस प्रकार की घटनाएं घट भी चुकी हैं इन गेटो को बंद होने से तमाम प्रमुख गांव सरैया राजा साहब पारा परसादीपुर ईश्वरवारा गौरा लौना पहला कंदूनी तक का रास्ता बंद हो जाएगा जो महमूदाबाद बिसवां से लखनऊ सीतापुर की रोड को जोड़ता हैसरैया में रेलवे के दो गेट बंद करने के विरोध आज ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण आंशिक धरना प्रदर्शन किया तथा इन गेटो को खोलने की मांग की हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी या जनप्रतिनिधि नही आया था।

### सफाई कर्मी के गायब रहने से नालियां हुईं चोक, सड़क पर भरा कीचड़

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सफाई कर्मी गायब रहने से नालियां चोक सड़क पर भरा कीचड़। एक तरफ मायावती सरकार द्वारा गांवो की सफाई के लिए हर ग्राम में एक सफाई कर्मी की नियुक्ति की गई थी मगर आज सफाई कर्मी ब्लॉक कर्मचारियों के लिए कमाई का जरिया बन गए हैं और ब्लॉक कर्मचारियों से साथ गांठ कर मोटा कमीशन देकर घर बैठे बिना काम के बेटन ले रहे जिसके परिणाम स्वरूप सरकार की छवि तो धूमिल हो ही रही हे साथ में सभी गांवो में भीषण गांधी का जमावड़ा लगा हुआ है ताजा मामला ब्लाक पहला अन्तर्गत ग्राम पंचायत सद्दूपुर का हे जहां नालियों की साफ सफाई न होने के कारण रोड पर हो रहा जल भराव हो गया है जिससे लोगों को निकलने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। कई महीनो से ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मचारी रामप्रसाद पहुंचते ही नहीं है। तथा प्रधान व सफाई कर्मचारी की साठ गांठ के चलते बिना नालियों की सफाई। के घर बैठे बेटन निकल रहा हे तथा रोड पर जल भराव के कारण आए दिन लोग फिसल कर गिर जाने से लोग चोटिल हो रहे है ।

### डीपीओ ने तीन आंगनवाड़ी कार्यकत्री, 1 सहायिका का मानदेय रोका, मुख्य सेविका को दी चेतावनी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा ग्राम चक जगदेवपुर, औंता एवं अटरिया विकास खण्ड डकोर के 7 आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान केन्द्र संचालन में पायी गयी कमियोंध्लापरवाही के दृष्टिगत 3 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 1 आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय रोका गया तथा क्षेत्रीय मुख्य सेविका को परीक्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन में लापरवाही मिलने पर अन्तिम चेतावनी दी गयी। निरीक्षण के दौरान सभी आंगननबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर विभागीय ड्रेस में उपस्थित होकर नियमानुसार केन्द्र का संचालन करें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को दिया जाये। सम्भव अभियान के अन्तर्गत नियमानुसार गतिविधियों का आयोजन कराया जाये तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को वीएचएसएनडी सत्र पर लाये व उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुये चिन्हित सैम श्रेणी के बच्चों को ई-कवच पर फीड कराया जाये। पोषण ट्रैकर पर समस्त फीडिंग प्रतिमाह ससमय पूर्ण करायी जाये। केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति कम होने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि 3 से 6 वर्ष आयु के पंजीकृत सभी बच्चों को प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित होने हेतु आवश्यक गतिविधियां आयोजित करायी जाये। भविष्य में यदि केन्द्र पर बच्चों की संख्या, उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### सीताराम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन आज से

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** श्रीमनीरामदास छावनी अयोध्या एवं महंत नृत्य गोपाल दासजी महाराज द्वारा संचालित श्रीलक्ष्मी नारायण पंचमुखी हनुमान गढ़ी (नाना महाराज) मंदिर जालौन में सीताराम संकीर्तन महोत्सव शुरू होने जा रहा है। यह संकीर्तन 18 जुलाई 2023 दिन मंगलवार को प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर पूरे अधिमास तक चलेगा। यह जानकारी मंदिर के पुजारी विजयराम दासजी महाराज ने दी। उन्होंने सभी भक्तों से संकीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सफल बनाने की अपील की है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना




- सभी को दिलाई यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) संजय कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सदर विधायक ने उपस्थित सभी आमजनों व अधिकारियों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनाएंगे, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करेंगे, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नही चलाएंगे, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे, घर पर बच्चे इंतजार कर रहे है, अतः मैं सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाऊँगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज, सौरभ कुमार एआरटीओ प्रशासन, सुरेश कुमार वर्मा प्रवर्तन 1, विनय कुमार पाण्डेय मालकर, यात्रीकर अधिकारी, यातायात निरीक्षक, गुड सेमेरिटन, बस, ट्रक यूनियन के पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रबन्धक व आदि उपस्थित रहे।

# अहिराना पहुंचे डीएम, कटान पीड़ितों से मिलकर दिया मदद का भरोसा

- कटान से घर गवाने वाले परिवारों को मिलेगी शासन से अनुमन्य धनराशि : डीएम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में कटान प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के संग तहसील सदर, ब्लॉक फूलबेहड़ के करदहिया मानपुर के कटान प्रभावित क्षेत्र मजरा अहिराना का स्थलीय भ्रमण किया। कटानग्रस्त गांव में ग्रामीणों की दिक्कतें देखीं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि बचाव और राहत कार्य में कोई शिथिलता नहीं होना चाहिए। इस दौरान अफसरों ने प्रभावित परिवारों से संवाद किया। प्रभावित गांव में प्रशासनिक टीमों ने डेरा डाल दिया है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग कटान की विभीषिका देखी। एसडीएम सहित अन्य मातहतों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कटान प्रभावित गांव पर पूरी नजर रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान वह ग्रामीणों से भी रूबरू हुए, उनकी समस्या को जाना। लोगों को आश्वस्त किया कि हर संभव प्रशासनिक मदद मुहैया कराई जाएगी, राजस्व कर्मियों को तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर अवगत कराएं। डीएम ने कहा कि शासन-प्रशासन आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने आमजन से अपील की कि वह घबराएं नहीं एवं सतर्कता बरतें। नदियों के कटान क्षेत्र में न तो स्वयं जाएं और न ही अपने पशुधन को जाने दें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को पर्याप्त, जरूरी एव मुकम्मल चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। डीएम के पूछने पर एसडीएम श्रद्धा सिंह ने बताया कि कटान से अपना घर गवाने वाले परिवारों को सूचीबद्ध कर लिया गया है। उन सभी परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य धनराशि प्रदान की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र प्रभावित परिवार अनुमन्य धनराशि पाने से वंचित ना रहे, इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, बीडीओ पीयूष कुमार सहित राजस्व, आपदा, ग्राम विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पत्नी के साथ परिषदीय विद्यालय पहुंचे डीएम ने बच्चों को परोसा भोज



आराधना-उपासना को समर्पित पावन श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ गोद लिए प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र पहुंच कर एक-एक बच्चे से अभिभावक की भांति रूबरू होते हुए उनकी शिक्षा-दीक्षा व कुशल क्षेम पूछा तथा डीएम व श्रीमती डीएम ने अपने हाथों से बच्चों को स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन परोसा। डीएम दम्पत्ति का अपनत्व व प्यार देखकर बच्चों की खुशी उनके चेहरे से ज़ाहिर हो रही थी। विद्यालय के भ्रमण के दौरान डीएम दम्पत्ति ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें प्रातः काल उठकर मंजन व स्नान करने, परिवार के बुज़ुर्गों का आर्शीवाद लेने के साथ-साथ समय से विद्यालय आने की नसीहत की। बच्चों को भोजन कराते समय कुछ छोटे बच्चों को डीएम दम्पत्ति ने स्वयं अपने हाथों से भोजन कराया। जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सिंह ने अपनी महिला साथियों के साथ नौनिहालों को पेन्सिल बाक्स, फूटी, पेन्सिल रबड, चाकलेट, अंकल चिप्स भी वितरित किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी, जिला आकांक्षा समिति की सदस्य कोमल, मिथिलेश, श्रद्धा सिंह, रश्मि सिंह, बबिता, नैन्सी, शीला, नमिता श्रीवास्तव सहित परिषदीय विद्यालय का स्टाफ एवं सभी नौनिहाल उपस्थित रहे।

# कौशल प्रशिक्षण के नाम पर खानापूर्ति न होगी बर्दाश्त : सीडीओ

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उप्र कौशल विकास मिशन के वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में निजी, फ्लैक्सी, राजकीय आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिला समन्वयक, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई ने उप्र कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आने वाली समस्त कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु जनपद को आवंटित निजी, राजकीय, फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाताओं के लक्ष्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्रदाता अल्टीमैट एनर्जी रिसॉस प्रा.लि. एवं विद्या केयर को प्राप्त लक्ष्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित समस्त प्रशिक्षण केन्द्रों पर गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की शिथिलता पायी जाती है तो ऐसे प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजन नहीं कराया जा रहा है व सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है। ऐसे प्रशिक्षण प्रदाताओं की किसी भी प्रकार के वेरीफिकेशन रिर्पोट मिशन मुख्यालय प्रेषित नहीं की जायेगी। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि भविष्य में प्रशिक्षण प्रदाता उपलब्ध कराये गये प्रारूप पर ही सेवायोजन की सूचना उपलब्ध करायें। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों की सूची का शत-प्रतिशत सत्यापन अपने स्तर से करके ही सूची उपलब्ध करायी जाये यदि सूची में किसी प्रकार की भिन्नता पाई जाती है तो संबंधित प्रशिक्षण प्रदाता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इस अवसर पर जिला समन्वयक, प्रधानाचार्या राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप सहित समस्त प्रशिक्षण प्रदाता मौजूद रहे।

## खेत के ऊपर से निकली जर्जर हाईटेंशन लाइन बदलवाने की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** खेत के ऊपर से निकली जर्जर हाईटेंशन लाइन ढीली होकर नीचे लटक गई है। किसान को कृषि कार्य करने में दिक्कत हो रही है। पीड़ित किसान ने दुर्घटना से बचने के लिए जर्जर व ढीली हाईटेंशन लाइन को बदलवाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सिहारी चौलापुर निवासी अंगद सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका खेत सिहारी चौलापुर मौजा में गाटा संख्या 201 में स्थित है। उक्त खेत के ऊपर से एचटी लाइन निकली है। जो जर्जर होकर खेत में काफी नीचे तक लटक आई है। खेत में ट्रैक्टर आदि ले जाने पर जर्जर हाईटेंशन लाइन के ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरणों में छूने का खतरा मंडराता रहता है। जरा सी असावधानी में कोई गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। पीड़ित किसान ने एसडीएम से जर्जर हाईटेंशन लाइन को बदलवाने की मांग की है। वहीं, एसडीएम ने समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग को निर्देशित किया है।

# मिले लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराना किया जाये सुनिश्चित




- ग्राम पंचायत में ग्राम वन, नगर पलिकाओं में नंदन वन एवं स्वास्थ्य विभाग आयुष वन का निर्माण करेगा : डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु प्राप्त लक्ष्य 1480544 के सापेक्ष संबंधित अधिकारी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग वन विभाग की 31 पौधालयों से शत प्रतिशत पौध उठान सुनिश्चित करेंगे साथ ही गड्ढे खोद लिये जाये। 22 जुलाई 2023 को प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप पौध रोपण किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि रोपित वृक्षों की सुरक्षा की व्यवस्था करने हेतु ट्री-गार्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें एवं पंचायती राज विभाग को जनपद के प्रवेश मार्गो पर छायादार पौधों का रोपण करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन के निर्देशानुसार ग्राम विकास विभाग को जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक ग्राम वन बनाया जायेगा एवं नगर विकास विभाग को नगर पलिका, नगर पंचायत में नंदन वन एवं स्वास्थ्य विभाग को एक आयुष वन का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे।

# ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा पत्र

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद सीतापुर के विभिन्न विकास खंडों में ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एस के तूफानी जिला अध्यक्ष राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने मुख्य विकास अधिकारी को एक पत्र सौंपा जिस पर जांच कर कार्यवाही की मांग किया।

विकासखंड बिसवां, सकरन, रेउसा की ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जहां नल मरम्मत रिबोर सहित स्वच्छ भारत मिशन व अन्य कार्यों में सत्र 22 - 23 में निकालें के भुगतान का स्थलीय जांच कराकर भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जाती है।विकासखंड बिसवा की ग्राम पंचायत उलरा,कामापुर, भुडकुड़ी सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों में नल रिबोर मरम्मत के नाम पर लगभग 6से 8लाख का भुगतान निकाला गया है।

विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी , टेडवा कला,सेमरा कला, कलिमा पुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन होम पाइप व अन्य कार्यों के नाम पर निकाले गए भुगतान की जांच की जाए।विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत बम्हनावा,भदमरा,सरैया भटपुरवा, ग्वारी, थौरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में प्रधान के स्वयं खाते पर लगभग 5से 8 लाख के मध्य भुगतान निकाला गया। जिसमें फर्जीवाड़ा किया गया है।

सहित ग्राम पंचायतों का जांच कराने की मुख्य विकास अधिकारी से मांग किया है मुख्य विकास अधिकारी ने कहा यदि ऐसा है तो जांच कराई जाएगी। यदि शीघ्र जांच नहीं कराई गई तो राष्ट्रवादी व अधिकार मंच धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सावन के दूसरे सोमवार को भारी संख्या में कांवरिया कावड़ लेकर रविवार को नैमिष धाम पहुंचे जहां से बम बम भोले के जयकारों से यात्रा प्रारंभ हुई वही पंजाबी धर्मशाला आर्य नगर से अनूप बाजपेई बब्बू सभासद के नेतृत्व में कावड़ यात्रा निकाली गई जो बाबा श्याम नाथ के मंदिर में मुख्य मार्गो से होती हुई पहुंची जहां पर भक्तों ने बेलपत्र जल धतूरा भांग दूध शहद पुष्प चढ़ाकर विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया नैमिष से कांवरियों का काफिला रात्रि 2ः00 बजे से ही सोमवार को प्रारंभ हो गया जहां पर भारी संख्या में भक्त पूजन अर्चन करते हुए दिखाई दिए बिसवां में पत्थर शिवालय पर भी कांवरियों



का काफिला पूजन अर्चन करते हुए देखा गया बाबा जंगली नाथ के मंदिर में काफी लंबी कतार में भक्त सावन के दूसरे सोमवार को पूजन अर्चन करते हुए दिखाई दिए वही गायत्री मंदिर जेल रोड पर भी भारी संख्या में भक्तों की कतार देखने को मिली भोले बाबा के गीतों पर श्रद्धालु नाचते गाते कांवड़ लिए हुए दिखाई दिए।

# एसडीएम, सीओ ने किया ताजिया मार्ग का निरीक्षण

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

आगामी मुहर्रम के त्योहार पर निकलने वाले ताजिया को लेकर एसडीएम व सीओ ने ताजिया मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के ढीले तार, साफ-सफाई व पेड़ों की टहनियों को हटाने के निर्देश दिए।

सोमवार को उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र कुमार ने मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिया मार्ग का निरीक्षण किया। ताजिया कमेटी के अध्यक्ष समशाद खां ने अधिकारियों को ताजिया मार्ग बिजली के ढीले तथा दिखाये जिन्हें टाइट कराने की मांग की। इसके साथ मार्ग में पड़ने वाले कुछ पेड़ों की टहनियों से ताजिया निकलने में दिक्कत होने की संभावना




को देखते हुए उन्हें कटवाने की मांग की है। ताजिया मार्ग को साफसुथरा की मांग की। एसडीएम व सीओ ने ताजिया उठने व निकलने वाले स्थानों की जानकारी ली। झंडा चौराहा व फुटकर सब्जी मंडी में आने वाली छड़ व ताजिया को लेकर पूर्व में होने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने निरीक्षण के बाद कहा कि पूर्व की भांति ही त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाओं दुरुस्त किया जाएगा एवं किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जएगी। उन्होंने सभी से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाने की अपील के साथ कुछ नया न करने के भी निर्देश दिए।

समृद्धि न्यूज़
हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



# महादेवा में शिवभक्तों का उमड़ा सैलाब

▸ जलाभिषेक करने में लगी होड़

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**लोधेश्वर** महादेवा के पावन शिवधाम मे सावन माह के दूसरे सोमवार को लाखो शिवभक्तो का जन सैलाब उमड पडा।अर्ध रात्रि के बाद शिव मंदिर के पट खुलते ही हर हर बम बम के जयकारे से समूचा मेला क्षेत्र गुंजायमान हो चला।भूत भावन भोलेनाथ के पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक का यह क्रम सोमवार की देर रात्रि तक चलता रहा।मालूम हो कि लोधेश्वर महादेवा के पावन शिव धाम मे रविवार की शाम से ही कानपुर उरई झांसी जालौन हमीरपुर एटा इटावा मैनपुरी रायबरेली उन्नाव लखनऊ सीतापुर बहराइच और गोंडा सहित तमाम जनपदों से जत्थों में शिव भक्त झूमते गाते हुये भारी संख्या में शिव भक्त पहुचने लगे थे।महादेवा जाने वाले मार्गो पर शिव भक्तों की भारी भीड़




दिखाई पड़ रही थी।पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या भी कम नहीं आंकी जा रही थी उनकी भी लाईन पूरे जोश के साथ हर हर बम बम के जयकारे लगाते हुए हाथों में गंगाजल पुष्प धतूरा सहित पूजन सामग्री लिये मंदिर के गर्भ द्वार खुलने का इंतजार कर रही थी।हर हर बम बम भारी भीड़ के मद्देनजर मंदिर प्रशासन द्वारा पूजन अर्चन एंव जलाभिषेक के लिए अर्धरात्रि से ही मंदिर के कपाट खोल दिए थे।संपूर्ण मेला क्षेत्र भोले के जयकारों से गूंज रहा था भीड़ का आलम यह था कि गर्भ में तैनात पुलिसकर्मी भक्तो को संभालने मे पसीन पसीने थे।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र में जगह जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे चोर उच्चक्को की निगरानी सीसी टीवी व ड्रोन कैमरे से की जा रही थी।मेले की व्यवस्था की देखरेख एस डी एम अनुराग सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान तहसीलदार कविता ठाकुर नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी लगे रहे।

### शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव, जलाभिषेक के लिए लगी भारी भीड़

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सावन महीने के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई पड़ी। । सुबह से ही शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रही, यहीं नहीं दिनभर मंदिरों में भक्तों को तांता लगा रहा । सावन माह के दूसरे सोमवार को भी शिवभक्तों ने शिवलिंगों का दूध और जल से अभिषेक किया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।तहसील मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित प्राचीन अवशानेश्वर महादेव मंदिर पर दूसरे सोमवार को भी सुबह 2:00 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही शिव भक्तों का जलाभिषेक करने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह पूरे दिन चलता रहा मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी ने बताया कि रात्रि 2:00 से सुबह 10:30 त भक्तों का तांता लगा रहा। तकरीबन एक लाख से अधिक शिव भक्तों ने दूसरे सोमवार को जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा सी ओ जेएन अस्थाना तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा हैदर गढ़ का स्पाइस स्थित प्राचीन रामेश्वरन शिवालय, लालपुर स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर हरपालपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर शिवनाम स्थित सोनेश्वर (जोगिनी) महादेव मंदिर जौरास स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर सहित क्षेत्र भर के तमाम शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया।

# पदाधिकारियों की चौखट तक पहुंचेंगे सपा जिलाध्यक्ष

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव पदाधिकारियों के चौखट तक पहुंचने का अभियान चलायेंगे।पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में बिना समाजवादी पार्टी के सहयोग के किसी भी दल की सरकार नहीं बनेगी।उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार से जनता का विश्वास उठ गया है।लोकसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को चुनाव जिताकर केन्द्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।श्री यादव ने कहा कि इसी के तहत जिला कमेटी के अध्यक्ष सभी पदाधिकारी के घर घर जाकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।श्री यादव ने कहा कि प्रदेश और देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है।किसान,नौजवान और व्यापारी, सभी दुखी है और आम जनता परेशान



है।सभी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज की बैठक में जिलाध्यक्ष श्री यादव ने पार्टी तथा फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को कार्यकर्ताओं के घर पर जाकर उनके साथ पार्टी को लोकसभा चुनाव जीताने का संकल्प लेने का निर्देश दिया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष ललित यादव, राजेश पटेल,चौधरी बलराम यादव,मो हलीम पप्पू,दान बहादुर सिंह,राशिद जमील,अंसार अहमद बब्बन,जगन्नाथ यादव,श्री चंद यादव,कौशल यादव,गौरव पांडेय,राजेश कोरी,राम भवन यादव,रियाज अहमद,वीरेंद्र गौतम,शाहबाज लकी,केशवराज कोरी व इशतियाक अहमद आदि लोग मैजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अध्यापकों की गैर हाजिरी, बच्चों पर पड़ रही भारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खण्ड सिद्धौर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेनहुआ पलौली मे अध्यापक समय से स्कूल नही पहुच रहे है जिससे पढने वाले छात्र छात्राओं की पढाई चौपट हो रही है । सरकार शिक्षा के प्रति सजग है और बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रयासरत है। ब्लाक सिद्धौर के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक पलौली के अध्यापक छात्रो की पढाई के प्रति कतई गम्भीर नही है और लापरवाही बरत रहे है जहां विद्यालय खुलने का समय सुबह 8 बजे का है इसके बावजूद शिक्षक नौ बजे तक विद्यालय नही पहुचे। ऐसा ही कुछ हाल सोमवार को विद्यालय मे दिखायी दिया । रसोइया समय से विद्यालय खोलकर मिड डे मिल बना रही थी कक्ष के अन्दर 3 बच्चे उपस्थित मिले और अध्यापक के आने का इन्तजार कर रहे थे । रसोइये से जानकारी ली गयी तो उन्होंने अध्यापक के विषय मे किसी भी प्रकार जानकारी देने से मना कर दिया । विद्यालय मे अध्यापकों की सूची व बोर्ड लगाये जाने के निर्देश है बावजूद इसके सूची बोर्ड नहीं लगाया गया । विद्यालय भवन में कुत्ते आराम फरमा रहे थे।

### अभरन में डूब रहे युवक को बचाया

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा आये 25 वर्षीय शिव भक्त दीपू पुत्र सुरेश का सोमवार की देर रात अभरन तालाब मे स्नान करते समय अचानक पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में डूबने लगे।चीख-पुकार सुनकर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर निकाल कर एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया जहां पर उपचार कर घर भेज दिया गया।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक हेमंत गुप्ता ने बताया घायल श्रद्धालु का इलाज कर घर भेज दिया गया।

### रिसीवर का मोबाईल हुआ चोरी

**न्यायाधीश** को जलाभिषेक करवाने गये मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी का मोबाइल फोन चोर उड़ा ले गये।लोधेश्वर महादेवा धाम के मठ रिसीवर ने बताया रविवार की शाम न्यायाधीश जलाभिषेक करने आए थे। मै अपना फोन मंदिर महल में पड़ी बेंच पर रख कर पूजा करवाने मंदिर गर्भ गृह गया था।वहा से जब वापस आकर देखा तो फोन वहाँ से गायब था।काफी खोजबीन के बाद भी फोन का कुछ भी पता नहीं चल सका।

### अमावस्या को दादी को छोला चावल का भोग लगाकर वितरित किया गया प्रसाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन दादी को छोला चावल का भोग लगाकर प्रसाद वितरण बैंक आफ इंडिया की स्थानीय शाखा के बगल स्थित प्रतिष्ठान पर किया गया। इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, शिवकुमार चतुर्वेदी, संजीव गोयल, शैलेंद्र सिंघल, शिव बहादुर सिंह, अमित झुनझुनवाला, शिव अग्रवाल, जितेंद्र सिंहल कन्हैया सिंघल राम प्रकाश वैश्य सियाराम अग्रवाल अनुज अग्रवाल शिवओम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में दादी भक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर यहां पहुंचकर चेयरमैन आलोक तिवारी नितिन मौर्य अंकित मिश्रा सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा श्यामू राज सहित तमाम भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### पुलिस अधीक्षक ने महादेवा में सुरक्षा के लिए किया बैठक

**रामनगर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ महादेवा ऑडिटोरियम में बैठक करते हुये स्टैंड के लिये लगाये गये बैरियरो पर स्थानीय निवासियो को कोई परेशानी न हो।लेकिन स्टैंड के ठेकेदार वसूली के चक्कर में क्षेत्रीय लोगों को भी स्टैंड पर गाड़ी खड़ी करने के लिए दबाव बनाते है तब वहा जाम भी लग जाता है।मालूम हो कि सैकडो गांव के निवासियो के आवागमन का यह प्रमुख मार्ग है।भैरमपुर बनकी जुरौन्डा अमराई गाव आदि सैकडो गावो को आने जाने वाले लोगों को भी वैरियल पर रोक दिया जाता है जबकि ई-रिक्शा और आटो ऑडिटोरियम से महादेवा मंदिर और मेला परिसर मे बराबर सवारियो को लेकर आ जा रहे हैं।

### 70 गोवंशों के साथ 5 नफर अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चोपन/ सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल मार्गदर्शन व दौरान क्षेत्रभ्रमण 70 राशि गोवंश को बरामद कर मु0अ0सं0 129/2023 धारा 3/5ए / 8 गोवध निवारण अधि0 थाना चोपन सोनभद्र पर पंजीकृत कर बरामद गायो को गोशाला भेजा गया। तथा 05 नफर अभियुक्तगण 1. अनिल पाल पुत्र रामसुरेश निवासी ग्राम बेलछ, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष, 2. बबोले पाल पुत्र बैजनाथ पाल निवासी ग्राम तिलयां, थाना गढ़वा, जिला सिंगरौली म0प्र0 उम्र करीब 20 वर्ष, 3. जनार्दन हरिजन पुत्र शिवदास निवासी ग्राम अवई, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 48 वर्ष, 4. महेन्दर यादव पुत्र स्व0 बुडुक निवासी ग्राम बेलकप, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 47 वर्ष, 5. अब्दुल अजीज पुत्र स्व0 सादा अन्सारी निवासी ग्राम अघोरी, थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा झारखण्ड उम्र करीब- 46 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया 7 गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ,सब इंस्पेक्टर नवनीत कुमार चौरसिया ,आरक्षी अर्पित मिश्रा शामिल रहे।

### प्रधान को मनरेगा भुगतान, बिल बाउचर एफटीओ के हस्ताक्षर से मुक्त करें

**सोनभद्र।** सोमवार को ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में जिलाधिकारी को निम्न मांगो के सम्बन्ध ज्ञापन सौपा गया, और रोजगार सेवको ने मांग किया कि ग्राम पंचायत के कार्यों में ग्राम प्रधान भूमिका अहम रहती है ग्राम पंचायत की कार्य योजना से लेकर भुगतान के बिल बाउचर तक उनके हस्ताक्षर महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों कोई वित्तीय अनियमित्ता पायी जाती है तो सचिव साहब तकनीकी सहायक रोजगार सेवक के उपर जनपद में कार्यवाही किया जा रहा है और रोजगार सेवक के सेवा समाप्ति के आदेश जारी किया जा रहा है। प्रधान जी को जन प्रतिनिधि मानते हुये दोषमुक्त माना जा रहा है। जबकि भुगतान अहम भूमिका प्रधान की रहती है प्रधान जन प्रतिनिधि है तो मनरेगा के कार्यो के भुगतान, बिल बाउचर एफ0टी0ओ0 के हस्ताक्षर से मुक्त किया जाय। जिससे कर्मचारी ईमानदारी पूर्वक कार्य कराकर भुगतान करा सके। या उन्हे दोषी मानकर उनके उपर भी कार्यवाही हो । रोजगार सेवक संघ जिलाध्यक्ष विनय पाण्डेय ने कहा ये इस तरह का मामल तत्काल में चतरा ब्लाक में हुआ है। कुछ ग्राम पंचायतों में प्रधान जी द्वारा अपने चहेतो से मनमाने ढंग से कार्य कराकर बिना रोजगार सेवक के हस्ताक्षर बिल बाउचर एम0आई0एस0 करा दिया जाता है। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही हो। अगर हमारी मांगे पूरी नही हुयी तो जनपद के समस्त रोजगार सेवक और कर्मचारी महासंघ आंदोलित होगें।

## सड़क सुरक्षा अभियान का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जन-मानस में जागरूकता अभियान के पहले दिन का शुभारंभ राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। यह जागरूकता पखवाड़ा 31 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री अरूण कुमार सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन). अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अंकिता शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संतोष देव पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता आर0के0 राम, डी0के0 चौधरी. सहायक अभियन्ता अशोक कुमार, यात्री / मालकर अधिकारी, उमाशंकर मिश्र, थानाध्यक्ष कोतवाली संजय मौर्या, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर नन्द लाल यादव व स्काउट गाइड राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी के साथ-साथ इन्द्रभूषण सिंह आशय फाउण्डेशन व परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# जॉइंट मजिस्ट्रेट ने बाढ़रोधी कार्यों तथा तटबंधों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

**सदर** तहसील अंतर्गत जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु की अध्यक्षता में अजवनिया गांव में बाढ़ नियंत्रण एवं राहत व बचाव कार्यों के संबंध में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ व अन्य आपदाओं से होने वाली जनहानियों को रोकने के प्रति जनसमुदाय को जागरूक किया गया। जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु ने बताया कि राहत चौपाल के लिए 17 जुलाई से 13 अगस्त तक बाढ़ के संभावित 36 गांव में रोस्टर जारी किया गया है। सभी संभावित गांव के विशेष विवरण बंधा, नदी, आश्रय स्थल, उपलब्ध नाव और नाविकों, आपदा मित्रों, गोताखोरों की सूचना के साथ साथ गांव की मूल भूत संरचना तथा उपलब्ध संसाधन का विवरण तैयार किया गया है। बाढ़ चौकी पर सभी ग्रामीणों को सभी महत्वपूर्ण अधिकारियो के संपर्क नंबरों से



अवगत कराया जा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा संभावित बाढ़, अतिवृष्टि, बज्रपात, सर्पदंश, पानी में डूबने आदि से बचने के बारे में तथा सिंचाई विभाग के द्वारा बाढ़रोधी कार्यों तथा तटबंधों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। एसडीएम ने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ के टोल फ्री नंबर 1070 तथा दामिनी एप्प के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि पशुओं के लिए आश्रय स्थल में भूसा चारा प्रबंध, मेडिकल टीम द्वारा टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह नायब तहसीलदार विकास कुमार ग्राम प्रधान अजवनिया आदि मौजूद रहे। इसी तरह नायब तहसीलदार जंगल कोडिया देवेंद्र यादव अपने सहयोगियों के साथ जंगल कोडिया ब्लाक अंतर्गत नाहरपुर अतरोलीया में राहत चौपाल लगाकर आए हुए ग्राम वासियों को बाढ़ से बचाव के उपाय बताएं। इस दौरान कानूनगो वन विभाग के अधिकारी ग्राम प्रधान ग्रामवासी मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अन्तर्विभागीय बैठक कर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**विशेष संचारी** रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में 01 जुलाई 2023 से 16 जुलाई 2023 तक विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि माइक्रो प्लान के अनुसार जिन ग्राम पंचायतों में साफ सफाई होनी हैं, वहां के ए डी ओ पंचायत सम्बंधित प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एक दिन पहले ही अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे दे। जिलाधिकारी ने कहा कि माइक्रो प्लान को सभी विभाग फॉलो करें और अभियान का गंभीरता के साथ सम्पन्न कराये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के समस्त नोडल अधिकारी पूर्व की भाँति अपने सम्बन्धित क्षेत्र में कार्य का मूल्यांकन/ भ्रमण करेगें। नगरीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्र में संचारी रोग की रोकथाम तथा साफ सफाई शुद्ध पेयजल, जल निकासी, जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई व्यक्तिगत स्वच्छता खुली नालियों के ढकने की व्यवस्था, जल भराव, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को हटवाने, खुले में शौच, आदि पर संवेदीकरण किये जायें। उन्होंने अभियान से सम्बन्धित कार्यो में कम प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीओ पंचायत सिरौलीगौसपुर तथा बनीकोडर को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिये।

# महादेवा से लौट रहे श्रद्धालु की रोडवेज से हुई टक्कर, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** महादेवा से भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर लौट रहे बाईक सवार युवक को सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मारी टक्कर। गम्भीर रूप से घायल युवक की जिला अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को सुबह करीब छः बजे महादेवा से जलाभिषेक कर अपनी बाईक से घर लौट रहे ग्राम कोठीडीहा निवासी आशीष प्रताप सिंह पुत्र रन बहादुर सिंह 35 को बदोसरांय टिकैतनगर मार्ग पर ग्राम रसूलपुर स्थिति नोमानी पेट्रोल पंप के पास टिकैतनगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनियंत्रित बस ने जोरदार टक्कर मारकर करीब सौ मीटर तक घसीटती रही। सड़क किनारे मौजूद लोगों द्वारा शोर मचाने पर बस रुकी। तब तक बाईक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके




पर पहुंचे और घायल को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। युवक के मरने की सूचना उसके घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। घटना के बाद बस का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही सिरौलीगौसपुर ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कोठीडीहा गांव पहुच कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

# केवीके में कृषक वैज्ञानिक संवाद का हुआ आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**तहसील** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे क्रोएशिया देश की जागेव विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन लोगो को भारतीय कृषि वास्तविकता एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की विभिन्न कृषि इकाइयों का भ्रमण कराना था। इस कार्यक्रम मे आचार्य नरेन्द्र देव कृषि वि0वि0 के कुलपति डा0 विजेन्द्र सिंह, अपर निदेशक प्रसार डा0 आर0 आर0 सिंह, उप जिला अधिकारी हैदरगढ़ उपकृषि निदेशक, वारावंकी, उपमहानिदेशक उपकार लखनऊ, क्रोएशिया विश्वविद्यालय के कृषि अधिष्ठाता इविका किसिक, उप अधिष्ठाता मिस क्रिस्टीना कजाक, उप अधिष्ठाता विज्ञान मिस क्लैडिजा स्टेनको कैरोविक एवं मिसेस मरिनिका किसिक उपास्थित थे। इस कार्यक्रम मे 15 प्रगतिशील किसानो ने विभिन्न तकनीकों और फसलो की प्रदर्शनी लगायी, साथ ही साथ 130 किसानों ने प्रतिभाग किया, कृषि विज्ञान केन्द्र, परिसर फार्म का एवं तकनीकी पार्क का भ्रमण करते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने धान रोपाई एवं आम के मदर आचर्ड में लगी आम की विभिन्न प्रजातियों को देखकर चकित रह गये। उन्होने के वी के के विभिन्न मछली पालन, मुर्गीपालन बतख पालन, बकरी पालन वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, अजोला. प्राकृतिक खेती, मधुमक्खी पालन, आदि इकाइयों का भ्रमण बड़े उत्साह के साथ किया। कुलपति ने ए एन डी यू आर टी (हृष्ठत्रञ्ज) के सभी प्रतिनिधियो का स्वागत मिलेटस के बुके, मोमेन्टो व शाल देकर किया ! विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 विजेन्द्र सिंह ने अपने उदबोधन में बताया की बाराबंकी जिले में किसान मेंथा के रिकार्ड उत्पादन के साथ सब्जी एवं फलों की खेती वृहद क्षेत्रफल में कर रहे है। कोएशियन अधिष्ठाता इविका किसिक ने बताया कि यहां के किसानो से मिलकर और कृषि की विविधिता को देख कर उन्हें बहुत अच्छाअनुभव हुआ और उन्होंने तहेदिल से कार्यक्रम मे आये हुए किसानो को धन्यवाद ज्ञापित किया। कोएशिया से आयी मिस क्रिस्टीना केजाक ने के वी के की विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों के कार्य एवं कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियो के सहयोग की सराहना की। कृषि विज्ञान केंद्र एवं के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा0 एस0के0 सिंह ने विदेशी अतिथियो का स्वागत किया एवं केन्द्र पर चल रही विभिन्न गतिविधियों का सारांश पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। अपर निदेशक डा0 आर0आर सिंह ने एस एन डी यू ए टी के अन्तर्गत सभी कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य, रूप रेखा एवं विभिन्न परियोजनाओ का सारांश प्रस्तुत किया। इस कार्य क्रम में मंच का संचालन डा0 रूपन रघुवंशी वैज्ञानिक कृषि प्रसार द्वारा किया गया। इसके साथ के0 वी के, हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 समीर पाण्डेय, डा0 अश्वनी कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार चौरसिया, डा0 रिंकी चौहान, डा0 एम0 वी0 सिंह और अन्य कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने मे सहयोग किया।

## पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में शामिल हुए 60 अभ्यर्थी

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार परिसर के श्रीराम शलभ भवन में शुरू किया गया।सोमवार को बिजनेस मैनेजमेंट एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप, कामर्स,एप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमिनिटी में प्रबंधन, सोशियोलॉजी,एन्वायरनमेंट साइंस विषय के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 96 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 60 ने पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में हिस्सा लिया।पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फरूख जमाल ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर 35 विषयों के पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार शुरू किया गया है,जो 27 जुलाई तक चलेगी।साक्षात्कार के प्रथम दिन बिजनेस मैनेजमेंट एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप में 11,कामर्स में 22,एप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमिनिटी में प्रबंधन में 02, सोशियोलॉजी में 20 एवं एन्वायरनमेंट साइंस में 05 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में शामिल हुए।विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 18 जुलाई को फिजिक्स, मैथमेटिक्स, जुलॉजी, कमेस्ट्री व बॉटनी विषय का पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार होगा।

# प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए हो रहा सर्वेक्षण

▸ सर्वेक्षण के लिए आयोजित हुई संवेदीकरण कार्यशाला

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**गैर** कृषि व गैर फैक्ट्री एक्ट में योजित उद्यमियों, व्यवसायियों का आर्थिक सर्वेक्षण कराने के लिए जागरूकता व सहयोग हेतु डीआरडीए में कार्यशाला आयोजित की गई।

सांख्यिकीय आंकड़ों के संग्रहण के लिए आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ एवं अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने किया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की मा0 मुख्यमंत्री जी की संकल्पना को पूर्ण किये जाने हेतु भारत सरकार के कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय एवं प्रदेश सरकार के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा विभिन्न




समाजार्थिक सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। यह सर्वेक्षण वार्षिक इंडस्ट्री सर्वे, वार्षिक अन इनकॉरपोरेटेड सर्वे, पेरयोडिक लेबर फोर्स सर्वे, नेशनल सैम्पल सर्वे आदि प्रकार के सर्वे कराए जा रहे हैं। इस सर्वेक्षण में समाज के उन लोगों काडोर टू डोर सर्वे होगा जो इस प्रकार के आर्थिक उद्यम में लगे हैं। विभिन्न सार्वजनिक व निजी संस्थाओं को सर्वेक्षण के बारे में जानकारी कराने हेतु यह कार्यशाला आयोजित की गई। नेशनल सर्वेक्षण ऑर्गनाइजेशन एनएसओ के अधिकारियों शिवानी सक्सेना एवं रावेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा विभिन्न सर्वेक्षणों पर विस्तृत रूप से व्याख्या की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण के महत्व को समझाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त सार्वजनिक निजी संस्थाओं, विभिन्न क्षेत्रीय अधिकारियों से आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सर्वेक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये गये जिससे प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जा सके। कार्यशाला में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक, डीआरडीए, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार उपायुक्त स्वतः रोजगार एनएसएसओ के अधिकारी उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या) के प्रतिनिधि, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला सूचना अधिकारी, समिति के समस्त सदस्य, उद्योग बन्धु / उद्योगों के प्रबन्धक एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विद्यालय परिसर में मिला युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**सदर** कोतवाली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जोगिया वीर मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की सुबह मिला 25 वर्षीय युवक का शव आसपास मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस। थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि सुबह 7:00 कस्बा चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित त्रिपाठी द्वारा सूचना दी गई थी कोतवाली क्षेत्र के मझिगाव गांव निवासी आलोक कुमार मिश्रा 25 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश मिश्रा कासव विद्यालय परिसर में पड़ा हुआ है विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा फोन से सूचना मिली जिस पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं लग सका है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में खुलासा हो पाएगा वही पिता द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार का कोई एप्लीकेशन नहीं दी गई है उनके मिलते ही मामले में मामला पंजीकृत करते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी उधर मृतक के पिता रामप्रवेश ने बताया कि मेरे तीसरे नंबर का बेटा मृतक आलोक है जो कुछ दिन पूर्व मेरे भाई के लड़के के पास रहकर काम करने छत्तीसगढ़ गया हुआ था रविवार सुबह 10:00 बजे के लगभग वह आया और घर नहीं गया अपने दोस्तों मित्रों के साथ घूमने लगा मुझे लगा कि शाम तक घर आ जाएगा मैं भी शाम को गया पता लगाया तो पता चला कि कहीं गया है आ जाएगा सुबह आसपास के लोगों द्वारा सूचना मिला कि विद्यालय परिसर में आपके बेटे का शव पड़ा हुआ है मैं बहुत रह गया मौके पर पहुंचा तो शरीर पर गले में चोट के निशान देखे मुझे पूरा उम्मीद है कि मेरे बेटे की हत्या कर शव को विद्यालय परिषद में फेंका गया है। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य विभा श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी सुबह 7:00 बजे विद्यालय खुलने पर वहां मौजूद दाई व चपरासी द्वारा हुई जिस पर पुलिस को सूचना व जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया।

समृद्धि न्यूज़ हिंदी दैनिक



# मालिक के गोदाम से माल चोरी करने वाले नौकर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज



**अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने मालिक के गोदाम से माल चोरी करने वाले नौकर सहित दो आरोपी गिरफ्तार किये।

वादी नितीश सक्सेना पुत्र सुशील कुमार सक्सेना निवासी पुरानी पीएसी गली अशोक नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा पर तहरीरी सूचना दी कि वह एल्युमिनियम के दरवाजों का व्यापरी हुँ , उसके नौकर राजकुमार पुत्र सियाराम ने उसकी अनुपस्थिती मे सद्भावना इण्टर कालेज, भरथना रोड के पास स्थित उसके गोदाम से अपने चाचा रामचन्द्र पुत्र परशुराम के साथ मिलकर कच्चा एवं तैयार माल चोरी कर लिया है। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित आरोपी राजकुमार पुत्र सियाराम को भरथना चौराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजकुमार पुत्र सियाराम निवासी मनकौडा दशहरा थाना फफूंद जनपद औरैया से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो बताया कि कि मै नितीश सक्सेना के यहां बतौर नौकर कार्य करता हूं। मालिक मेरे ऊपर विश्वास कर गोदाम की जिम्मेदारी मुझे सौंप जाते थे। उसी दौरान मै गोदाम मे रखा कच्चा एवं तैयार माल को चुराकर अपने चाचा रामचन्द्र की लुहन्ना चौराहे के आगे कचौरा रोड़ पर स्थित दुकान पर रख देता था। राजकुमार की निशांदेही पर मुकदमा उपरोक्त के अन्य आरोपी रामचन्द्र पुत्र परशुराम निवासी बगिया अड्डा थाना फ्रेंड्स क़ॉलोनी इटावा को कचौरा रोड, लुहन्ना चौराहा स्थित उसकी दुकान से गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के पास से 42 एल्युमिनियम मिडिल, 14 पीस पाटाम चौखट, 3 एल्युमिनियम दरवाजें, 14 एल्युमिनियम सीट, 6 जाली, 2 एल्युमिनियम के दरवाजो पर लगाने वाली रबड़, 50 एल्युमिनियम हैण्डिल,30 पाटाम चौखट हल्की वाली बरामद की गई। इस सफलता में रमेश सिंह प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, उ.नि. सत्येन्द्र वर्मा, हे.का. नौरतन सिंह, का. राहुल का सराहनीय योगदान रहा।

## आचार्य कामकुमार नंदी की हत्या ओर जताया रोष

इटावा। समृद्धि न्यूज

**विश्व जैन** संगठन ने कर्नाटक राज्य में जैन आचार्य कामकुमार नंदी मुनिराज की निर्मम हत्या पर रोष व्यक्त किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने बताया कि पूज्य जैन आचार्य कामकुमार नंदी मुनिराज की निर्मम हत्या के विरोध में पूरे देश मे प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया अल्पसंख्यक आयोगों में जैन सदस्यों की नियुक्ति और जैन धर्म, तीर्थ, संत व समाज के संरक्षण हेतु %जैन कल्याण बोर्ड% के गठन की मांग को लेकर विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में संगठन की इटावा इकाई के द्वारा लिखे माँग पत्र को दिल्ली पुलिस की निगरानी में कर्नाटक भवन चाणक्य पुरी नई दिल्ली में कर्नाटक रेजिडेंट कमिश्नर श्रीमती इमकोंगला जमीर को कर्नाटक सरकार से त्वरित कार्यवाही कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने और कर्नाटक में जैन संतों की सुरक्षा व जैन कल्याण बोर्ड का गठन हेतु सौंपा।

# सोमवती अमावस्या पर लगाई गोरखगिरि धाम की परिक्रमा

▸ हादसों से बचाव व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रार्थना की

महोबा। समृद्धि न्यूज




**श्रावण** मास की सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सुबह तड़के 5.30 बजे गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं लगातार बढ़ रहे हादसों से बचाव व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा समिति के प्रमुख प्रो. एलसी अनुरागी ने बताया कि सोमवती अमावस्या को हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। आज सावन का दूसरा सोमवार होने की वजह से सोमवती अमावस्या का महत्व और बढ़ जाता है। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि एक वर्ष में 12 अमावस्या होती हैं और आज 2023 की दूसरी सोमवती अमावस्या है। श्रद्धालु कांवड़ यात्रा निकालते हैं। चित्रकूट जाकर मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाते हैं और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते हैं। जो श्रद्धालु नहीं जा पाते, वे श्रद्धालु गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ हासिल करते हैं। गोरखगिरि परिक्रमा का महत्व भी कामदगिरि की परिक्रमा के समान माना जाता है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट के कामदगिरि की भांति महोबा का गोरखगिरि भी प्रभु श्रीराम के आगमन की गवाही देता है। पर्वत के ऊपर गोरखेश्वर महादेव, सिद्ध बाबा, संकटा माता, बाबा नागराज, बड़ी चंडिका देवी मौजूद हैं और पर्वत के चारों ओर पठवा के बाल हनुमान, महावीरन, कबीर आश्रम, सकरे सन्या माता, भूतनाथ आश्रम, काली माता, शनिदेव, खो-खो माता, राधा कृष्ण, छोटी चंडिका मैया, नागौरिया, सुनरा-सुनरिया व काल भैरव जैसे हजारों वर्ष पुराने दर्जनों मंदिर हैं जहां श्रद्धालु मत्था टेककर आशीर्वाद लेते हैं। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, स्वप्निल गुप्ता, रवीन्द्र सिंह, अवधेश गुप्ता, प्रवीण चौरसिया, दिनेश खरे, डा. देवेंद्र पुरवार, प्रेम चौरसिया, सिद्धे सेन, गया प्रसाद, देवकीनंदन आर्या, मोनू भाई, राम किशन सेन, ओमप्रकाश सोनी, पंचम लाल चौरसिया, निशू पुरवार, रोहित, लखन, संत कुमार व गुड्डू ताम्रकार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# रास्ते में भरे पानी में विद्यालय जाने को मजबूर नौनिहाल

▸ विधायक निधि द्वारा सड़क डलने से पानी की निकासी हुई बन्द

पनवाड़ी/महोबा। समृद्धि न्यूज



विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सिलालपुरा के सम्लित गांव हैवतपुरा खंगारन के जूनियर और प्राइमरी कम्पोजिड विद्यालय में चारों तरफ पानी भरने एवं विद्यालय में भरे पानी से निकलने को मजबूर नौनिहालों का मामला प्रकाश में आया है!

बताते चलें विकास खण्ड के हैवतपुरा खंगारन में जूनियर एवं प्राइमरी कम्पोजिड विद्यालय में चारों और लबालब पानी भर जाने के कारण मासूम नौनिहालों को पीठ पर बैग एक हाँथ में पैंट और दूसरे हाँथ में जूता चप्पल लेकर विद्यालय के अंदर जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है. विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक नंदराम का आरोप है. कि जूनियर में 45 और प्राइमरी में 96 बच्चे पंजीकृत हैं. पानी के जलभराव के चलते काफी संख्या में बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं. जिस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. जलभराव के सम्बन्ध में दूरभाष पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक नंदराम एवं ग्राम प्रधान अरविन्द्र से हमारे संबाददाता ने पूंछा तो उन्होंने बताया कि मई और जून माह में विधायक निधि द्वारा बनाई गई सड़क से विद्यालय के पानी की निकासी बन्द हो गई है.जिस कारण विद्यालय का पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है. वहीं ग्राम प्रधान ने बताया कि पानी निकासी के लिए उनके द्वारा जेसीबी मशीन मंगाई गई है आज कैसे भी करके विद्यालय के पानी की निकासी का रास्ता बनाया जाएगा!

## कई वर्ष से काम कर रहे कुशल श्रमिक ने अकुशल बनाया

**हमीरपुर।** शहर के द्वितीय पावर सबस्टेशन में कार्यरत कुशल श्रमिक ने विभागीय अभियंताओं पर श्रम विभाग के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगा मामले की शिकायत जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल से की है। द्वितीय पावर सबस्टेशन में तैनात ओमबाबू प्रजापति ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह कुशल श्रमिक के रूप में वर्ष 2014-15 में आईटीआई प्रमाण पत्र के आधार पर पावर कारपोरेशन में चयनित हुआ था। तबसे लगातार निर्धारित कुशल श्रेणी पद पर पारिश्रमिक पद पर काम करता आ रहा है। वर्तमान में 33/11 केवीए उपकेंद्र हमीरपुर द्वितीय कार्यरत है। आरोप लगाया कि बगैर किसी सूचना के पिछले मई माह में उसे मूल पद कुशल श्रमिक से हटाकर अकशुल श्रमिक के पद पर कर दिया गया है। कहा यह श्रम विभाग के नियमों का उल्लघंन है।

# पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने श्रावण मास अन्तर्गत सोमवती अमावस्या पर लिया मंदिरों की सुरक्षा का जायजा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार/सोमवती अमावस्या के दृष्टिगत जनपद महोबा मुख्यालय अवस्थित विभिन्न प्राचीन शिवमन्दिरों में पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया साथ ही जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनको सोमवती अमावस्या की शुभकामनाएं देते हुये उनको सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा शिवमन्दिरों में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर श्रावण मास अन्तर्गत द्वितीय सोमवार एवं सोमवती अमावस्या के दौरान समुचित पुलिस प्रबन्ध किया गया



जिसके दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत शिवालयों, प्राचीन मन्दिरों, धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जनपदीय पुलिस मीडिया सेल टीम द्वारा विभिन्न सोशल साइट्स पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जनपद महोबा पुलिस जनपद में शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है ।

# सड़कों पर पाए जाने पर पालतू गौवंश स्वामियों के विरुद्ध होगी दंडात्मक कार्रवाई : अधिशासी अधिकारी

महोबा। समृद्धि न्यूज



**सड़कों,** गलियों में स्वच्छन्द विचरण करने वाले गौवंशों को कान्हा गौशाला में संरक्षित करने के लिए नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। अब तक ढाई सैकड़ा से अधिक गौवंशों को गौशाला में संरक्षित किया जा चुका है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी एवं पालिकाध्यक्ष डॉ0 सन्तोष चौरसिया के निर्देश पर सफाईनायकों एवं सफाई कर्मियों के सहयोग से नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा गलियों, सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गो में स्वच्छन्द विचरण करने वाले गौवंशों को गौशाला में संरक्षित किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में कान्हा गौशाला मुड़हरा (महोबा) में अब तक 153 गौवंश तथा 40 खच्चर, गौशाला ग्राम करहरा 100 गौवंश तथा रामकुण्ड गौशाला में 18 गौवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि वार्डो के सफाईनायकों एवं सफाई कर्मियों के सहयोग से गौवंश संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रातः 4.00 बजे 10.00 बजे तक तथा सायं 3.00 से रात्रि 9.00 बजे तक चलाया जा रहा । अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने गौ पालकों से अपील की है कि अपने-अपने गौवंशों को घर में बांधकर रखे जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। यदि गौ पालकों के गौवंश सड़कों पर स्वच्छन्द विचरण करते पाये जाते हैं गौ पालकों से जुर्माना वसूलते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई आयोजित

महोबा। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** मनोज कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 17 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा पखवाडा कि बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूलों का उत्तरदायित्व, जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक, अनाधिकृत स्कूली वाहनों पर कार्यवाही, सड़क दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विवरण माह जनवरी 2023 से जून 2023 तक एवं लक्ष्य के सापेक्ष मृतकों/घायलों की संख्या, दुर्घटना का कारण एवं उपायों, जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर किए गए सुधारीकरण के कार्यो, सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का प्रचार-प्रसार, स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन कर संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई, ओवरलोड माल वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई का वर्ष 2022 के सापेक्ष तुलनात्मक विवरण, दुर्घटना रोकने हेतु सीट बेल्ट/हेलमेट के अभियोग में प्रवर्तन की कार्रवाई, ऑटो-रिक्शा, टेंपो, मैक्सी कैब एवं बस)/ मिनी बस के लिए पार्किंग स्टैंड एवं यात्री सुविधा के संबंध में, सड़क दुर्घटना राहत हिट एंड रन, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा एवं स्वैच्छिक मदद की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि सभी लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा वाहन स्वामी अपने वाहनों को ओवर स्पीड में ना चलाएं।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी व पुलिस कर्मी बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए पाए जाये तों इनका भी तत्काल चालान किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी नें सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैठक में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जमाल अहमद खान, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील यादव, समाजसेवी राम जी गुप्ता, डॉ ज्ञानेश अवस्थी, शिवकुमार गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी)/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बरसात के पानी से किसानों की फसलें हुई जलमग्न

**इटावा।** राजपुर तमेरी के किसानों ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि जसवन्तनगर से बलरई जाने वाले सड़क मार्ग के किनारे बने नाले की पिछले कई साल से सफाई नही होने से बरसात का पानी खेतों में भर गया है। इससे निजामपुर और नगला रामसुन्दर गाँव की तरफ किसानों की जमीन जलमग्न हो गई है। जिसमें किसानों ने धान की रोपाई की गई फसलों को नुकसान हुआ है। जसवन्तनगर से जाने वाले बलरई सड़क मार्ग के किनारे पर बने इस नाले की सफाई कई वर्ष से नहीं हुई है। इसी नाले के जरिए निजामपुर गाँव होते हुए भी खारजा झाल में चला जाता है व नाले के कुछ हिस्से का पानी बलरई चौराहे से पहले एक नाले के जरिये खारजा झाल में जाकर गिरता है लेकिन इन नालो की कई वर्षो से सफाई नहीं हुई है। गेहू की फसलों के समय भी वेमौसम बारिश से दर्जनों किसानों की गेहू फसल भी जलमग्न होकर नष्ट हुई हैं। ग्रामीणों सौरभ दुबे, राम शंकर, मुनेश कुमार, राजकिशोर, राम बहादुर, विनय कुमार राजेन्द्र सिंह, आदेश कुमार, प्रेम शंकर, दिनेश चंद्र, श्याम किशोर, नीलेश बाबू, सुनीता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नाला बंद होने के कारण बरसात का पानी खेतों में भरा हुआ है जिससे किसानों की लगभग सैकड़ो बीघा धान की रोपाई की हुई जमीन जलमग्न हो गई है पानी निकासी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

# नीव फाउंडेशन क्लासेस के सफलतम एक वर्ष होने पर मेधावियों को सम्मानित किया गया

इटावा। समृद्धि न्यूज




नीव फाउंडेशन क्लासेस के सफलतम एक साल पूर्ण होने पर अग्रवाल कॉम्प्लेक्स चौगुर्जी में आयोजित सम्मान समारोह में मेधावियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पधारे मुख्य अतिथि एडीआईओएस डा.मुकेश यादव ने नीव फाउंडेशन क्लासेस के सफलतम एक साल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में यहां से कोचिंग ले रहे क्लास 6,7 व 8 के मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि साइंस विषय के विशेषज्ञ आनन्द मित्तल सर द्वारा संचालित नीव फाउंडेशन क्लासेस में शिक्षा ले रहे बच्चों को एक ही जगह सम्पूर्ण शिक्षा के साथ साथ प्रतियोगिताओं से संबंधित उपयोगी जानकारी दी जा रही है, यह एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेज व नीव फाउंडेशन क्लासेस के डायरेक्टर आनन्द मित्तल सर ने बताया कि वैसे तो हम लगातार 15-16 सालों से बड़ी क्लासेस यानी 9 से लेकर 12वीं क्लास के बच्चों को पढ़ा रहे थे लेकिन जब देखा कि कोविड के कारण से जो छोटी क्लास के बच्चे हैं उनका बेस बहुत ज्यादा कमजोर हो चुका है और जब वह बड़ी क्लास में आते हैं तो उनको बहुत ही ज्यादा परेशानी होती है और हम सब को भी होती है क्योंकि उनका जो बेस है वह मजबूत नहीं होता है तो इसको ध्यान में रखते हुए नीव फाउंडेशन क्लासेस की शुरुआत की जिसमें हम लोगों ने एक ही छत के नीचे कक्षा 6,7 व 8 के बच्चों को साइंस,मैथ्स व इंग्लिश जैसे सब्जेक्ट की क्लासेस देना शुरू की। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेस मजबूत हो इसे ध्यान में रखते हुए हमने अलग-अलग सब्जेक्ट के अनुभवी टीचर्स द्वारा गत एक साल के अंदर जो भी बच्चे नीव फाउंडेशन क्लासेस में पढ़ते रहे उनका बेस मजबूत हुआ और परिणाम स्वरूप हमारे कक्षा 6,7 व 8 के सभी बच्चों ने अपने शैक्षिक सत्र 2022-23 में दिए एग्जाम में बहुत अच्छा परफॉर्म किया है, जिससे प्रभावित होकर पेरेंट्स ने नीव फाउंडेशन क्लासेस को बहुत उपयोगी माना और इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा हमारे यहां एडमिशन लेने वालों की संख्या और बड़ी है,और सबसे बड़ी बात तो यह है कि बच्चों का आत्मविश्वास बहुत मजबूत हुआ है।उन्होंने कहा कि हम इन क्लासेज को और बेहतर करने के लिए निरन्तर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी अभिभावक को किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो वह टीचर से एवं मैनेजमेंट से मिलकर दूर अवश्य कर लें। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मान समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर हुई।मुख्य अतिथि एडीआईओएस डा.मुकेश यादव का डायरेक्टर आनन्द मित्तल व शिक्षाविद परिधि वर्मा ने माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## मनरेगा कर्मियों ने छह सूत्रीय मांगो का सौंपा ज्ञापन

**सरीला/हमीरपुर।** शासन स्तर पर लंबित मांगे पूरी न होने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने संघ के प्रांतीय आवाहन पर 6 सूत्री मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी रवि प्रताप चौधरी को सौंपा है । विकासखंड में तैनात मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, रोजगार सेवक संघ के महेंद्र कुमार, तकनीकी सहायक हरि सिंह, मनोज द्विवेदी, हेमचंद आदि ने बताया कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना के तहत तैनात कर्मचारियों का वर्षो से शोषण हो रहा है। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ में आयोजित मनरेगा कर्मचारियों के सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कर्मचारियों के हितों में कई घोषणाएं की गई थी। लेकिन आज तक लागू नहीं हो सकी है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने वेतनमान लागू करने, मानदेय में वृद्धि, एच आर पाल्सी लागू करने तथा पंचायत सचिवालय में मनरेगा सेल की स्थापना किए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त, वृद्ध की मौत साथी घायल

**राठ (हमीरपुर)।** सोमवती अमावस्या पर चित्रकूट में भगवान कामता नाथ के दर्शन कर बाइक से लौटते बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में दो लोग हादसे का शिकार हो गए। इनमें वृद्ध की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली के बरदा गांव निवासी बिंद्रावन (60) पुत्र काशीप्रसाद अपने गांव निवासी अमर सिंह पुत्र वीरपाल के साथ बाइक से रविवार को सोमवती अमावस्या पर चित्रकूट में भगवान कामता नाथ के दर्शन करने गए थे। सोमवार को बाइक सवार वापस लौट रहे थे। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसके चलते बाइक में सवार बिंद्रावन व अमर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन गंभीर रूप से घायल बिंद्रावन को इलाज के लिए ग्वालियर ले जा रहे थे। ग्वालियर ले जाने के दौरान रास्ते में ही वृंदावन की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक बिंद्रावन के पास लगभग 5 बीघा कृषि भूमि थी। जिसमें खेती किसानी एवं पशुपालन सहित मजदूरी आदि कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पत्नी कमला देवी व पुत्र कृष्ण कुमार के अलावा अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का हुआ श्रृंगार

**इटावा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर नीलकंठ महादेव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का सावन की हरियाली छवि से भरपूर हरे पत्तों एवं फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया जिसके दर्शन कर भक्त श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। सोमवार को प्रातःकाल से ही मंदिर पर भक्तों का पर आना शुरू हो गया जिन्होंने नीलकंठ भगवान पर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया जो ग्यारह बजे तक चला। इसके बाद तीन बजे से भोलेनाथ के भव्य श्रृंगार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया, जो देर रात्रि चलता रहा। भगवान का श्रृंगार दीपक शर्मा ने किया। मदिर की व्यवस्था बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश वाजपेई, उपाध्यक्ष लाल दिग्दर्शन सिंह यादव, कोषाध्यक्ष राजीव मिश्रा एडवोकेट, आनंद द्विवेदी, सुरेश यादव, रमेश यादव का सहयोग रहा।

### मेधावी 13 अगस्त को होंगे सम्मानित

**इटावा।** राठौर तेली समाज जिला के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 13 अगस्त दिन रविवार को आयोजित होगा। राठौर तेली समाज की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष जनपद इटावा के समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का दिनांक 13 अगस्त 2023 दिन रविवार को वर्ष 2023 की हाईस्कूल,इंटर,स्नातक व परास्नातक परीक्षा में 75 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का ??सम्मान समारोह माया मैरिज होम रामलीला रोड इटावा में आयोजित होगा।

### सिर पर कफन बांध कर शिक्षा लेने को मजबूर नौनिहाल

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत बांक के कम्पोजिट विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर होने से नौनिहाल सिर पर कफन बांधकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। साथ ही विद्यालय की बाउंड्रीवाल एक वर्ष टुटी होने के कारण विद्यालय आवारा पशुओं का अड्डा बन जाता है। इससे शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं परेशान हैं। ग्राम पंचायत बांक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय एक ही कैंपस में संचालित होते हैं। यहां के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रजापति ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय का भवन बेहद जर्जर है। इस भवन में बच्चों को बैठाना खतरे से खाली नहीं है। लेकिन जगह का अभाव होने के कारण मजबूरी में छात्रों को अंदर बैठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की बारिश में विद्यालय की बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। तब से इसको नहीं बनाया गया है। यहां से आवारा पशु अंदर दाखिल हो जाते हैं और विद्यालय प्रांगण को गंदा करते हैं। इससे तमाम परेशानियां होती हैं। ग्राम प्रधान रामपाल अनुरागी ने बताया कि बजट के अभाव के कारण बाउंड्री वाल का निर्माण नहीं हो पा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह ने बताया कि यह विद्यालय जर्जर की सूची में शामिल है।सत्यापन कराया जा रहा है। बाउंड्री बनवाने के लिए एडीओ पंचायत से वार्ता की जाएगी।

### सावन के दूसरे सोमवार को श्रदालुओं ने शिवालयों में बम भोले के लगाए जयकारे, किया जलाभिषेक

**हमीरपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को शहर से ग्रामीण क्षेत्र तक शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय और बोल बम के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। सावन माह के दूसरे सोमवार पर प्रातः काल से ही शिवालयों में भगवान शिव के कर्णप्रीय भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भी स्नान ध्यान करने के बाद हाथों में पूजा की थाली लिए मंदिरों की ओर चल पड़े। हर कोई भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए शिव की अराधना में लीन दिखाई दिया।शहर के पतालेश्वर व संगमेश्वर मंदिरों में सुबह पांच बजे से श्रद्धालु पहुंचने लगे। प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर,मनासर बाबा, शल्लेश्वर,शंकरपुर गांव स्थित शिवमंदिर, निर्नी गांव के यमुना नदी किनारे स्थित शिव मंदिर, मिश्री पुर गांव स्थित प्राचीन तिसरादेव आदि मंदिरों में दिनभर भगवान शिव का जलाभिषेक हुआ। साथ ही, मंदिरों में गूंजते कर्णप्रीय भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। हालांकि,कुछ इलाकों में बारिश ने श्रद्धालुओं को परेशान भी किया। लेकिन, बारिश के बावजूद, श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी दिखाई नहीं दी ।

### हाईवे में तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार मजदूर को कुचला

**सुमेरपुर।** सोमवार की दोपहर नेशनल हाईवे 34 में तेज रफ्तार ट्रक साइकिल सवार मजदूर को कुचलता हुआ भाग निकला। इस घटना में मजदूर का एक पैर बुरी तरह से चकनाचूर हुआ है। मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बिलहडी गांव निवासी राजू प्रजापति 40 वर्ष मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। सोमवार को वह साइकिल से कस्बे मे मजदूरी करने आया था। दोपहर में यह साइकिल लेकर नेहा चौराहे से बाजार की तरफ जा रहा था तभी हमीरपुर से कबरई की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल में टक्कर मारकर मजदूर को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मजदूर को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# किसानों की समस्याओं का ससमय निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकताः डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- विकास भवन सभागार में आयोजित हुई खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, परिसर में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी





गोष्ठी में कृषि योजनाओं पर चर्चा करते व कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम व अन्य अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**नेशनल** मिशन आन एडिबल आयल (आयलसीड) योजनान्तर्गत खरीफतिलहन मेला एवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित हुई खरीफ उत्पादकता गोष्ठी की अध्यक्षता डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने की। इस अवसर पर विकास भवन परिसर में कृषि प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि प्रदर्शनी में जिले के किसान शामिल हुए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि जिले के किसान रासायनिक कृषि रक्षा उपायों के साथ जैविक कृषि रक्षा उपायों का प्रयोग करें, अति जल दोहन को नियंत्रित कर भूगर्भ जल को संरक्षित करें तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बचाने एवं मृदा स्वास्थ्य को सुदृढ बनाने के प्रति सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने कृषकों द्वारा खेतों में कृषि रक्षा रसायनों के छिड़काव करने से होने वाली मानवीय क्षति के बारे में चर्चा करते हुये कहा कि जनपद की प्रत्येक कृषि रक्षा रसायन की दुकान पर कृषि रक्षा रसायन छिड़काव करते समय बरती जाने वाली सावधानियां अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जाएं तथा बैठकों गोष्ठियों आदि के माध्यम से भी कृषकों को जागरुक किया जाये। जायद की फसलों को फसल बीमा योजनान्तर्गत सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया जाये। कहा कि फसल अवशिष्टों को जलाये जाने से रोकने हेतु फसल कटाई के उपरान्त रोटावेटर, हैप्पी सीडर एवं अन्य ऐसे यंत्रों जिनका प्रयोग फसल अवशिष्टों को मिट्टी में मिलाने में हो सकता है, का प्रयोग किया जाये। चारे के रूप में उपयोग किये जाने वाले फसल अवशेष को नजदीकी गौशाला में देने हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखपाल, प्रा0सहा0 कृषि से सम्पर्क कर गौशालाओं में भिजवा सकते है। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को खरीफ में उगाई जाने वाली मुख्य फसलों धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंगफली, तिल उर्द, मूंग एवं सब्जियों की खेती की नवीनतम कृषि तकनीकी एवं फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा खरीफ कृषक उत्पादकता गोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन डा. अरविंद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, उप कृषि निदेशक, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सचिव, कृषि उत्पादन, मण्डी परिषद सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टॉप 10 प्रतिभागियों को संस्था ने दिया सम्मान

- प्रमाण पत्र व नगद धनराशि देकर किया उत्साहवर्धन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



प्रमाण पत्र व चेक के साथ मौजूद उत्साहित युवा समृद्धि न्यूज

**बीते दिनों** पूर्व नगर में इंडियन सोसायटी फॉर एक्सपेंशन ऑफ एजुकेशन गैर लाभकारी संस्था द्वारा सीखो सिखाओ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को एक माह पढ़ाने का अनुभव प्रमाण पत्र और नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया।

सोमवार को संस्था के प्रबंधक मोहम्मद हलीम ने बताया कि 28 मई को इंडियन सोसायटी फॉर एक्सपेंशन आफएजुकेशन गैर-लाभकारी संस्था द्वारा कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसके अंतर्गत टॉप 10 बच्चों को चुना गया था और उनको जून की छुट्टियों में एक माह तक कक्षा 6 के विद्यार्थियों को पढ़ाने तथा बच्चों के माता-पिता को शिक्षा की ओर जागरूक करने हेतु संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके अंतर्गत चयनित टॉप टेन विद्यार्थियों ने अपने आस-पड़ोस के कक्षा 6 में पढ़ रहे बच्चों को एक माह जून की छुट्टियों में निशुल्क पढ़ाया। पुरस्कार समारोह पर विद्यार्थियों ने अपना एक माह पढ़ाने का अनुभव लोगों को बताया। जिसमें ग्राम इंदुइयागंज निवासी अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से मैंने अपने कमजोर विषयों को गहराई से पढ़ा। सुजानसराय की निवासी प्रांशी ने बताया कि बच्चों को पढ़ाने से स्वयं में आत्मविश्वास बढ़ा है। वहीं संस्था के सचिव मोहम्मद हवलदार ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया कहा कि संस्था का उद्देश्य बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु जागरूक करना है। इस मौके पर गोपाल कृष्ण गुप्ता, अनिल कुमार उपाध्याय, रोहित कुमार, मोहम्मद अलीम, मोहम्मद हवलदार, दीक्षा, कोमल प्रजापति सहित कई संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का शत प्रतिशत करें कड़ाई से पालनः डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**17 से** 31 जुलाई तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से जागरुकता प्रचार प्रसार वाहन को डीएम और एसपी ने संयुक्त रुप से हरी झण्डी दिखाकर जिले के भ्रमण पर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात संबंधी समस्त नियमों का पालन कर होने वाली दुघर्टना से स्वयं तो सुरक्षित रहेंगे ही और दूसरों को भी सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने कहा कि नवयुवक 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ही वाहन को ड्राइव करें और वाहन चालक हेलमेट कार चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किये किसी वाहन का संचालन न करें। उन्होंने कहा कि खतरनाक ढंग से वाहन का संचालन नहीं करें तथा वयस्क होने के पश्चात वाहन चलाते समय पैदल एवं साइकिल यात्रियों को सम्मान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसी भी नशे की स्थिति में वाहन का संचालन ना किया जाए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों के पालन की न केवल शपथ लें बल्कि उसका पालन भी हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान और सुरक्षित यातायात के अंतर्गत रैंकिंग में जनपद कन्नौज का काफी सुधार हुआ है, हम सब लोग इस अभियान को और आगे ले जाएंगे, अपने जनपद को होने वाली दुर्घटनाओं से मुक्त बनाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर डा. प्रियंका बाजपेई, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ईज्या तिवारी, प्रभारी यातायात आफाक खान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग करने में बरते सावधानीः जिला कृषि रक्षा अधिकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**कीट** एवं रोगों तथा खरपतवार से सुरक्षा हेतु फसलों में जहरीले रसायनों का प्रयोग किया जाता है, जो कीटों के साथ मनुष्य के लिये भी हानिकरक होता है। इनका प्रयोग सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। रसायनिक दवाओं का सावधानीपूर्वक प्रयोग करे, मुंह, नाक, कान में न जाने पाये, पम्प के बंद पाइप को मुंह से नही खोलना चाहिए तथा हवा के विपरीत दिशा में खड़े होकर दवा का छिड़काव नही करना चाहिए व छिड़काव को सायंकाल करना चाहिए। जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग करते हुये हाथों में दस्ताने, चेहरे पर मास्क, टोपी, पेन्ट, जूते आदि से पूरे शरीर को ढक कर रखना चाहिए। दवा का घोल बनाते समय खान-पान सामग्री का प्रयोग नही करना चाहिए तथा बच्चों व जानवारों को दूर रखना चाहिए एंव छिड़काव करने वाले व्यक्ति के हाथ पर कोई चोट का निशान है तो उसे अच्छे से ढक ले। रसायनिक दवाओं से दुघर्टना होने पर व्यक्ति को छायादार, हवादार स्थान पर लिटाकर मुंह से मास्क को हटाकर दें तथा प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी डाक्टर से उपचार कराये व दवा की शीशी को भी साथ में ले जाये। छिड़काव करने के बाद खाली पैकेट/शीशी को जमीन में दबा देना चाहिए। छिड़काव के बाद हाथों को अच्छी से धोने के बाद कपड़ों को पानी में भिगोकर रख देना चाहिए। रसायनिक दवाओं के डिब्बों का प्रयोग कभी भी घर पर नही करना चाहिये। छिड़काव किये गये खेते में जानवरों को न जाने दे तथा कोई झण्डा लगा से जिससे पता चल जाये कि इस खेत में कीटनाशक दवा को डाला गया है। कीटनाशक दवाओं में प्रयोग किये पात्रों को अच्छी तरह से धो लेना चाहिए।

# जीवन और अधिक उत्पादन के लिए जल संरक्षण जरूरीः डॉ. कनौजिया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज


कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिकों किसान समृद्धि न्यूज

**भारतीय** कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस के द्वितीय दिवस में कृषि विज्ञान केंद्र पर जल संरक्षण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 65 कृषकों एवं महिला कृषक ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम कृषि में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के योगदान पर चर्चा की गई साथ ही इस अवसर पर किसानों को मोटे अनाजों व केंद्र की गतिविधियों की प्रदर्शनी दिखाई गई और विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया ने किसानों को सलाह दी कि वर्षा के दौरान जल का संरक्षण जरूर करें, क्योंकि यही वह जल है जो वर्ष भर जमीन से निकाले गए जल की पूर्ति काफी हद तक कर सकता है। इसके लिए किसी मूल्य को चुकाना नहीं पड़ता सिर्फसार्थक प्रयास की आवश्यकता है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है क्योंकि जल से ही पौधे है। पौधों से भोजन और ऑक्सीजन प्राप्त होती है और यह दोनों जीवित रहने के लिए अत्यंत आवश्यक है। धरती पर कुल उपलब्ध जल का 2.5 प्रतिशत जल पीने योग्य है। जल का सबसे अधिक उपयोग कृषि, घरेलू उपयोग व औद्योगिक कार्यों में होता है परंतु जल के संरक्षण का सबसे सुगम क्षेत्र कृषि है, जहां थोड़े से उपायो द्वारा जल को खेतों तालाबों, नालों, पोखरों, परती भूमि आदि में मेड़बंदी, मिट्टी अथवा कंक्रीट के छोटे-छोटे बांध बनाकर किया जा सकता है। कृषि योग्य भूमि में वर्षा ऋतु में खेत के चारों ओर ऊंची मेड बनाकर, फसलों को मेड़ों पर बोकर तथा बड़े खेतों को छोटे-छोटे टुकड़ों में मेंडो की सहायता से बाटकर भूमि और मिट्टी को बहने से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया वर्षा के दौरान खेत की जुताई ढाल के विपरीत ही करें तथा उर्द, मूंग, सनई, ढैंचा, ग्वार, मूंगफली, लोबिया की खेती करना जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा मृदा के स्वास्थ्य को उत्तम बनाना है। इस दौरान खेत की जुताई के बाद यह अवश्य सुनिश्चित करे कि जहां से पानी के निकलने की संभावना हो वहाँ मेंड अवश्य बांध ले। खेतों की मेड़ न बांधना मात्र जल के ह्रास का विषय नहीं है बल्कि यह भूमि की उत्पादकता को भी घटाता है परिणाम स्वरूप किसान को आर्थिक हानि होती है। इसी प्रकार परती भूमि में वृक्षारोपण तथा मेड़बंदी द्वारा जल संरक्षण का कार्य सुगमता पूर्वक कर सकते हैं। बहते हुए पानी को कुछ समय अथवा लंबे समय के लिए रोकना जल के संरक्षण की दिशा में एक महान कार्य है जो प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए। केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने मोटे अनाजों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार, डॉ चंद्रकला यादव व अमरेन्द्र ने भी अपने विचार रखे।

# कार्यशाला में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का किया गया उन्मुखीकरण

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से आयोजित हुई कार्यशाला
- छूटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं का किया जायेगा टीकाकरण
- पहला चरण सात अगस्त, दूसरा ग्यारह सितंबर व अंतिम चरण नौ अक्टूबर से चलेगा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



कार्यशाला में मौजूद ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**मिशन** इन्द्रधनुष अभियान केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है। इन्द्रधनुष के सात रंगों के समान इस इन्द्रधनुष मिशन का मुख्य उद्देश्य नियमित टीकाकरण के दौरान या अन्य किसी कारणवश छूटे शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती का 100 प्रतिशत टीकाकरण करना है। अभियान को मूर्त रूप देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन शहर के एक होटल में किया। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन से कानपुर मण्डल से सब रीजनल टीम लीडर विजेंद्र सिंह चंदेल द्वारा सभी सीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम और आईओ का सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर उन्मुखीकरण किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. ओपी गौतम ने कहा कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। साथ ही चिन्हित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ई कवच पोर्टल पर भी अंकन किया जाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में सात अगस्त से सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होगी। इसके बाद दूसरा चरण ग्यारह सितंबर और तीसरा व अंतिम चरण नौ अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इस अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों का स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण करेगी। बताया कि अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, ओवीपी, पेंटावेलेंट, रोटावायरस, मीजल्स रूबेला, विटामिन ए, डीपीटी बूस्टर डोज, आईपीवी, पीसीवी का टीका सहित कुल 11 टीके लगाये जायेंगे एवं गर्भवती को टीडी का टीका लगाया जाएगा। डा. गौतम ने कहा कि टीकाकरण से छूटे ऐसे बच्चे जिनकी आयु पांच वर्ष से कम है व ऐसी गर्भवती जो टीकाकरण से छूट गई हैं, उनका आशा, एएनएम द्वारा 26 जुलाई तक घर-घर जाकर सर्वे करने के बाद सूची तैयार कर टीकाकरण कराया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन से एसएमओ डॉ जॉन ने बताया कि छोटे बच्चों में बीमारी से लड़ने की क्षमता कम होती है इसलिए सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण के द्वारा बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाता है जिससे वह जानलेवा बीमारियों से बचे रहें। जिला वैक्सीन कोल्ड चैन प्रबंधक इरशाद बेग ने वैक्सीन एन्ड कोल्ड चैन सिस्टम के बारे में बारीकी जानकारी दी। कार्यशाला को यूनिसेफ से डीएमसी आशुतोष बाजपेई ने भी सम्बोधित किया।

## खबरें चलते-चलते

### सच्चा काम-पक्का काम की नीति पर अधिकारी करें कार्यः असीम अरुण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल सके। हमें 'सच्चा काम-पक्का काम' की निति पर काम करना है जिससे योजनाओं को लागू करने में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे। उक्त बातें सदर विधायक एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने सोमवार को अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहीं। बैठक का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सही ढंग से क्रियान्वित करने और उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना है। इस मौके पर बैठक में उपस्थित जिले के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि योजनाओं की जानकारी सभी तक पहुँचाने के लिए काम किया जाये। इसके लिए ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर विभागवार स्टाल लगवाया जायें जहाँ पर विभागीय योजनाओं की पूरी जानकारी नागरिकों को मिल सके। इसके साथ ही सब्सिडी, मार्जिन मनी आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाये। योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंकों से लोन कैसे मिल सकता है इसके बारे में भी नागरिकों को जानकारी प्रदान कराई जाये।

### शस्त्र लाइसेंस के नाम पर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शस्त्र लाइसेंस बनवाने को लेकर आरोपी ने पड़ोसी जनपद के एक युवक से 130000 ठग लिए। पिछले कुछ दिनों बाद पीड़ित युवक ने कहा या तो मुझे लाइसेंस दो या मेरे पैसे वापस करो। तो दबंग ठग ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दीं साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी पीड़ित है। कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। जिस पर कोतवाली प्रभारी ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए ठग युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के ग्राम बराकेशव थाना नवाबगंज निवासी शिवांक शर्मा पुत्र बादामदास शर्मा ने गुरसहायगंज कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि कन्नौज जनपद के ग्राम डिगसरा निवासी युवक अरविंद पुत्र देशराज व उसके एक अन्य साथी ने कुछ दिनों पहले खुद वकील बताकर मुझसे शस्त्र लाइसेंस बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए 130000 रुपये ले लिए। जब काफी दिनों तक लाइसेंस बन कर नहीं आया तो पीड़ित युवक ने अपना पैसा वापस करने को कहा। जिस पर आरोपी युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। पीड़ित युवक के शिकायती पत्र पर गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### बलवा के वांछित को पुलिस ने दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने बलवे के वांछित युवक को दबोच कर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को कोतवाल जेपी शर्मा के नेतृत्व में एसआई मो. तौकीर, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह, बिहारी ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मलिकपुर तिराहा पर छापेमारी की। जहां पुलिस ने समधन में हुए बलवे के मामले में वांछित चल रहे सद्दाम पुत्र जलील निवासी दारा सराय समधन को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने परिवार की एक महिला को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर दरबरपुर निवासी रेनू पत्नी मुकेश दोहरे ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे परिवार का ही एक युवक उसके दरवाजे पर आया और बेवजह उससे गाली गलौज करने लगा। जब पीड़िता ने विरोध किया तो युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पांच लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शांति व सुरक्षा व्यवस्था में गस्त कर रही कोतवाली पुलिस ने अभियान के तहत पांच लोगों के विरुद्ध शांतिभंग के तहत कार्रवाई की है। सोमवार को कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर से अवधेश, दिनेश, अंगद पुत्र रामनाथ व ग्राम फराहरन निवासी राजेश पुत्र हरनाथ, सुमित कुमार पुत्र श्रीपाल को हिरासत में विधिक कार्यवाही की है।

### अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने एक युवक को अवैध कच्ची शराब सहित धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को आबकारी निरीक्षक हरिश्चंद्र व उपनिरीक्षक हेमंत कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ अभियान चलाकर छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने गुटैयाखेड़ा निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राम बहादुर को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब व 80 लीटर लहन एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ दबोच लिया।

### ऑल इंडिया क़ौमी तंजीम के जिलाध्यक्ष बने डा. जहीर अहमद

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** आज़ादी के 75 वर्ष में देश ने सांइस एवं कम्प्यूटर से लेकर अंतरिक्ष तक बुलन्दियों को छुआ है मगर गंगा-जमुनी तहजीब के दामन को नहीं छोड़ा।सभी धर्मों का सम्मान कर भारतीय संस्कृति सब को समेट कर आगे बढ़ती रही।इस काम के लिए हर वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए।ऑल इंडिया क़ौमी तंज़ीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री आली ज़नाब तारिक़ अनवर के नेतृत्व में पूरे देश में राष्ट्रीय एकता व सद्भावना को अधिक बढ़ाने में एक मिसाल कायम कर रहा है। समाज में शान्ति और भाई चारे के सन्देश के लिए ऑल इंडिया क़ौमी तंज़ीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री ज़नाब तारिक़ अनवर के निर्देश पर ऑल इंडिया क़ौमी तंज़ीम के प्रदेश अध्यक्ष ज़नाब मुहम्मद तालिब अली द्वारा ऑल इंडिया क़ौमी तंज़ीम जनपद कन्नौज का डॉ ज़हीर अहमद रिज़वी निवासी नगर पंचायत समधन को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

**समृद्धि न्यूज़ खबर का हुआ असर**

# निराश्रित गोवंशों को पहुंचाया गया गौशाला

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़





निराश्रित गोवंशो का अड्डा बना इंटर कॉलेज का प्रांगण

- सीएम के आदेश का नहीं दिख रहा है असर, अन्ना मवेशी अब भी सड़कों पर

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

कस्बे में जीटी रोड पर स्थित वीडी तिवारी इंटर कॉलेज के प्रांगण मे जहां पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बना हुआ है। उसी के प्रांगण में भारी मात्रा में निराश्रित गोवंश मौजूद बने रहते हैं। जिससे वहां आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में छात्र और छात्राएं गोवंश से किसी तरह बचकर अपने विद्यालय जाते हैं और प्रांगण में स्थित मंदिर पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन्हीं गोवंशो से जलालाबाद के कई ग्रामीण घायल भी हो चुके हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के आदेशों का निचले स्तर के कर्मचारी अनदेखा कर देते है। समाचार पत्रों में कई बार गोवंशो को लेकर प्रकाशन किया जा चुका है। लेकिन इस पर न तो प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि किसी भी प्रकार की कार्यवाई करने के लिए तैयार है। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर जाने वाले भक्तो ने इस पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। शुभम त्रिपाठी ने ट्विटर के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी को इस संबंध में जानकारी दी है कि विद्यालय परिसर व मंदिर प्रांगण को निराश्रित गौवंशो ने अपना अड्डा बना लिया है। उनका कहना है कि विद्यालय प्रांगण है और खेल का मैदान है। पास में जीटी रोड पर गौवंशो का मौजूद रहना दुर्घटनाओं को बुलावा दे रहा है। इन आवारा मवेशियों से विद्यार्थी व श्रद्धालु आतंकित है। प्रशासन के लचीले व्यवहार पर भी सवाल खड़े किए है। श्रद्धालु गौरव, मोहित, अनुज, अमित, सुमित समेत सैंडको श्रद्धालु इस बात से परेशान है कि मन्दिर में जाने पर उन्हें मवेशियों से सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

वीडी तिवारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में बैठे निराश्रित गोवंश

खाली पड़ा वीडीटी इंटर कॉलेज का प्रांगण व रविवार के अंक में प्रकाशित खबर समृद्धि न्यूज

**कस्बे** में वीडीटी इंटर कॉलेज के प्रांगण में निराश्रित व छुट्टा गोवंशों का अड्डा बना हुआ था। जिससे कॉलेज आने जाने वाले छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इतना ही नहीं पास में बना श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ था।

ग्रामीणों ने इस पर काफी रोष व्याप्त किया था। इस खबर को दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने रविवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिलाधिकारी शुभांत शुक्ला ने खबर का संज्ञान लेते हुए। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। वीडीओ ने ग्राम प्रधान को आदेशित किया। ग्राम प्रधान ने निराश्रित व छुट्टा गोवंशों को अनौगी गोशाला में संरक्षित कराया। लेकिन सफाई कर्मी ने साफ सफाई करना मुनासिब नही समझा।

# ट्रेन से कटकर छात्र की दर्दनाक मौत



मृतक का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से पिता के साथ परीक्षा देने जा रहे छात्र की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल के क्षेत्र गांव मधुपुरा निवासी हिमांशु अपने पिता स्वतंत्र कुमार के साथ बाइक द्वारा सप्लीमेंट्री का पेपर देने बाइक फतेहगढ़ जा रहा था। शुक्ररुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर पिता-पुत्र ने बाइक को क्रासिंग के नीचे से निकाला चाहा। हिमांशु पटरी के पास पहुंचा, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना गेटमैन अखिलेश कुमार व कौशलेन्द्र हरसिंहपुर गोवा के अधीक्षक को दी गई। सूचना पर हल्का के दरोगा पुलिस बल के साथ पहुंच गये और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# कमलेश हत्या काण्डः पुलिस ने पांचों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सम्पत्ति की लालच में भतीजे की हत्या करने वाले चाचा-चाची सहित पांच लोगों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि कमालगंज थाना क्षेत्र के कतरोली पट्टी के मजरा खेरे नगला निवासी 26 कमलेश पुत्र स्वर्गीय संतराम की सम्पत्ति हड़पने के इरादे से चाचा-चाची ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। मृतक कमलेश के ठेकेदार योगेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र वेदराम निवासी खेरे नगला ने मृतक के चाचा गिरीश चन्द्र, चाची सुशीला, चचेरे भाई सोनू, मोनू व सोनू की पत्नी राधा के खिलाफ धारा 302, 201, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज करया था। मृतक किराये पर शास्त्री नगर में रहता था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थानाध्यक्ष कमालगंज राजेश राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश, उपनिरीक्षक



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक

आनन्द शर्मा अपने हमराहों के साथ ने मुखबिर की सूचना पर खुदागंज स्टेशन के सामने बाहर से हत्यारोपी श्याम उर्फ सोनू, मोनू पुत्रगण गिरिशचन्द्र, सुशीला राजपूत पत्नी गिरिशचन्द्र, गिरिश चन्द्र पुत्र स्व0 शंकर लाल राजपूत, राधा पत्नी श्याम उर्फ सोनू निवासीगण खेरे नगला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरिश चन्द्र ने बताया कि कमलेश मेरा सगा भतीजा था। उसके माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी।

उसके कोई भाई बहन नहीं था। कमलेश के नाम से लगभग एक बीघा जमीन फतेहगढ़ कानपुर मुख्य मार्ग पर

**▸ सम्पत्ति हड़पने के लिए की गयी थी हत्या**

उत्तर दिशा में स्थित है, जो उसके गांव में आता है। जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रूपया है एवं गांव में पारिवारिक दो मकान है। जिसमें कमलेश आधे का हिस्सेदार है। जिसकी कीमत लाखों रूपये की है। जमीन व मकान हड़पने की नीयत से 14 जुलाई को मैंने अपने परिवारीजन अपने पुत्र श्याम उर्फ सोनू व मोनू व अपनी पत्नी सुशीला व सोनू की पत्नी राधा के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी।

मेरे कहने पर मेरे परिवारीजन उपरोक्त सभी ने मिलकर मेरे घर में कमलेश की गर्दन में दुपट्टा से गला कसकर एवं मुहं में कपड़ा ठूंसकर हत्या कर दी थी। एवं लाश को घर के अन्दर बने कमरे में प्लास्टिक के बोरे में भरकर बोरे का मुहं बांधकर बेड के नीचे छिपा दिया था। पूर्व योजना के तहत मैं उस दिन सुबह ही मूंगफली लेकर बेंचने छिबरामऊ चला गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

## जमीनी विवाद में छह लोगों का शांतिभंग में चालान

**मेरापुर (सं.)।** जमीनी विवाद में झगड़ा कर रहे आधा दर्जन लोगों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने जनपद एटा कोतवाली नयागांव के कस्बा सराय अगहत निवासी घनश्याम, शिवकांत व थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नगला कोठी निवासी जयवीर पाल, शिवम पाल तथा गांव खलवारा निवासी नीलेश, अखिलेश को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार उपरोक्त लोंगो में काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। आज उपरोक्त लड़ाई झगड़ा कर रहे थे।

## तालाब में डूबने से बालक की मौत



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर देवराजपुर निवासी अरुण कुमार का 13 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार सोमवार को बच्चों के साथ तालाब के पास खेलने गया था, नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। जिससे वह तालाब में डूब गया। बच्चों ने घटना की सूचना घर पर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से बच्चे को तालाब से बाहर निकाला। परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गये। शव घर पहुंचते ही मां प्रीती, पिता अरुण कुमार आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# अश्नील दिवाकर ने फतेहगढ़ मंडल में बांटीं पुस्तकें व पत्रक




पत्रक बांटते जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने फतेहगढ़ के विभिन्न मोहल्लों में पत्रक बांटे। विश्व पटल पर लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण 9 वर्ष पूर्व होने पर महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के फतेहगढ़ मंडल में पत्रक व पुस्तकें बांटीं। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी विभिन्न बूथों के अध्यक्षों के निवास पर जाकर उन्हें पुस्तक भेंट की। गरीब कल्याण 9 वर्ष सेवा सुशासन के तहत पत्रक बांटकर मिस्ड कॉल कराया। उन्होंने फतेहगढ़ के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर महा जनसंपर्क किया और मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाया। इस दौरान उनके साथ पतेहगढ़ मंडल के भाजपा नेता व समर्थक मौजूद रहे।

# खरीफ फसलों के बीजों का कृषि विभाग ने मिनी किट के रुप में किया वितरण



मिनी किट के साथ किसान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** राजकीय कृषि बीज भंडार पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत की तरफ से मंडी समिति में खरीफके बीजों का ब्लॉक के किसानों को मिनी किट के रूप में निःशुल्क वितरण किया गया। अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत ने सभी किसानों को शंकर ज्वार, बाजरा उड़द, मूंग, अरहर आदि मोटा अनाज की मिनी किटें बाटी गई। मिनी किट पाकर किसानों के चेहरे खिले उठे। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत ने बताया कि सरकार की तरफ से चल नहीं सभी योजनाओं को गरीबों व लाभार्थियों पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है और सरकार की तरफसे जो भी बीज किसानों के लिए दिया जाता है उसकी गुणवत्ता बाजार के अंतर्गत आने वाले बीजों से अधिक उत्तम होती है।

जिससे किसानों की फसल अच्छी होगी तथा उन्हें भरपूर मुनाफा भी मिलेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत, सहायक खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार, बीज गोदाम प्रभारी संजीव राजपूत, तकनीकी सहायक अवधेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, बीटीएम प्रदीप कुमार, एटीएम सर्वेश कुमार, हिमांशु दुबे, अनूप आदि किसान मौजूद रहे।

## किशोरी को भगा ले जाने में मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में युवक के विरुद्ध पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहम्मदाबाद के एक गांव के रहने वाले पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि 13 जुलाई को मेरी 15 वर्षीय पुत्री को सोनू शर्मा निवासी जबापुर रामनगर रेड कुसमरा मैनपुरी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस दौरान घर में रखे 50 हजार की नगदी, एक सोने की अंगूठी व एक लर भी अपने साथ ले गयी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# मारपीट व जानमाल की धमकी के मामले में चार एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रिहा

**▸ एससी/एसटी एक्ट के आरोप में दोषमुक्त**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट व जानमाल की धमकी देने के मामले में विशेष न्यायाधी एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त अवधेश, बृजपाल, श्यामलाल, प्यारे को धारा 323/34, 504, 506, के आरोप में एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रिहा किया तथा धारा 452, 336/34,325/34, 3(1)एक्स एससी/एसटी एक्ट के आरोप में दोषमुक्त कर दिया।

विगत वर्ष 1998 में थाना कम्पिल क्षेत्र के मोहल्ला कहारन टोला निवासी शकुंतला देवी पत्नी स्व0 रामदास ने दर्ज कराये गये मुकदमे में दर्शाया था कि मेरे पुत्र अजमेरी के साथ संतोष, पिन्कू ने मारपीट की थी। पुत्र ने घर आकर घटना बतायी। उसके बाद घटना की पंचायत सुबह 8 बजे पड़ी उसमें रामनरेश, ओमशरन व मुंशीलाल को पंचायत में बुलाया था। आरोपीगण संतोष, अवधेश, बृजपाल, श्यामलाल, वेदराम, रतीराम, संतराम, हेतराम, प्यारे, रामलाल, टिन्नी, शीशराम, हवलू, चेतराम, रामविलास, अंतराम, जीसुख, कलक्टर, धीरेन्द्र, पिन्कू, अशोक ने मारपीट कर घायल कर दिया। मेरे भतीजे रामसरन व ओमशरन, जेठ मुंशीलाल भागकर घर में घुस गये। उक्त लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारापीटा, जीसुख के हाथ में तमंचा था। मारपीट में जिठानी, भतीजे, ओमशरन परिवारी घायल हो गये। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर विवेचक ने अभियुक्त अवधेश, बृजपाल, श्यामलाल, प्यारे के विरुद्ध धारा 323/34, 504, 506, 452, 336/34,325/34, 3(1)एक्स एससी/एसटी एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पत्र व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी पर विशेष न्यायाधी एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त अवधेश, बृजपाल, श्यामलाल, प्यारे को धारा 323/34, 504, 506 आई.पी.सी. के आरोप में एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रिहा किया तथा धारा 452, 336/34, 325/34, 3(1)एक्स एससी/एसटी एक्ट के आरोप में दोषमुक्त कर दिया।

## मुकेश गुप्ता बने व्यापार मण्डल के जिला मीडिया प्रभारी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भूतपूर्व स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी रहने के साथ वैश्य एकता परिषद के जिला महामंत्री व साहित्य संस्था अभिव्यक्ति के संरक्षक भाजपा चुनाव प्रबंधन के जिला संयोजक को संजीव मिश्रा बॉबी ने उद्योग व्यापार मण्डल कंछल गुट में जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मुकेश गुप्ता को सौंपी है। बताते चलें कि मुकेश गुप्ता अपने पद का बखूबी निर्वह्न करते हैं। जिसको देखते हुए उन्हें जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। वहीं मुकेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे।

# बिजली समस्या को लेकर सभासदों व ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर दिया धरना



विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन करते सभासद व ग्रामीण

**▸ बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर नोडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बिजली समस्या को लेकर नगर पंचायत के सभासदों ने ग्रामीणों के साथ विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन कर नोडल प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

नगर पंचायत के ग्रामों में बिजली की समस्या को लेकर नगर पंचायत के 12 सभासदों ने सोमवार को 33/11 उपकेंद्र पर काफी संख्या में ग्रामीण और महिलाओं ने पहुंचकर बिजली विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की।

नया गनीपुर में बीती रात बंच केबिल फुकने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नई बंच केबिल डलवाने व 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर को जल्द सही करने की मांग की। ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंचे जमकर नारेबाजी की। मौके पर अवर अभियंता और एसडीओ नहीं मिले तो उन्होंने नोडल प्रभारी अवध प्रताप को ज्ञापन सौंपा। जिसमें दर्शाया कि वार्ड संख्या 8 में फुंका ट्रांसफार्मर शीघ्र बदलवाये जाने व सुबह 6 से 10 तक विद्युत कटौती न की जाए। साथ ही जर्जर बंच लाइन को बदला जाए। ओवरलोड ट्रांसफार्मर का लोड शेयरिंग किया जाए। साथ ही बिजली घर का फोन ना उठाने का भी शिकायत की गई है। इस मौके पर सभासद रजनी यादव, राहुल यादव, कुलदीप सिंह, रंजीता बानो, बादल खान, पुष्पेंद्र यादव, बृजमोहन महेश्वर सिंह समेत आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

## एंबुलेंस-बाइक में भिड़ंत, बाइक चालक घायल

**शमसाबाद (सं.)।** एंबुलेंस-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। इस दौरान एंबुलेंस पलट गयी। एंबुलेंस में सवार लोग बाल-बाल बच गये। घायल को आसपास के लोगों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। फर्रुखाबाद निवासी रामू एंबुलेंस से मरीज कोमल कायमगंज को छोड़ने जा रहा था। थाना क्षेत्र के गांव दुबरी निवासी 28 वर्षीय रवि पुत्र सुरेंद्र बाइक से रोशनाबाद बाजार जा रहा था। गांव नगला नान चौराहे पर बाइक और एंबुलेंस में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक घायल हो गया। बाइक चालक पानी में दूर जा गिरा और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। एंबुलेंस घटनास्थल पर ही सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार बाल-बाल बच गये। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर वाहनों को कब्जे में ले लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को आसपास के लोगों की मदद से एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

# राष्ट्रीय लोधी बौद्धिक संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह 6 अगस्त को

**छात्र-छात्रायें रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त तक करवा सकते हैं**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोधी बौद्धिक संगठन (आर.एल.बी.सी.) फर्रुखाबाद के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 6 अगस्त 2023 रविवार को नवभारत सभा भवन ठंडी सड़क फर्रुखाबाद में होना सुनिश्चित हुआ है। इसमें किसी भी शैक्षिक बोर्ड हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में वर्ष 2022 व 2023 में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को राष्ट्रीय संयोजक एनबीएस राजपूत वरिष्ठ आईएएस ज्वाइंट सेक्रेट्री भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 5 अगस्त 2023 तक करवा सकते हैं। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथिगण शिवेंद्र सिंह आईईएस, पूरन सिंह आईईएस, अजीत वर्मा आईएएस, महेश लोधी आईआरएस, विनोद राजपूत जीआईईएस, ऋषभ वर्मा, एसडीएम कानपुर गुलाब सिंह, एसडीएम इटावा प्रेम पाल राजपूत, एसडीएम बदायूं विवेक कुमार, एसडीएम यदुवंश राजपूत, एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 बीके सिंह, अपर निदेशक इंजीनियर महिपाल सिंह, प्रांतीय महामंत्री सहित आदि अतिथि गण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यापक रामगोपाल वर्मा, सह संयोजक शिव कुमार राजपूत, पवन राजपूत, अजय राजपूत, सुधीर राजपूत बनाए गए हैं। कार्यक्रम में सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की गई है कि अभिभावक बच्चों को लेकर कार्यक्रम में भाग लें। जिससे बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और आगे उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

# खबरें चलते-चलते

## बाढ़ क्षेत्र का नायब तहसीलदार ने लिया जायजा



**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव छीता कपूरापुर तथा धारा नगरा, उमराव नगला सहित गंगा के किनारे काफी गांव गंगा की बाढ़ की चपेट में है। सोमवार को नायब तहसीलदार हर्षित कटियार ने पहुंचकर बाढ़ का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से गांव छोड़कर अन्य जगह बसने के लिए कहा। जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि रहने के लिए पन्नी, त्रिपाल, विद्युत व्यवस्था आदि की कोई व्यवस्था नहीं है तो जीवन यापन कैसे होगा। गंगा में हो रहे कटान की वजह से सभी ग्रामीण भयभीत व परेशानन हैं। जिनकी सुध लेने पहुंचे नयााब तहसीलदार साथ में लेखपाल अमित प्रताप के सामने किसानों ने अपना दुखड़ा रोया। जिसके बाद तहसीलदार ने सभी को भरोसा दिलाया कि हम आपकी फरियाद सरकार तक पहुंचाएंगे तथा हरसंभव आपको मदद दिलवाई जाएगी। इस मौके पर नायाब तहसीलदार हर्षित कटियार, लेखपाल अमित प्रताप, प्रधान प्रतिनिधि पप्पू यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सात प्रस्तावों पर लगी मुहर

**कायमगंज (सं.)।** नगर पालिका में आज बोर्ड की बैठक में सर्व सहमति से सात प्रस्ताव पास किये गये। कायमगंज नगर पालिका परिषद मीटिंग हाल में सोमवार को बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा0 शरद गंगवार ने की। संचालन अधिशासी अधिकारी धनुष धारी उर्फ डी0डी0 सिंह ने किया। जहां एजेण्डा मे रखे गये सात बिन्दुओ पर चर्चा की गई। इतना ही नहीं चर्चा के बाद सभी प्रस्ताव को लागू करने के लिए उठाये गये सभी सात बिन्दु पिछली कार्यवाही की पुष्टि के सम्बन्ध में कार्य संचालन बोर्ड फण्ड के वित्तीय अधिकार दिये जाने के सम्बन्ध में विचार, नालों की सफाई के लिए भुगतान की स्वीकृति, पालिका सीमन्तर्गत भवनों के नक्शे स्वीकृति, स्लाटर हाउस की जमीन पर दुकानों के निर्माण की स्वीकृति, जवाहरगंज सब्जी मण्डी में दुकानो के निर्माण की स्वीकृति तथा अन्य विषय प्रस्ताव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अनुमति से सभासदों ने सहमति दे दी। बोर्ड बैठक के दौरान अन्य कार्यों को कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया। सभी प्रस्ताव को वहाँ पर मौजूद सभासदों ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा यह प्रस्ताव लागू होने के बाद क्षेत्र की स्थिति में सुधार के साथ विकास होगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने कहा नगर पालिका परिषद क्षेत्र को अधिक सुन्दर बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायिका सुरभि ने कहा शासन से ज्यादा से ज्यादा बजट पास करवाकर लाऊंगी और कायमगंज नगर पालिका को जिले की नंबर 1 नगर पालिका बनवाने के लिए आप सभी का सहयोग करूँगी।



बैठक लेते अध्यक्ष शरद गंगवार व मौजूद विधायक सुरभि

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल ग्रामीणों को भू-जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**▸ जल बचाने तथा तालाबों पर अतिक्रमण न करने की दी नसीहत**
**▸ पेड़ लगाने के लिए भी किया प्रोत्साहित**



भू-जल संरक्षण रैली निकालते बच्चे

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेपुर के छात्र-छात्राओं ने हाथ में तख्ती लेकर विद्यालय से रैली निकाल गांव की गली-गली में घूम-घूमकर ग्रामीणों को जल संचयन के लिए जागरूक किया। रैली की अगुवाई कर रहे प्रधानाध्यापक महेश सिंह राठौर ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि अधिकांश ग्राम स्तर पर तालाबों का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे बरसात का पानी इकट्ठा न हो पाने की वजह से बरसात के पानी की रिचार्जिंग नहीं हो पाती। जिससे जलस्तर काफी नीचे पहुंच गया है। अगर यही स्थिति बनी रही तो एक दिन वह दूर नहीं है जब हम सभी लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा। हम सभी लोग गांव स्तर पर बने तालाबों का अतिक्रमण ना करके उनको जीवंत बनाए रखें, क्योंकि जल ही जीवन है, जल के बिना प्राणी मात्र इस धरा पर जीवित रहना मुश्किल है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महेश सिंह राठौर तथा विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकां मौजूद रहे।

# रोडवेज परिसर में डा0 अरविन्द गुप्ता ने किया वृक्षारोपण, लगाये गये 53 पौधे



वृक्षारोपण करते डा0 अरविन्द गुप्ता व मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हरितमा के तहत वृक्षारोपण का आयोजन रोडवेज बस स्टैण्ड परिसर में हुआ। रोडवेज परिसर में 53 पौधे लगाये गये। उनके रख-रखाव की जिम्मेदारी डा0 अरविन्द गुप्ता की टीम ने ली। सपा नेता व चिकित्सक डा0 अरविन्द गुप्ता ने वृक्षारोपण के दौरान कदंब, गोल्ड मोर, अशोक आदि के पौधा लगाये। व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ व बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने पहुंचकर वृक्षारोपण में भाग लिया। लोक अधिकार मंच के अध्यक्ष डा0 अरविन्द गुप्ता ने कहा कि वृक्षारोपण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इस मौके पर एआरएम आरसी यादव, आर्यन दिवाकर, मोहम्मद काजिम जैदी, पंकज गुप्ता, रोमित सक्सेना, सलमान खान, शिवकुमार, शरद गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक गवरानी, सत्यवीर सिंह, इकलाख खां, राकेश सक्सेना, डा0 नदीम, गौरव कुमार, अमित कुमार, आकाश दुबे, आशीष, दीपू, देवेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने कई वाहनों के किये चालान

**फर्रुखाबाद (सं.)।** थाना पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किया तथा उनसे जुर्माना भी वसूल किया। इस दौरान कई लोगों के पास गाड़ी के कागजात नहीं थे। कई नाबालिग गाड़ी चलाते मिले। जिस पर पुलिस ने उन्हें हिदायत देकर छोड़ा तथा हेलमेट तथा अवश्यक कागजात लेकर ही गाड़ी चलाने के निर्देश दिये। इस दौरान चालकों में हड़कंप रहा।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# अज्ञात वाहन की टक्कर से क्लीनिक संचालक की मौत

▶ भाई को रेलवे स्टेशन छोड़ने जाते समय घटी घटना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से क्लीनिक संचालक की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के चचेरे भाई ने पुलिस को तहरीर दी।

थाना कम्पिल के धौपुरा निवासी सचिन कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल का क्लीनिक नवाबगंज स्थित बबना रोड पर क्लीनिक पर है। सोमवार को वह अपने भाई राहुल कुमार को नवाबगंज से शमशाबाद रेलवे स्टेशन सुबह 5 बजे वाली ट्रेन के लिए छोड़ने जा रहा था। मंजना रोड गढ़िया बबुरारा जाने वाले मार्ग के पास बने प्रतीक्षालय के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई घायल हो गये।



मृतक का फाइल फोटो

सूचना पर परिजन पहुंच गये और 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए ले जाते समय सचिन की मौत हो गई। परिजनों ने घायल राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया तथा सचिन के शव को लेकर घर चले गये। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, हल्का प्रमोद कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक के चचेरे भाई पंकज कुमार ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्ट के लिए भिजवा दिया।

## दबंगों ने सभासद व उसके भाई को पीटा

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेहन्दी बाग निवासी सभासद उत्तम कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा उनका भाई प्रशान्त कुमार फर्रुखावाद जाने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह रेलवे रोड मेरठ कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुँचे, तभी कौशल व अपने भाई सुनील किरायेदार सुरजीत यादव सहित आदि लोगो के साथ घेरकर मारपीट करने लगे। बचाने आये सभासद उत्तम को पीटा और कौशल ने अपनी जेब से चाकू निकाल लिया और सर मे मर दिया तथा जान से मारने की नियत से तमन्चे से फायर किया जिससे सभासद बच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## भैंस को मार रहे बछड़े का विरोध करने पर दबंगों ने युवती को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मोहम्मदाबाद आजाद नगर निवासी अवधेश कुमार पुत्र नरेश चंद ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया की 25 जून को दोपहर 1:00 बजे दरवाजे के सामने उसकी भैंस बंधी थी। पड़ोस में रहने वाले आशीष गुप्ता पुत्र चंद किशोर, विनीत गुप्ता, पंकज गुप्ता जो कि आशीष के भाई हैं का बछड़ा मेरी भैंस को मार रहा था। यह देख मेरी बहन वीनू ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान दरवाजे पर खड़े आशीष से कहा कि तुम हंस रहे हो और मेरी भैंस को तुम्हारा बछड़ा मार रहा है। इस दौरान बछड़े ने मेरी बहन पर हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मैं भागकर पहुंचा और बड़े पत्थर से उसे भगाने का प्रयास किया। यह देख आशीष आगबबूला हो गया और अपने परिजनों को बुला लिया और मेरी बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान पंचायत में इलाज में खर्च होने वाले रुपए देने की बात कही। मेरी बहन की हालत नाजुक है। उसे फर्रुखाबाद से लखनऊ और लखनऊ से नोएडा रेफर कर दिया।

# अन्तर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**एक बाल अपचारी भी शामिल, 18 बाइकें व एक चाबी का गुच्छा तथा 1200 रुपये की नकदी बरामद**



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक



वाहन चोर गिरोह से बरामद की गयीं बाइकें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अन्तर्राज्यीय बाइक चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें एक बाल अपचारी भी है। आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 18 बाइके व एक चाबी का गुच्छा तथा 1200 रुपये की नगदी बरामद हुई। जांच में पता चला कि आरोपी अपचारी पहले भी बाइक चोरी के मामले में दो बाद जेल जा चुका है। आरोपियों पर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन में वार्ता के दौरान बताया कि कम्पिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार, उपनिरीक्षक मंगल सिंह, उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, उपनिरीक्षक यतेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक रवि सोलंकी, उपनिरीक्षक कल्पेश सिंह ने मुखबिर की सूचना पर रुदायन रेलवे स्टेशन तिराहा से उवैश खान उर्फ लालू पुत्र पप्पू निवासी रुदायन, आशीष पुत्र महेश निवासी जिजौटा, जीतेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र रनवीर सिंह निवासी रामपुर गढ़िया पटियाली जनपद कासगंज सहित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से विभिन्न जनपदों से चोरी की गई 18 बाइकें व एक चाबी का गुच्छा तथा 1200 रुपये की नगदी बरामद हुई। बाल अपचारी से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि हम लोग दिन में जनपद व आसपास के जनपदों में घूमफिरकर मंदिर, बाजार व अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पहले बाइक की रैंकी करते है उसके बाद मौका देखकर चोरी कर लेते है। जिसे बेंचकर हम लोग पैसों को आपस में बांट लेते है। आरोपी ने बताया कि हम लोगों ने लखनऊ, मैनपुरी, कासगंज, एटा, बदायूं आदि जनपदों में रैंकी कर बाइकों की चोरी की है। हाल ही में कम्पिल क्षेत्र में ग्यारह मंजिल मंदिर के पास से व कोतवाली क्षेत्र से बाइकें चोरी की थी। पुलिस के अनुसार आरोपी उवैश खान उर्फ लालू पर 7 मुकदमे व जितेन्द्र उर्फ जीतू पर 7 मुकदमे व अन्य की जानकारी की जा रही है, आशीष पर 7 मुकदमे दर्ज है। वहीं बाल अपचारी पर गाजियाबाद कमिश्नरेट सहित अन्य जनपदों में 12 मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# बाढ़ का पानी पैलानी दक्षिण गांव में घुसा, ग्रामीणों बोल मर जाएंगे लेकिन घर छोड़कर नहीं जाएंगे

▶ प्रधान जुबेन खान बोले ग्रामीणों को आगाह कर दिया गया है, लेकिन कोई गांव छोड़ने को तैयार नहीं

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** अब गंगा नदी के पानी का रुख गंगा कटरी में बसे गांव पैलानी दक्षिण की तरफ हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मर जायेंगे, लेकिन घर छोड़कर नहीं जायेंगे। उनका कहना कि बड़ी मुश्किल से एक-एक पैसा जोड़कर अशियाना बनाया। अब उसे छोड़कर कहां जायें।

जानकारी के अनुसार ढाईघाट शमशाबाद की गंगा कटरी में बसे गांव पैलानी दक्षिण के मजरा बांसखेड़ा को बाढ़ के पानी ने अपनी चपेट में ले लिया है। परिणामस्वरुप बाढ़ का पानी पूरे गांव में भर गया। सबसे बड़ी बात यह है इस गांव की आबादी लगभग चार सौ पचास के



पानी से होकर आवागमन कर रहे ग्रामीण



बाढ़ के पानी में डूबी झोपड़ियां

आसपास है। लगभग 2 सैकड़ा आशियाने हैं। बाढ़ का पानी इस कदर दाखिल हुआ लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद हो गए। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी बाढ़ का सैलाब लगातार गांव की ओर बढ़ता ही जा रहा है। आसपास जलभराव होने के साथ-साथ गांव की गलियों से जल सैलाब दाखिल होकर ग्रामीणों के घरों में भरने लगा है। ग्राम प्रधान जुबेर खान ने बताया लगातार हो रहे जलभराव को लेकर ग्रामीणों को आगाह कर दिया गया। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए भी कह दिया गया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है मर जाएंगे लेकिन घर छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कुछ लोगों ने अपने घरों के आसपास मिट्टी की बाढ़ बना ली। जिससे घरों में पानी जाने से रोका जा सके।

बताते हैं ग्रामीण नजम, इसरार, राकेश, बशीर, छोटे, सुकले, इस्पाक तथा यासीन सहित कई लोगों के मकानों में पानी भर गया है। इसके बावजूद भी ग्रामीण गांव छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ग्राम प्रधान ने बताया ग्रामीणों के फरमान को प्रशासनिक अधिकारियों से अवगत करा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है गाढ़ी कमाई के जरिए घर मकान आशियाने तैयार किए। यहां तक की घर गृहस्थी सारी व्यवस्थाएं घरों पर ही, ऐसे हालातों में घर बार छोड़कर जाना कहा तक होगा। लोगों को डर है उनके जाने के बाद घर मकान अराजक तत्वो के शिकार ना हो जाए। बाढ़ पीड़ित लोगों का कहना था घर गृहस्थी का सामान जिसे बड़ी मेहनत से तैयार किया, हजारों, लाखों रुपए खर्च किए भला ऐसे कैसे छोड़कर जाया जाए। ग्राम प्रधान जुबेर खान ने बताया बाढ़ के चलते चारों तरफ जल सैलाब देखा जा रहा है।

घर मकान खेत खलिहान सब कुछ डूबे हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि पशुओं के लिए चारे पानी की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। चारे के लिए किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालक नाव अथवा बैल गाड़ियों के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले समय में हालात और भी भयावह होंगे। यह सोचकर ग्रामीणों की दिन का चैन व रातों की नींद उड़ गयी है।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने सट्टे की खाईवाड़ी करते एक को दबोचा

**कायमगंज (सं.)।** कस्बा चौकी इन्चार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी उप निरीक्षक राज कुमार तथा कांस्टेविल विनीत कुमार के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सट्टे की खाईवाड़ी करते समय मोहल्ला चिलाँका से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से सट्टा पर्ची व 550 रुपये वरामद किये। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दिनेश पुत्र मौजीलाल निवासी चिलांका थाना कायमगंज बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 13जी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट मे पेश किया

## मंजनू को पुलिस ने दबोचा

**कायमगंज (सं.)।** आने जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कस रहे एक मनचले युवक को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कायमगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक नीतू यादव मय हमराह महिला कांस्टेबिल मेघा, कास्टेबिल अरुण कुमार को साथ लेकर कायमगंज नगर के ट्रान्सपोर्ट चौराहा पर गस्त कर रहे थे, तभी युवक आने जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को देखकर कमेन्ट बाजी कर रहा था तथा अश्लील गाने व अश्लील फब्तिया कस रहा था। जिसकी शिकायत पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस ने बस स्टेन्ड से मनचले को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गई, तो उसने अपना नाम सोनू पुत्र सर्वेश कुमार निवासी ग्राम देवपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## बच्ची करंट से झुलसी

**कायमगंज (सं.)।** बच्ची को करंट लगने से उसकी हाल बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उसे भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के गॉव महमदीपुर निवासी रक्षपाल की 9 वर्षीय पुत्र नैना को करंट लग गया। उसे गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये।

## छत से तीन गिरे, दो गंभीर

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव नगला तरा निवासी भूप सिंह का 4 वर्षीय पुत्र रिओ थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव चंदुईया निवासी रंजीत, रायपुर निवासी महनाज छत से गिरकर घायल हो गयीं। दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद रिओ व रंजीत को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## दो ने पिया जहर, हालत गम्भीर

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी मुरारी व क्षेत्र के गांव गंधिया निवासी कोमल ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को लोहिया रेफर कर दिया गया।

## वृद्धा समेत दो की मौत



**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर नगर के साईधाम कालोनी निवासी कमला व राजा का रामपुर के गांव विजयपुर निवासी रोशन सिंह की अचानक हालत बिगड़ गयी। दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में पूरे दिन भक्तों का लगा रहा तांता, गूंजते रहे बम-बम भोले के जयकारे

▶ भक्तों ने उपवास रखकर की शिव की आराधना
▶ कई भक्त कांवर लेकर गोलागोकर्णनाथ के लिए हुए रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सावन के दूसरे सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और उनको वेलपत्र, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। वहीं कई भक्तों ने गंगा स्नान कर वहां से लाये गये जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे।

आज सावन का दूसरा सोमवार होने के चलते शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह भक्तों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया और उनको



पांडेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



भगवान भोलेनाथ की झांकी

वेलपत्र, धतूरा, पुष्प, भांग आदि अर्पण किये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। जिससे भक्तों को दर्शन करने में अपनी-अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बेरीकेडिग कर भीड़ को नियंत्रित किया और महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाकर दर्शन करवाये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर, भोलेपुर स्थित भगवान शिव के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम के समय मंदिरों में भगवान शिव की वेलपत्र, भांग आदि से मनमोहक झाकियां सजायी गयीं और रंग बिरंगी आकर्षक झालरें लगायी गयीं। जिससे भगवान भोलेनाथ की नैयनाभिराम झांकी देखते ही बनती थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।

# शिक्षक घर-घर जाकर नामांकन के लिए अभिभावकों को करेंगे जागरुक

▶ परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर अब माध्यमिक विद्यालयों में भी चलेगा छात्र-छात्राओं के लिए एडमीशन अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाने के लिए 31 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

इस अनुपालन में महानिदेशक विजय किरन आनन्द ने पत्र जारी कर निर्देश दिये हैं। विशेष नामांकन के तहत कक्षा 8 पास छात्र-छात्राओं का नजदीक के राजकीय सहायता प्राप्त स्ववित्तपोशी माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश कराया जायेगा। सूत्रों के अनुसार राजकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या कम होने से सीटें खाली रह जाती हैं और निजी कालेजों की ओर विद्यालयों का झुकाव ज्यादा रहता है। ऐसी स्थिति में शासन ने परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर अब माध्यमिक विद्यालयों में भी नामांकन बढ़ाने का अभियान चलाने का निर्देश जारी किया है। सरकार की इस नई व्यवस्था के तहत राजकीय इंटर कालेज के अध्यापक, अध्यापिकायें घर-घर जाकर अभिभावकों को उनके बच्चों का एडमीशन कराने के लिए जागरुक करेंगे। कक्षा 8 पास छात्र-छात्राओं को नजदीक के राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जायेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इस तरह का अभियान पहली बार चलाया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष दुबे व संयुक्त मंत्री सतेंद्र सिंह ने सरकार के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ेगी और खाली पड़ी सीटों की भरपाई हो जायेगी।

# भू-जल सप्ताह के तहत छात्राओं ने निकाली रैली




रैली में भाग लेती छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में सोमवार को भू-जल सप्ताह 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत पूनम शुक्ला ने उत्तर प्रदेश में भूगर्भ जल संपदा के महत्व के प्रति जन जागरुकता सृजित करते हुए छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली का संचालन पूनम शुक्ला व ईको क्लब प्रभारी पारुल जैन के अलावा जया सिंह व राधा दीक्षित ने किया। छात्राओं ने खतराना से होली मैदान होते हुए लोहाई रोड तक रैली निकालकर स्लोगन के साथ नारे लगाये।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में पर्यवेक्षक ने सौंपा पैनल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी में शीघ्र ही उलटफेर होने वाला है। संगठन को नया जामा पहनाने के लिए प्रदेश में लगभग 70 जिलाध्यक्षों में बदलाव शीघ्र होने वाला है। जिसके तहत फर्रुखाबाद में नया जिलाध्यक्ष कौन बनेगा, इसके लिए 25 जुलाई तक रास्ता साफ हो जायेगा। बीते दिनों पर्यवेक्षक के रुप में आये पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने आधा सैकड़ा लोगों के अलग-अलग साक्षात्कार लिये। पार्टी कार्यालय आवास विकास में बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं ने अपने साक्षात्कार दिये थे। सत्ता दल के जिलाध्यक्ष बनने के लिए नेताओं में होड़ लग गयी। जो अपने आपको रिटायर मानने लगे थे वह भी जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए साक्षात्कार दिया। स्पष्ट रुप से किसी की हामी नहीं भरी गयी और पर्यवेक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दी। जिलाध्यक्ष बनने वाले नेता अपनी पैरवी में लग गये हैं। जबकि जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता रिपीट होने का मन बनाये हुए हैं। पूर्व जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह राठौर व किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 बी.के. गंगवार का नाम जिलाध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 भूदेव राजपूत, आदित्य मिश्रा, फतेहचंद्र वर्मा, धीरेंद्र वर्मा, डीएल राठौर, हिमांशु गुप्ता, भाष्करदत्त द्विवेदी, सत्यपाल सिंह आदि लोग जिलाध्यक्ष बनने के लिए रेस में शामिल हैं।

जिलाध्यक्ष की ताजपोशी के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने अपना पैनल तैयार कर लिया है। बस घोषणा बाकी है। देखना है कि इस बार जिलाध्यक्ष की दौड़ में कौन बाजी मारता है। पर्यवेक्षक ने भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में नेताओं का पैनल प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दिया है।

# योग दिवस पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बांटे गये प्रमाण पत्र



कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र-छात्रायें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 9 जून को जिलाधिकारी ने आहुत कराया था। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। पोस्टर, रंगोली, स्लोगन एवं योगाभ्यास आदि प्रतियोगिताओं में सहभागियों को जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 विजय कुमार यादव, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 दीसी त्रिवेदी, नोडल अधिकारी डा0 संतोष कुमार मिश्रा के अलावा महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत व योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी आदि लोगों की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं के अलावा भाग लेने वाले अन्य लोग भी सम्मानित किये गये। आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं नर्सिंग पैरामेडिकल कालेज का स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें व आयुष विभाग के लोग शामिल हुए। सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट कर्मचारी मौजूद रहे।